माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 2 , अंक 182 , पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 2

एक नजर

बीआरएस नेता को पूछताछ को तलब किया

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली आबकारी नीति 'घोटाला' मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी और बीआरएस नेता के. कविता को अगले सप्ताह तलब किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि कविता को सोमवार को यहां सीबीआई मुख्यालय में जांच टीम के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। एजेंसी ने इससे पहले दिसंबर, 2022 में हैदराबाद में कविता के आवास पर उनका बयान दर्ज किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी विजय नायर ने आम आदमी पार्टी नेताओं को पहुंचाने के लिए 'साउथ ग्रुप' नामक समूह से कम से कम 100 करोड़ की रिश्वत ली थी।

विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला। संदेश में दावा किया गया था कि इसे विद्या बालन ने भेजा है और वह उनसे (स्टाइलिस्ट) काम के बारे में चर्चा करना चाहती हैं।

बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था। चीकू एक गैंगस्टर के साथ ही बिश्नोई एवं खालिस्तानी आतंकवादी समूहों का करीबी सहयोगी भी है।

यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

मुरादाबाद। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया : केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।

पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदू- टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे

- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

मुंबई। जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

55 लाख
से अधिक परीक्षार्थी
8265
केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

अमृत विचार : प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे राहुल युवाओं से बोले, जितना चिल्लाना हो चिल्लाओ रोजगार नहीं मिलेगा

नए भारत के नए राजा आपको जीने नहीं देंगे : राहुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

कानपुर में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी।

- घंटाघर पर सभा में चंद उद्योगपतियों पर निशाना साधते हुए पिछड़े, दलितों अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के लिए आबादी के मुताबिक हक मांगा

अमृत विचार : अंबानी, अडानी, टाटा और बिरला जैसे चंद उद्योगपति आज नए भारत के राजा-महाराजा बनकर देश पर राज कर रहे हैं। आपको सताया जा रहा है। आप लोग इनकी कंपनियों में खून-पसीना देते हो, लेकिन नौकरी से आपको ही निकाला जाता है। यह बात बुधवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर कानपुर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने घंटाघर में एकत्र जन समूह को संबोधित करते हुए कही।

राहुल गांधी लखनऊ से उन्नाव होते हुए शुक्लागंज पुल के रास्ते यात्रा लेकर सुबह 11.45 बजे कानपुर पहुंचे। झाड़ी बाबा पड़ाव पर स्वागत के बाद पनचक्की, नरौना चौराहा, घसियारी मंडी और हूलागंज चौराहा होते हुए यात्रा घंटाघर पहुंची। यहां भारत माता मंदिर पर राहुल गांधी ने जैसे ही जनसभा को संबोधित करना शुरू कर दिया, एक कोने में एकत्र कुछ युवाओं ने रोजगार को लेकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि जितना चिल्लाना है, चिल्लाओ लेकिन मोदी सरकार में आपको रोजगार नहीं मिलेगा। नौकरी के नाम पर पहले भर्ती निकाली जाती है, फिर पेपर लीक कराए जाते हैं। पिछड़े और दलित लोगों की सबसे ज्यादा भर्ती सेना में होती थी। लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर यह रास्ता भी बंद कर दिया है। आज पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासी समाज को कहीं से भी न्याय नहीं मिल रहा है। इसका सबसे कारण संसाधनों और संस्थानों में उनकी आबादी के मुताबिक भागीदारी नहीं होना है। जनसंख्या के लिहाज से पिछड़े 50 फीसदी, दलित 15, अल्पसंख्यक 15 और आदिवासी आठ फीसदी हैं। यह आबादी करीब 90 प्रतिशत होने के बावजूद देश की 200 बड़ी कंपनियों में इनकी संख्या जीरो, ब्यूरोक्रेसी में जीरो, मीडिया संस्थानों और न्याय पालिका तक में जीरो है। ऐसे में जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है।

ब्रिटेन की संसद में मनाया जे एंड के संकल्प दिवस

लंदन, एजेंसी

- विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' का आयोजन

विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया।

मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है। इसने मीरपुर-मुजफ्फराबाद तथा गिलगित और बाल्टिस्तान को पुनः प्राप्त करने के भारत के अधिकार पर जोर दिया, जो पाकिस्तानी आक्रमण का शिकार हुए थे। जेकेएससी-यूके ने एक बयान में कहा कि सभी सांसदों ने साझा अंतर्दृष्टि के लिए सराहना की और जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए इस तरह के आयोजनों को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया, एक ऐसा परिप्रेक्ष्य जो अक्सर मुख्यधारा के विमर्श में शुमार नहीं होता है। उन्होंने इस विषय पर जारी बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन

नई दिल्ली। कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।

इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा

लखनऊ। सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही शृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में

दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक शृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ शृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने

कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस शृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस शृंखला के लिए अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

खेल डायरी

शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

रियो डी जनेरियो। दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

कार्सन (अमेरिका)। ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उतरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप: भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में

बुसान (दक्षिण कोरिया)। हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले ही

उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई: गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की शृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस शृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस

● हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'

विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएंगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने शृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर

से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।

पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका

(79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

बॉलीवुड हलचल

फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना

अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी

मुंबई, एजेंसी। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

विक्की ने अवार्ड सेना को किया समर्पित



मुंबई, एजेंसी। अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

वाहन की टक्कर से साइकिल सवार घायल

पुखरायां। वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। मूसानगर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी गजराज सिंह ने बताया कि उनके भाई करन सिंह (70) साइकिल में सवार होकर अपने खेत की रखवाली के लिए गए थे। जहां से वापस आते समय गांव के पास मुगल रोड पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉ. आरती सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

ट्रकों की भिड़ंत में चालक व क्लीनर घायल

रनियां। जनपद हमीरपुर निवासी ट्रक ड्राइवर विमल कुमार अपनी ट्रक लेकर अकबरपुर से कानपुर की ओर जा रहा था। तभी अचानक आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे चल रहे उक्त ट्रक का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में ड्राइवर व क्लीनर ओम बाबू घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजा।

खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक, दो की मौत

दो घायल अस्पताल में भर्ती, शादी में शामिल होकर घर लौटते समय विसायकपुर के पास हुआ हादसा

संवाददाता रनियां

अमृत विचार। खड़े ट्रक में पीछे से बाइक भिड़ गई, जिससे बाइक सवार एक किशोर व एक युवक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए। सभी शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। हादसा विसायकपुर के पास एक ढाबा के समाने हाईवे पर हुआ।

रनियां कस्बे के लक्ष्मीबाई नगर मोहल्ला निवासी श्रीकांत के पुत्र आदित्य गौतम (17) अपने सगे भाई अमन गौतम (22), पड़ोस के अजय गौतम (21) व ज्ञानू गौतम (20) के साथ एक बाइक में सवार होकर क्षेत्र के चिरौरा गांव निवासी अपने रिश्तेदार की बेटी के शादी समारोह में शामिल होने गए थे। मंगलवार की मध्य रात्रि में वापस घर जाते समय विसायकपुर के पास एक ढाबा के सामने हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार चारों युवक भिड़कर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल अकबरपुर भिजवाया। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने अजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि आदित्य की कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं अमन को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। ज्ञानू का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी होने पर मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अजय दो भाई व तीन बहने थीं। सीओ तनु उपध्याय ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

आदित्य।

अजय।

एक ही बाइक पर थे सवार

देर रात रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर के पास हुई घटना में चारों एक ही बाइक पर सवार होकर घर वापस जा रहे थे। लोगों में चर्चा रही कि हादसे का कारण क्षमता से अधिक लोगों के बैठने का भी एक कारण था। अगर नियमानुसार बाइक में सवार होते तो शायद जान बच सकती थी।

युवक की मौत पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

मृतक आदित्य को देनी थी इंटर की परीक्षा

सड़क हादसे में मृत आदित्य इंटरमीडिएट का छात्र था। उसकी गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की परीक्षा थी। मृतक आदित्य का बड़ा भाई अमन भी हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका इलाज कानपुर हैलट अस्पताल में चल रहा है। हादसे में पिता श्रीकांत, मां गायत्री, छोटी बहन मुस्कान समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हाईवे किनारे खड़े ट्रक देते हैं हादसों को दावत

राष्ट्रीय राजमार्ग तीव्र गति से चलने योग्य बनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है, लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है। सड़क किनारे चालक अपने वाहन अक्सर रात में बेतरतीब ढंग से खड़ा कर देते हैं जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। जिसमें लोगों की जान भी जा रही है। हाईवे पर अवैध तरीके से वाहनों की पार्किंग का नजारा बारा टोल प्लाजा से लेकर औद्योगिक क्षेत्र रनियां व जनपद की सीमा रायपुर तक आए दिन देखी जा सकती है।

सपना।

मौत पर गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता पुखरायां

- कमरे में लगे पंखे पर साड़ी का फंदा लगाकर लगाई फांसी

अमृत विचार। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा निवासी एक महिला का शव संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू की है।

कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के परास निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि उन्होंने भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के अमरौधा कस्बा के पटेल नगर निवासी रामू से 17 अप्रैल 2015 को अपनी पुत्री सपना (28) की शादी की थी। रामू मुंबई में रहकर काम करता है। बुधवार को उन्हें रामू के भाई पुत्तीलाल ने फोन करके बताया कि पुत्री सपना ने घर में कमरे के अंदर साड़ी का फंदा बनाकर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है। जानकारी मिलते ही परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतका के पुत्र राज, कार्तिक, पुत्री तनिया समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

वाहन की चपेट में आने से कंडक्टर की मौत

संवाददाता सिकंदरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक पेट्रोलपंप के सामने नेशनल हाईवे पर वाहन की चपेट में आकर कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के कानपुर-औरैया नेशनल हाईवे पर एक पेट्रोल पंप के सामने बुधवार भोर को मैनपुरी निवासी राजेश (50) को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में चिकित्सक ने राजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पास मिले कागज से सूचना मैनपुरी निवासी किशन सिंह को दी। किशन ने बताया वह ट्रक चालक है। 25 साल पहले मृतक उन्हें आगरा में मिला था। उसके अनाथ होने पर वह उसे घर ले आए थे और गाड़ी में कंडक्टरी करने लगा था। बाद में वह किशन सिंह के बेटे रवि के साथ कंडक्टरी करने लगा था। चार माह से वह अलीगढ़ के किसी ट्रक चालक के साथ कंडक्टरी कर रहा था। संभावना है कि किसी ट्रक चालक के साथ आया होगा और हादसे का शिकार हो गया। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मवेशी को बचाने में दो बाइक सवार गंभीर घायल

सिकंदरा। दयानतपुर गांव के समीप नेशनल हाइवे पर कानपुर से औरैया की ओर जा रहे बाइक सवार आवारा पशुओं को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल जनपद औरैया के दिबियापुर रोड बिधूना निवासी नीतेश (35) और बेदांत (30) बाइक पर सवार होकर कानपुर से औरैया की ओर आ रहे थे।

तेज हवा के साथ बारिश-ओले, रबी फसलें चौपट

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले में मंगलवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवा के साथ गरज चमक से बारिश शुरू हो गई। वहीं रसूलाबाद क्षेत्र में जोरदार ओलावृष्टि होने से रबी सीजन की फसलों को खासा नुकसान पहुंचा है। अन्य क्षेत्रों में भी तेज हवा के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई है।

मंगलवारवार शाम करीब पांच बजे से अकबरपुर, बारा, नबीपुर, रनियां आदि क्षेत्रों में तेज गरज-चमक के साथ बारिश प्रारंभ हो गई। ऐसे में पिछले कई दिनों से गिर रहे तापमान में फिर से ठंडक हो गई। वहीं क्षेत्र में तेज गरज-चमक के साथ करीब आधा घंटे तक बारिश होने से फसलों को खासा नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही रात में रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के नौहानौगांव, अंता, घाघू, बरिगौ, नैला समेत कई गावों में तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे गेहूं, चना, सरसों, आलू समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर दिखाई दे रही है। नौहानौगांव निवासी किसान मनमोहन सिंह (बब्बू), अवनीश सिंह, ओपी, रविंद वर्मा संतोष राठौर आदि ने बताया कि ओलावृष्टि होने से सरसों व गेंहू की फसल बर्बादी कगार पर पहुंच गई है। अंता निवासी किसान राम आसरे, राजू, रामप्रसाद आदि ने बताया कि बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि होने से रबी की फसलों में भारी नुकसान हुआ है। इसी तरह राजपुर क्षेत्र में बड़ी बूंदों के साथ तेज बारिश हुई।

रसूलाबाद क्षेत्र में गिरे पड़े ओले। अमृत विचार

बारिश-ओलावृष्टि से रसूलाबाद क्षेत्र में गिरी फसल।

राजपुर क्षेत्र में गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

कल भी बारिश-ओलावृष्टि की संभावना

मंगलवार रात हुई तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि से परेशान किसानों को फिलहाल राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। कानपुर सीएसए के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन स्थानीय स्तर पर आसमान में बादल छाए रहने के आसार जताए हैं। साथ ही 23 फरवरी को तेज़ हवाओं के साथ गरज-चमक एवं ओलावृष्टि संग हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

चमक विहीन हो जाएगा गेहूं का दाना

जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि जिन क्षेत्रों में गेहूं की फसल पकने की अवस्था में पहुंच गई है। वहां पर यदि बारिश हुई तो दाने की चमक प्रभावित हो जाएगी। गेहूं की फसल तेज हवा और बारिश से यदि खेतों में बिछ गई है तो उसमें दाना भरने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। ऐसे में दाना बारीक रह जाता है। वहीं किसानों का कहना है कि गेहूं कि फसल पकने की अवस्था में आ गई है।

ओलावृष्टि से तीन राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

रसूलाबाद। तहसील क्षेत्र में मंगलवार रात हुई ओलावृष्टि से अंता गांव में तीन राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हो गई। जबकि एक मोर घायल हो गया। बुधवार सुबह खेतों पर गए ग्रामीणों ने मोरों के शव पड़े देखकर वन अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पर वन दरोगा सुधर सिंह पहुंचे। उन्होंने बताया कि तीन राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत व एक घायल अवस्था में मिला है। घायल का उपचार कराया गया है। जबकि तीन के शवों का पोस्टमार्टम कराकर क्षेत्रीय वन कार्यालय रसूलाबाद में दफन करा दिया गया है।

फसल नुकसान की बीमा कंपनी को 72 घंटे में दें सूचना

कानपुर देहात। उप कृषि निदेशक राम बचन राम ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत गेहूं, चना, राई, मटर एवं मसूर आदि फसलें ग्राम पंचायत स्तर पर अधिसूचित हैं। ऐसे में किसान असमय ओलावृष्टि, बारिश आदि से हुई फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए नामित बीमा कंपनी एचडीएफसी ईर्गो लिमिटेड के टोल फ्री नंबर 18002005142 या फसल बीमा कंपनी के जनपद प्रतिनिधि मनीष कुमार के मोबाइल नंबर 8303300845 पर लिखित सूचना दे सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपनी बैंक शाखा, जिला कृषि अधिकारी व उप कृषि निदेशक कार्यालय माती विकास भवन में भी लिखित रूप में भी प्रार्थना पत्र भी उपलब्ध कराकर सूचना दे सकते हैं। नुकसान का भौतिक सत्यापन कराकर क्षतिपूर्ति का भुगतान बीमा कंपनी से कराया जाएगा।

कक्ष में नहीं पहुंचे शिक्षक, बच्चे बैठे रहे

संवाददाता राजपुर

अमृत विचार। यमुना तलहटी किनारे बसे गांवों के परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षक शिक्षण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं।

अमरौधा ब्लॉक के खरका गांव के संविलियन विद्यालय में प्रधानाध्यापक अब्दुल रहमान समेत शिक्षक पीएल शर्मा, अनुरुद्ध सिंह, सुमित सचान, अखिलेश कुमार व शिक्षामित्र शिल्पी देवी की तैनाती है। बुधवार को प्रधानाध्यापक अब्दुल रहमान व शिक्षामित्र शिल्पी देवी ही विद्यालय पहुंची। जबकि अन्य शिक्षक विद्यालय में नहीं थे। कक्षा पांच में प्रधानाध्यापक अब्दुल रहमान व कक्षा दो में शिक्षामित्र बच्चों को पढ़ा रही थी। जबकि अन्य कक्षाओं में बच्चे शिक्षकों के इंतजार में बैठे रहे। कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रधानाध्यापक ने दो विषय की पढ़ाई कराई थी। अन्य शिक्षक विद्यालय में नहीं आए हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक अनुरुद्ध सिंह, सुमित सचान व अखिलेश कुमार की बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगाई गई है। जबकि पीएल शर्मा अवकाश पर है। वहीं गांव के रूप सिंह ने बताया कि संविलियन विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक के अलावा शिक्षक शिक्षण आए दिन नदारद रहते हैं और एक या दो दिन ही स्कूल आते हैं। शिक्षकों के लापरवाही की शिकायत जिले के अफसरों से कई बार की गई है। मामले में अमरौधा ब्लॉक के बीईओ ईश्वर चंद्र से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

शिक्षक के इंतजार में बैठे खरका संविलियन विद्यालय के छात्र। अमृत विचार

- बीहड़ पट्टी के स्कूलों में शिक्षण कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं शिक्षक

आंगनबाड़ी केंद्र से कार्यकर्ता और सहायिका नदारद

राजपुर। अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र के आगनबाड़ी केंद्र से कार्यकर्ता व सहायिका नदारद मिली।

बुधवार को अमरौधा ब्लॉक क्षेत्र के बीहड़ पटटी स्थित खरका के प्राइमरी स्कूल में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में न तो कार्यकर्ता केंद्र में बच्चों को पढ़ाने पहुंची और न ही सहायिका। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे खेलते मिले। यहां आगनबाड़ी कार्यकर्त्री सुनीता देवी की रिश्तेदार युवती बच्चों के पास बैठी मिली। युवती ने बताया की कार्यकर्ता उसकी बड़ी मां है, आज वह बीमार थी इसिलए वह आई है। मामले में अमरौधा ब्लॉक के सीडीपीओ समर बहादुर ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में बगैर छुट्टी के आगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का न पहुचना लापरवाही है।

सीएचसी से डॉक्टर गायब, मरीज भटके

संवाददाता शिवली

- अफसरों के तमाम प्रयासों पर भी नहीं सुधर रही व्यवस्था

अमृत विचार। अफसरों के लाख प्रयासों के बाद भी सरकारी अस्पतालों की दशा नहीं सुधर पा रही है। डाक्टर मनमानी पर आमादा हैं। बुधवार को शिवली में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर व वार्ड ब्याय के अलावा सीएचसी अधीक्षक समेत सभी डॉक्टर व कर्मी गायब रहे और मरीज भटकते रहे।

शासन प्रशासन कितना भी जोर लगाए लेकिन डॉक्टर्स ड्यूटी के दौरान गायब होने से बाज नहीं आ रहे। इसकी एक बानगी बुधवार सुबह साढ़े दस बजे शिवली सीएचसी में देखने को मिली। यहां सुबह से मरीज तो आए लेकिन यहां तैनात अधीक्षक डॉ. राशि जैन समेत डाक्टर शनी यादव, डॉ. सुमित कुमार, डॉ. सिंधूजा सिंह, डॉ. सुरभि खत्री, डॉ. नेहा जैन, डॉ. संध्या, डॉ. सोनम कटियार समेत सभी कर्मचारी गायब थे। यहां इलाज के लिए शिवली के अनीस अहमद, विजय शंकर, नीलम गुप्ता, दीपू पांडेय, सुधांशु, पुष्पा, आरती, प्रज्ञा छोटे खान डाक्टर न होने से इंतजार करते रहे। इस बावत अस्पताल अधीक्षक डॉ. राशि जैन ने बताया कि वह डे-आफ पर थी। अन्य डाक्टरों के अस्पताल न आने की जानकारी नहीं है। जो डाक्टर्स गायब थे उनसे जबाव मांगा जाएगा।

सार-संक्षेप

पीएम व सीएम को अभिनंदन पत्र भेजते भाजपा सभासद। अमृत विचार

भाजपा सभासदों ने पीएम व सीएम को भेजा अभिनंदन पत्र

कानपुर देहात। बुधवार को अकबरपुर नगर पंचायत में भाजपा सभासदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अभिनंदन पत्र भेजा। अकबरपुर नगर पंचायत के सभासद सुनील राजपूत, निर्लेप बबलू भारती, मीरा देवी, शिव सिंह नायक ने विश्व मैत्री का संदेश देने वाले सर्वाधिक सम्मानित राजनेता एवं प्रधानमंत्री को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लोकार्पण व रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के भव्य समारोह में मुख्य रूप से भाग लेने पर हार्दिक अभिनंदन प्रस्ताव किया।

राज्यमंत्री को राजकीय कॉलेज में बंधी मिलीं बकरियां

रनियां। राजकीय इंटर कालेज का राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय की स्थिति खराब मिली और अंदर बकरियां बंधी मिली। विद्यालय का शिलान्यास 2019 में हुआ था और पौने तीन करोड़ की लागत से बना है। राज्यमंत्री को विद्यालय की छत में दरारें मिली और चारों तरफ केमिकल युक्त पानी भरा था। अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। नए सत्र अप्रैल से विद्यालय शुरू करने को कहा।

उठीं समस्याएं अकबरपुर सांसद की अध्यक्षता में हुई निगरानी समित की बैठक, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

खराब हैंडपंप, क्षतिग्रस्त सड़कों का उठाया गया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

अमृत विचार। जिला समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अकबरपुर सांसद की अध्यक्षता में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक के अनुपालन की समीक्षा विभागवार की गई। जिसमें सदस्यों ने जनहित से जुड़े मुद्दों को उठाया।

बुधवार को दिशा की बैठक में सदस्यों ने जनहित के मुद्दे उठाते हुए सांसद देवेंद्र सिंह भोले से खराब हैंडपंप, पानी की टंकी, सड़क पुनर्निर्माण आदि की शिकायत की। अभियंता जल निगम ने बताया कि जनपद में संचालित 504 परियोजनाओं में से 417 में पाइपलाइन टेस्टिंग का कार्य किया जा चुका है। 36 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। जहां पर क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरस्त भी करा लिया गया है। जिन स्थानों पर जमीन विवाद के संबंध में शिकायत आ रही हैं। उनका निस्तारण भी कराया जा रहा है। कोरारी गांव में जमीन चिंहित कर ली गई है। नगर पंचायत विस्तारित क्षेत्र में पाइपलाइन द्वारा जल आपूर्ति के संबंध में भी सदस्यों ने शिकायत की। जिसपर डीएम आलोक सिंह ने संबंधित को डीपीआर बनाकर उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। विद्युत से संबंधित मामलों की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि जिन लोगों पर बिल जमा करने के बाद भी विजिलेंस टीम ने जुर्माना लगाया है। उसकी जांच कराकर रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। पुखरायां पालिका रोड से किसान केंद्र तक रोड़ पर जलभराव की शिकायत रखने पर अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नाला निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शीघ्र ही नाले का निर्माण कराया जाएगा। डीएम ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में यदि किसी दूसरे विभाग से संबंधित कोई प्रकरण हो, तो नगर उससे एनओसी प्राप्त कर समस्या का समाधान करें। इस दौरान राजपुर क्षेत्र के भाल गांव से किशनपुर तक सड़क निर्माण, अकबरपुर से माती मुख्यालय तक रोड चौड़ीकरण, अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस रोड निर्माण के लिए सदन के सम्मुख प्रस्ताव रखे गए। जनप्रतिनिधियों ने सीएसआर के बैठक में आमंत्रित किए जाने का मुद्दा उठाया। ताकि सीएसआर से प्राप्त धनराशि का उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं में हो सके। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि वर्ष में सीएसआर की दो बैठकर आयोजित की जाती हैं। आने वाले बैठक में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। सदस्य गुड्डन सिंह ने बताया कि अकबरपुर में बस अड्डे का निर्माण तेजी से हो रहा है। सदस्यों ने पीएचसी पर एक्स-रे मशीन उपलब्ध न होने, सीएचसी पर डॉक्टरों की कमी आदि के मुद्दे उठाए। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि शासन से लगातार नए डॉक्टरों की मांग की जा रही है। बैठक में नगर पालिका पुखरायां में पटेल चौक के पास अंडरपास या चौड़ीकरण की मांग की गई। एनएचएआई अधिकारियों ने बताया कि प्रकरण शासन स्तर पर भेजा गया है। बाद में सांसद ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित नेयवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा सीएसआर योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा सबमर्सिबल पंप एवं पेयजल आपूर्ति का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार, सीडीओ लक्ष्मी एन. आदि मौजदू थे।

दिशा की बैठक में मौजूद सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात

पत्रांक- 1023/न0पं0मूसा0/ ई -निविदा सूचना - सी. एम. एन.एस.वाई. /2023-24 दिनांक : 21/02/2024

ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 22/02/2024. को आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित समस्त विवरण नियम व शर्ते वेबसाइट (www.etender.up.nic.in) पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना जाना अनिवार्य है ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी कानपुर के घंटाघर पहुंचे तो हजारों लोगों ने जिंदाबाद का नारा बुलंद किया। अमृत विचार

उन्नाव से कानपुर आई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। अमृत विचार

90 फीसदी को हिस्सेदारी के लिए राहुल ने झकझोरा

जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे से पता चलेगा किसके पास कितना पैसा ○ कैसा रामराज, जहां 90 फीसदी बेरोजगार

जीप पर बैठकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने घंटाघर पर एकत्र जनसमूह को अपने संबोधन में मौजूदा सरकार के खिलाफ लगातार झकझोरने का प्रयास किया। घंटाघर पहुंचते ही बिना किसी औपचारिकता के उन्होंने लोगों का अभिवादन किया और अपने वाहन से ही माइक संभाल कर बोलना शुरू कर दिया। उनका पूरा फोकस पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी के अलावा बेरोजगार युवाओं पर रहा। इसके सहारे ही उन्होंने लोगों को सत्ता परिवर्तन के लिए जोड़ने की कोशिश की।

राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरूआत भारत जोड़ो के बाद न्याय यात्रा निकालने का कारण बताने से की। इस दौरान उन्होंने जैसे ही यह कहा कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं, तो जनसमूह ने शोर मचाकर उनकी बात को समर्थन दिया। राहुल गांधी ने कहा कि देश में करीब 90 फीसदी आबादी पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों की है, लेकिन उन्हें अपनी भागीदारी के हिसाब से देश में हिस्सेदारी नहीं मिल रही है। इसके लिए कांग्रेस सत्ता में आई तो जातीय जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे कराया जाएगा ताकि पता चल सके कि पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों व आदिवासियों के पास कितना धन-संपदा है और चंद उद्योगपतियों के पास कितना पैसा है। आज कुछ उद्योगपति हिंदुस्तान के राजा बन बैठे हैं। जातीय जनगणना और आर्थिक सर्वे कराने से ही देश की प्रगति संभव है। भाजपा ने देश में नफरत फैला रखी है। उन्होंने जनता से पूछा कि यह कैसा रामराज है, जहां 90 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है। ट्रेनों व बसों में धक्के खाते हुए युवक परीक्षा देने जा रहे, बाद में पेपर लीक हो जा रहे हैं। देश भाषा, समुदाय, धर्म की नफरत से नहीं बल्कि भाईचारे से चलता है। यूपी, बिहार, नागालैंड, मणिपुर में क्या हो रहा है, किसी से छिपा नहीं है।

39 वें दिन भारत जोड़ो न्याय यात्रा कानपुर आई

06 ठवां दिन रहा प्रदेश में राहुल की यात्रा का

11 किलोमीटर न्याय यात्रा ने शहर में तय किया सफर

10 मिनट का संबोधन किया कांग्रेस नेता ने घंटाघर में

राम मंदिर के उद्घाटन में गरीब, मजदूर, किसान व भूखे नहीं दिखे

कांग्रेस नेता ने लोगों से कहा कि आपने टीवी पर देखा होगा राम मंदिर में कितने भव्य तरीके से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया, लेकिन क्या कोई पिछड़ा, दलित, आदिवासी वहां देखने को मिला। आदिवासी समाज की राष्ट्रपति को मंदिर में प्रवेश नहीं किया करने दिया गया। मंदिर में सिर्फ मोदी, अंबानी व अडानी जैसे लोगों को ही देखा गया। गरीब, मजदूर, किसान, भूखे-नंगे लोग वहीं कहीं नहीं दिखाई पड़े।

राहुल गांधी के वाहन पर शहर अध्यक्ष नौशाद आलम के साथ कांग्रेस सचिव अजय कपूर शामिल रहे। घंटाघर चौराहे के निकट राहुल की गाड़ी में आलोक मिश्रा, विकास अवस्थी, जेपी पाल, अंबरीष सिंह को भी बुलाकर जगह दी गई।

राहुल को कृष्ण और अजय राय को अर्जुन दिखाया

कानपुर। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मार्ग पर लगी एक होर्डिंग चर्चा में रही। कांग्रेस के उत्साही कार्यकर्ता ने इस होर्डिंग में महाभारत के दृश्य से प्रेरित होकर राहुल गांधी को श्रीकृष्ण की तरह रथ का सारथी और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अर्जुन के रूप में दिखाया। इस होर्डिंग के निहितार्थ निकाले जाते रहे। यह होर्डिंग छावनी क्षेत्र, मॉल रोड और घंटाघर के पास लगी देखी गईं। इनको पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला की तरफ से लगाया गया था। उनकी फोटो पोस्टर में नीचे लगी थी।

राहुल ने की बद्री नारायण के पौत्र से बातचीत

कानपुर। राहुल गांधी को प्रयाग नारायण शिवाला निवासी मानस संगम के संस्थापक और वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ.बद्री नारायण तिवारी के निधन की जानकारी दी गई तो उन्होंने फोन पर परिवार से बात की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि राहुल ने स्वर्गीय बद्री नारायण के पौत्र अभिनव तिवारी से बात करके शोक संवेदना व्यक्त की और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी तथा महासचिव अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से संवेदना प्रकट करने के लिए उनके घर जाने को कहा।

दूसरे राज्यों के 50 यात्री आए

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विभिन्न राज्यों और यूपी के जिलों से शामिल 50 यात्री भी कानपुर पहुंचे। इनका शहर कांग्रेस कमेटी ने स्वागत किया। इनमें असम, बिहार, झारखंड के तीन दर्जन यात्री शामिल रहे। राहुल ने शहर अध्यक्ष और अन्य नेताओं को 24 फरवरी को मुरादाबाद से शुरू होने वाली यात्रा में शामिल होने का न्यौता भी दिया।

यात्रा के मद्देनजर कई जगह बेरीकेडिंग से राहगीर परेशान हुए। अमृत विचार

पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह जत्था लेकर पहुंचे। अमृत विचार

गुटबाजी का रहा खेल स्वागत में कांग्रेसी फेल

विशेष संवाददाता, कानपुर

- गंगापुल से घंटाघर तक टुकड़े-टुकड़े में बंटा दिखा कनपुरिया जोश

अमृत विचार। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में कानपुरिया जोश पर कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी भारी नजर आई। हर किसी ने अपना प्रचार और समर्थकों की भीड़ दिखाने पर ज्यादा जोर दिया। इसके चलते स्वागत कहीं-कहीं रस्म अदायगी जैसा बन गया और यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में जमीन पर उतरकर संघर्ष करने का वैसा जज्बा नही भर पायी जिसकी उम्मीद लगाई जा रही थी।

कांग्रेस से लोकसभा टिकट के दावेदारों ने भी राहुल गांधी के स्वागत में सारा प्रचार गंगापुल से घंटाघर चौराहे तक ही सीमित रखा। कांग्रेस नेता अलग-अलग गुटों में स्वागत को उतावले दिखाई दिए। फ्रंटल संगठन और प्रकोष्ठों की मौजूदगी तो नजर आई लेकिन नेता के लिए जो उत्साह होना चाहिए वह नदारद ही रहा।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा पनचक्की चौराहा, नरौना माल रोड चौराहा, घसियारी मंडी, हूलागंज चौराहा गणेश मंदिर होते हुए घंटाघर पहुंची। सभास्थल घंटाघर चौराहे पर आठ से दस हजार के बीच लोग उपस्थित रहे। कांग्रेस सेवादल छोटे से समूह में पनचक्की चौराहे पर बावर्दी स्वागत में उपस्थित रहा। रूट के बीच राहुल के वाहन पर फूल भी बरसाए गए। न्याय यात्रा करीब पौने 12 बजे झाड़ीबाबा पहुंची जहां पर कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। यहां कुछ युवक बेरोजगारी के नारे लिखी तख्तियां लिए खड़े थे जिनसे राहुल मिले। इस दौरान उन्होंने युवकों को यह कहते हुए ढांढस बंधाया कि समय बदलेगा। यात्रा मार्ग पर न्याय योद्धा भी तख्तियां लिए खड़े दिखायी दिए। न्याय यात्रा में यूपी के प्रभारी राष्ट्रीय और कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे, जयराम रमेश, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, प्रमोद तिवारी, सचिव अजय कपूर, नीलांशु त्रिपाठी, विधायक आराधना मिश्रा मोना, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रवक्ता सुप्रिय श्रीनेत, मीडिया प्रभारी अभय दुबे, पीएल पुनिया आदि रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य+ टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि	कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य हरपाल के घर से साहब सिंह के प्लाट तक	1.73	3460.00	250+ 50	3 माह	ग्राम पंचायत पचखुरा

अन्य शर्तें :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य+ टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि	कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य धर्म सिंह के मकान से पानी की टंकी के पास तक	4.59	9180.00	450+ 80	3 माह	ग्राम पंचायत पचखुरा

अन्य शर्तें :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य+ टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि	कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य रामजस के खेत से छोटे के खेत तक	6.20	12400.00	450+ 80	3 माह	ग्राम पंचायत पचखुरा

अन्य शर्तें :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

कार्यालय ग्राम पंचायत गढा विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर।

पत्रांक 147/निविदा प्रकाशन / मनरेगा/2023–24 दिनांक 21.02.2024

अल्पकालीन निविदा – प्रकाशन

ग्राम पंचायत गढा में मनरेगा योजना के अर्न्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो में प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0/सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
उक्त कार्यालय से कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 22/02/24 से 01/03/2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 में दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदायें दिनांक 02/03/2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोलें जायेगें।

क्रमांक	कार्य का नाम	स्वीकृत धनराशि (रू0 में जी0 एस0टी0)सहित	सामग्री अंश (रू0 में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अविध
1	2	3	4	5	6	7
1	सी0सी0/नाली निर्माण कलुवा यादव से बृजकिशोर तक	307778	257863	5150	250+18% GST	3 माह
2	सी0सी0 / नाली निर्माण इन्द्रपाल के दरवाजे से मनोज के दरवाजे तक	511514	436000	8720	450+18% GST	3 माह
3	सी0सी0/नाली निर्माण रामगुलाम के दरवाजे से संतोष के दरवाजे तक	719815	622250	12450	450+18 %GST	3 माह
4	पशुआश्रय स्थल रमेश पुत्र चुनूबाद के घर में	189942	160780	3215	250+18 %GST	3 माह

निविदा हेतु शर्तें :–
1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत गढा वि0ख0 मौदहा–हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकरदाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016 –176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशों के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. पृथक–पृथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरनें होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदायें निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730/33–3–2022–11/2022 पंचायतीराज अनुभाग 3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137/ अडतीस–7–2022–63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहियें।
12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनायें निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये। 13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

सोनम सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0–गढा

नितेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा0पं0–गढा

कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 21.02.2024

अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 28.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 28.02.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 28.02.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनांक 22.02.2024 से दिनांक 27.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पचखुरा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। घरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम पंचायत अधिकारी पचखुरा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रुन्न मूल्य का स्टांप पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रु0 में)	धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य+ टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि	कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7
1	ग्राम पंचायत पचखुरा में खडंजा व नाली निर्माण कार्य रमेश पांडे के खेत से पिपरहा देव बाबा तक	4.68	9360.00	450+ 80	3 माह	ग्राम पंचायत पचखुरा

अन्य शर्तें :–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी। 3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. निविदादाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा। 9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम पंचायत अधिकारी
पचखुरा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

हाईटेक इंतजाम के बीच आज से यूपी बोर्ड परीक्षा

जनपद में बने 117 परीक्षा केंद्रों में 10 संवेदनशील, हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट के छात्र-छात्राएं देंगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। वर्ष 2024 की यूपी बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए शासनादेश के तहत विभाग ने मुक्कमल तैयारी की है। जिले में कुल 117 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की उपस्थिति में परीक्षाएं कराई जाएंगी। इनमें से प्रशासन ने 10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील की श्रेणी में रखा है। हालांकि प्रशासन की नजर में इस बार कोई भी केन्द्र अति संवेदनशील नहीं हैं। नकल रोकने के लिए विभाग 30 सचल दल और 117 केन्द्रों में वाहय केन्द्र व्यवस्थापक की व्यवस्था की गई है।

हाईस्कूल में 38182 विद्यार्थी संस्थागत व 143 व्यक्तिगत परीक्षा देंगे। वहीं कक्षा 12 में 29449 संस्थागत व 2324 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। दोनों में कुल 67631 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के दौरान इस बार 30 सचल दल परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण करेंगे। घूम-घूमकर छात्रों की तलाशी लेंगे। परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाएं परखेंगे। वहीं 40 परीक्षार्थियों पर दो कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। जो परीक्षा के दौरान उनकी गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

दो पालियों में होगी परीक्षाएं

बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित होगी। इसी तरह से द्वितीय पाली अपरान्ह दो बजे से 5.15 बजे तक इंटरमीडियट की परीक्षा सम्पन्न होंगी।

- विषय विशेषज्ञ बोर्ड परीक्षार्थियों को दे रहे टिप्स
- हाईस्कूल, इंटर में 67631 छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठेगीं

अच्छे अंकों के लिए टाइमटेबल से करें तैयारी: फतेहपुर। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राएं अच्छे अंक पाने की जददोजहद कर रहे हैं। परीक्षा में सफलता के लिए सभी छात्र-छात्राएं पूरे मन से तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में विशेषज्ञों की राय परीक्षा में बेहतर सफलता के लिए काफी सहायक सिद्ध होती है। विशेषज्ञों की मानें, तो टाइमटेबिल बनाकर यदि बोर्ड परीक्षा की तैयारी की जाए, तो यह काफी सहायक सिद्ध होती है।

राजकीय इंटर कालेज के निवर्तमान प्रधानाचार्य उदय प्रभात ने बताया कि बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। परीक्षा परिणाम पर ही हमारा आगे का भविष्य निर्भर होता है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा के बाद हम यह तय कर सकते हैं कि आर्ट, कॉमर्स या विज्ञान आदि कौने से फील्ड में जाना है। इसके साथ ही जॉब के समय हमारे रिजियूम में 10वीं का रिजल्ट देखा जाता है। बोर्ड परीक्षा इतनी कठिन नहीं होती, जितना छात्र समझते हैं। बताया बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय परफार्मेंस एनालिसिस करना बहुत ही जरूरी है। इससे पता चलता है कि आपको कौन से सबजेक्ट में कितना समय लग रहा है और साथ ही कौन से विषय आपको कठिन लग रहा है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने के लिए पिछले साल के पेपर साल्व कर सकते हैं। इसके साथ ही रिवीजन सबसे अहम होता है।

नामित मजिस्ट्रेट एवं कक्ष निरीक्षकों को मिले निर्देश

- बोर्ड परीक्षा की पूर्व संध्या पर डीआईओएस सभी नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को शुचिता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र के लिए नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी के साथ निभाएं। जिससे परीक्षाएं शांतिपूर्वक नकल विहीन सम्पन्न कराई जा सकें।

गहन तलाशी के बाद मिलेगा केन्द्र में प्रवेश

- सभी केन्द्रों में प्रवेश के पूर्व गेट पर तलाशी ली जाएगी। छात्रों की तलाशी के लिए पुरुष शिक्षक तो छात्राओं की तालाशी के लिए महिला शिक्षिका को अनिवार्य किया गया है। बीते वर्ष की तरह इस बार परीक्षार्थियों को कक्ष के बाहर जूता-चप्पल नहीं उतरवाए जाएंगे।

तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। सभी केन्द्रों में प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। गुरुवार से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। नकल नहीं होने दी जाएगी। मुख्यालय एवं राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से सभी केन्द्रों की ऑनलाइन निगरानी होगी।

-शिवपूजन द्विवेदी, डीआईओएस

02 पाली में कराई जाएगी परीक्षा

इन बातों का रखे ध्यान

- सबसे पहले अपने लिखने का तरीका बदलें।
- अपनी हैंडराइटिंग पर ध्यान दें, अच्छी हैंडराइटिंग में लिखे।
- बोर्ड का पेपर साथ रखें, पेपर में किसी प्रकार का चिन्ह न बनाएं।
- उत्तर को अलग-अलग हेडिंग में बांट दें।
- डायग्राम को अच्छे से बनाएं और उसका नाम लिखें।
- बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय अपने नोट्स खुद ही बनाएं।

ट्रेन में किशोरी की अचानक हालत बिगड़ी, मौत

फतेहपुर। नई दिल्ली से हावड़ा जा रही नान स्टाप पूर्वा एक्सप्रेस में किशोरी की हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए ट्रेन रोकी गई पर रेलवे डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव कब्जे में लिया है।

बिहार प्रांत के गया के गुरुवा निवासी धनेश्वर की 14 वर्षीय पुत्री ज्योति अपनी बहन व बहनोई के साथ पूर्वा एक्सप्रेस से बनारस जा रही थी। वह कोच संख्या एस-6 पर सफर कर रही थी। ट्रेन के कानपुर से निकलते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिस पर कंट्रोल को सूचना दी गई। सूचना पर नानस्टाप ट्रेन को फतेहपुर में आधी रात साढ़े 12 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर रोका रेलवे डाक्टर अल्ताफ ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। बहन प्रीति, प्रियंका व बहनोई शैलेंद्र निवासी बेवर मैनपुरी ने बताया कि ज्योति क्षय रोग से पीड़ित थी। प्रभारी थानाध्यक्ष जीआरपी वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। ट्रेन 15 मिनट बाद 12:46 वजे रवाना कर दी गई।

उरौली खदान में धड़ल्ले से चल रहीं पोकलैंड मशीनें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। खनन के कार्यों में धड़ल्ले से नियम टूट रहे हैं, लेकिन किसी भी विभाग को नियम टूटते दिख नहीं रहे। खनन एजेंसियों के हौसले इतने बुलंद है कि अब वह यमुना नदी में 30 से 40 फीट गहराई से मोरंग खनन कर रहे हैं। उरौली खदान में जहां लगातार पोकलैंड मशीनें खनन करने में जुटी हैं और वहीं पर नदी का स्वरूप भी बदलने की कगार पर है।नियम के अनुसार यमुना नदी के बहाव में बाधा नहीं पहुंचाई जा सकती। जिसको लेकर एनजीटी सख्त है। कई बार सख्त कार्रवाई भी हुई। सिचाई विभाग को इस पर कार्रवाई करनी होती है। उरौली घाट पर खनन एजेंसी लगातार हैवी बूम की पोकलैण्ड मशीनों से खनन किया जा रहा है। फिलहाल यमुना नदी में पानी का स्तर कम है, लेकिन वहीं स्टाक लगने से रास्ता बाधित होता है। ऐसे में अगर अचानक से पानी आ जाए तो इतने स्टाक को एकदम से उठाया नहीं जा सकता। जिससे जलधारा बाधित होगी और नियम की अवहेलना भी साफ दिखाई देगी। खनन एजेंसियां लगातार नियम तोड़ रही है। खनन एरिया से बाहर जाकर खनन किया जा रहा है। अब यमुना नदी के बीचोबीच खनन हो रहा है। इतना ही नहीं आसपास खनन के चक्कर में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे तक हो गए हैं। अधिकारियों का रवैया ऐसा है कि वह कोई कार्रवाई करना ही नहीं चाहते। क्षेत्र के लोग फोन पर जानकारी देते हैं तो फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझते।

पुलिस की गश्त पर उठे सवाल, चोरों के हौसले बुलंद

फतेहपुर। पुलिस की शिथिल कार्यशैली के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। जिससे चोर रोजाना कहीं न कहीं सेंध लगा रहे हैं और लाखों का माल पर कर देते हैं। सोमवार की रात कल्यानपुर क्षेत्र के साई गांव में चोरी की घटना के बाद पुलिस पूरी तरह से शांत बैठी है। न ही चोरों का पता लगा सकी और न ही माल बरामद हो सका है। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के साई गांव निवासी शिवशंकर तिवारी ने मंगलवार को बताया था कि सोमवार की रात उसके बेटे राजकिशोर तिवारी का घर सूना पड़ा था। सभी लोग कहीं बाहर गए थे। इसी दौरान रात में चोरों ने मेन गेट का ताला तोड़कर हजारों का माल पार कर दिया था।

अवैध कब्जेदारों पर गरजा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील बिंदकी क्षेत्र के कंशमीरीपुर गांव के तालाबी सीमा पर अवैध ढंग से कब्जा करके निर्माण कराये जाने का मामला प्रशासन के समक्ष पहुंचा था। प्रशासन ने कब्जेदार को नोटिस जारी कर अतिक्रमण खुद से हटा लेने की चेतावनी जारी की थी लेकिन खाली करने में हीलाहवाली की गई।

बुधवार को बिंदकी प्रशासन राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। कंशमीरीपुर गांव के मंजूर द्वारा पिछले माह तालाबी सीमा के रकवे पर अवैध ढंग से कब्जा करके बाउंड्री निर्माण कराई गई। कब्जे दावेदारी को लेकर पड़ोसी द्वारा विरोध किया गया और मामला बकेवर थाना पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने मामले का निस्तारण राजस्व टीम से कराये जाने का भरोसा दिया। मौके की जांच कर हल्का लेखपाल ने अवैध कब्जे की रिपोर्ट आलाधिकारियों को सौंपी थी। करीब दस दिनों पूर्व नायब तहसीलदार अमरेंद्र राजस्व टीम के साथ मौके पर जांच की और कब्जेदार मंजूर को अतिक्रमण खुद से हटा लेने की चेतावनी देते हुए लिखित भी लिया गया। अतिक्रमण नहीं हटाये जाने पर बुधवार को अफसर राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बुलडोजर से अतिक्रमण का ढहा दिया गया।

अवैध कब्जे में चलाया गया बुलडोजर। अमृत विचार

बुलडोजर की कार्यवाही के समय कुछ लोग अतिक्रमणकारी के समर्थन में आ गए और पास में रखे छप्पर कब्जेदार का खुलकर विरोध करने लगे तब प्रशासन ने उसे भी जेसीबी से तोड़ दिया। इस कार्यवाही के बाद से गांव के अन्य अवैध कब्जेदारों में बेचैनी देखी गई जो प्रशासन की रडार की कार्यवाही से अभी बाहर है।

पुरानी रंजिश में भाजपा नेता को पीटा

फतेहपुर। पुरानी खुन्नस के चलते बीजेपी नेता के साथ मारपीट की गई। मामले में आठ लोगों के खिलाफ गाली गलौज और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कृष्ण बिहारी नगर निवासी मोहम्मद शाहिद बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता हैं। उन्होंने बताया कि मोटे महादेवन की गली के पास नमो एप के बारे में लोगों को जागरूक कर रहा था।

इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आमिर खान अपने भाई अनीस खान, सलमान खान व पन्नू खान, रईस अहमद खान व तीन अन्य लोग आए। उसके साथ गाली गलौज कर मोबाइल तोड़ दिया। उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोग बचाव को आए और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। कोतवाल एसबी सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

संस्थानों में पार्किंग न होने से शहर रहता जाम

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। शहर की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है। इसी के साथ ही वाहनों की संख्या भी दोगुनी हो रही है। पहले वाहनों की तादाद बेहद कम थी, इस कारण पार्किंग की कोई दिक्कत नहीं होती थी, लेकिन अब शहर में हर कहीं वाहन खड़े नजर आते हैं, जिससे न सिर्फ आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि लोगों को बार-बार जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इसके बाद भी पूरे शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।

19 बैंक शाखाएं पार्किंग किसी के पास नहीं: शहर में डेढ़ दर्जन से भी अधिक स्थानों पर बैंक संचालित हो रहे हैं। लेकिन किसी भी बैंक द्वारा पार्किंग के लिए खुद की जगह उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में लोगों द्वारा बैंक के बाहर ही सड़क पर अपने वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिससे नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

करोड़ों खर्च के बावजूद पार्किंग क्यों नहीं?: शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि चाहे बाजार हो या फिर सरकारी शापिंग काम्प्लेक्स, बैंक हो। इन सभी जगहों पर सड़क के किनारे पर ही मजबूरन लोगों को अपने वाहन खड़े करना पड़ते हैं। सार्वजनिक संस्थानों के निर्माण एवं संचालन के लिए करोड़ों रुपए तो खर्च हो जाते हैं, लेकिन पार्किंग व्यवस्था को जरा भी तवज्जो नहीं देते हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी असर पड़ता है।

कुछ इस तरह से रहती शहर की सड़कों में जाम की स्थिति। अमृत विचार

- बैंक से लेकर शापिंग मॉल के बाहर खड़े रहते हैं वाहन
- शहर में कहीं भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं, शहरी परेशान

नर्सिंग होम और मॉल के सामने खड़े हो रहे वाहन

ऐसा नहीं है कि किसी कामर्शियल भवन का नक्शा पास होने के समय पार्किंग शामिल नहीं होती। नक्शे में पार्किंग होने के बावजूद भवन निर्माण के बाद पार्किंग स्थल गायब हो जाता है। मौजूदा समय में शहर में आधा सैकड़ा से अधिक प्राइवेट नर्सिंग होम और शापिंग मॉल संचालित हो रहे हैं लेकिन एक भी संस्थान के पास पार्किंग के लिए अपनी जगह नहीं है।

मुनादी का नहीं हो रहा है असर

नगर पालिका द्वारा समय-समय पर निर्देश दिए जाते हैं कि सड़क पर अपने वाहन खड़ा न करें और दुकानदार अपना सामान अपनी ही हद में रखें। लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों व वाहन चालकों पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। वाहन चालक अपना वाहन सड़क पर खड़ा करके अपने काम के लिए बैंक बाजारों में चले जाते हैं और घंटों वाहन सड़क पर खड़े रहते हैं। जिसके चलते भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

ग्राम पंचायत अधिकारी पत्नी को पीट कर निकाला

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। मलवां ब्लाक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी महिला ने समकक्ष पद पर तैनात पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ प्रताड़ना और घर से निकालने का मामला दर्ज कराया है। ससुरालियों पर दस लाख रुपये दहेज की मांग का आरोप लगाया है।

अमेठी जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकनमापी निवासी राजकुमार की पुत्री रश्मि ग्राम पंचायत अधिकारी है। उसकी शादी 2019 में राधानगर क्षेत्र के खुशवक्तरायनगर निवासी शुभम पांडेय के साथ हुई थी। मलवां ब्लाक में शुभम ग्राम पंचायत अधिकारी पद पर कार्यरत हैं। रश्मि ने बताया कि वह भी अमेठी में कार्यरत थी। छुट्टी लेकर ससुराल आती-जाती थी। पति शुभम, ससुर अनिल, सास मनोजा देवी, ननद प्रीती दहेज में दस लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। उसने एक पुत्री आदित्री को मायके में जन्म दिया। वह मातृत्व अवकाश पर ससुराल आई। पुत्री के जन्म को लेकर ताने देने लगे।

- पीड़िता की तहरीर पर छह ससुरालियो पर रिपोर्ट दर्ज
- दहेज में दस लाख रुपये की मांग करने का आरोप

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद की सजा

फतेहपुर। शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को दस वर्ष कैद और छह हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनाई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र भदौरिया ने बताया कि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को हसऊपुर निवासी जितेंद्र सिंह 14 अक्टूबर 2015 को शादी का झांसा देकर अगवा कर दिल्ली ले गया था। युवक ने वहां किराये पर कमरा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह गर्भवती हो गई। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो माह बाद किशोरी को सकुशल बरामद किया था।

युवाओं ने निकाली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भारतीय युवा सभा द्वारा बिंदकी नगर में वाहन जागरूकता रैली निकाली मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदान करने की लोगों से अपील भी की गई।

बिंदकी नगर में भारतीय युवा सभा के तत्वाधान में युवाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। भाजपा नेत्री संगीता तिवारी, राहुल द्विवेदी सहित करीब एक सैकड़ा लोगों ने दो, चार पहिया वाहन से मुख्य मार्ग तहसील रोड, नगर के बाजार बजाजा गली, फाटक बाजार, खजुहा रोड में रैली निकाली गई। इस दौरान कहा गया कि भविष्य का विधाता होता है मतदाता। बताया गया 18 साल या इससे अधिक आयु के लोगों को मतदान करने का अधिकार है। हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे। वोट देना राष्ट्र के प्रति परम कर्तव्य है।

- बाइक व चार पहिया वाहनों से नगर भ्रमण कर लोगों को वोट डालने के लिए जागरूक किया
- कहा गया कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे

जागरुकता रैली निकाल मतदान की अपील। अमृत विचार

सार-संक्षेप

आवास का दरवाजा चुनवाने की शिकायत

फतेहपुर। पीएम आवास योजना के तहत मिली कालोनी के दरवाजे को नायब तहसीलदार ने भारी फ़ोर्स की मौजूदगी में ईंटो से चुनवा दिया। मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने तहसील दिवस में की है। जहानाबाद क्षेत्र के जलालपुर निवासी शेर अली ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पीएम आवास योजना के तहत उसे आवास मिला था। 2023 में प्रधान और पड़ोसियों से पूछकर कालोनी का दरवाजा बगल से निकले खड़ंजे की तरफ खोला था। वह अपने बच्चों संग उसी आवास में रह रहा था। सोमवार को नायब तहसीलदार जहानाबाद, बकेवर और अन्य थानो की भारी फ़ोर्स के साथ उसके मकान पर पहुंचे। टीम ने बिना स्थलीय पैमाइश किए जबरन कालोनी के दरवाजे को पक्की चुनवाई कराकर बंद करा दिया।

सूने घर में समान सहित लाखो की चोरी

थरियांव। थाना क्षेत्र के चक बरारी बिलंदा गांव निवासी आजीवन दिवाकर अपने घर में ताला लगा कर एक वैवाहिक कार्यक्रम में बांदा गया था। बुधवार को वापस लौटने पर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। आजीवन ने बताया कि पैसा और जेवरात मिला कर कुल डेढ़ लाख का सामान था। बताया कि अलमारी में 50 हजार रूपए और कुछ चांदी और सोने के जेवरात रखे हुए थे। वहीं सूचना मिलते ही चौकी कि पुलिस पहुंची थी। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी और मौके पे पुलिस पहुंची थी।बहुत जल्द पकड़ कर उचित कार्यवाही कि जाएगी।

राशन लेने गई महिला से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

असोथर। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 15 फरवरी को ऐझी गांव कोटा से राशन लेने गई थी। जिस पर कोटेदार के पौत्र सुरेंद्र सिंह पुत्र देवकुमार सिंह नशे की हालत में हांथ पकड़कर शौचालय के अंदर खींच ले गया। जहां पर सुरेंद्र ने जबरदस्ती करते हुए छेड़खानी की। शोर मचाने पर भीड़ जुट गई। इसी दौरान आरोप धमकी देते हुए भाग निकला। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

पड़ोसी ने की दिव्यांग महिला से मारपीट

बिंदकी। दिव्यांग महिला ने पड़ोसी से अपशब्द बोलने का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी गई। पति ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। पीड़ित महिला ने पुलिस से तहरीर देकर शिकायत किया पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के जाफराबाद गांव की दिव्यांग महिला गुड़िया देवी पत्नी ननकू बुधवार की सुबह कोतवाली बिंदकी पहुंची पुलिस को तहरीर दिया। बताया कि पड़ोसी दशरथ व छेदू ने उसके घर की दीवार की बगल से नीव खोद रखी है। जिसके कारण उसके घर में पानी भर जाता है। मंगलवार की रात को हुई तेज बारिश के कारण खोदी गई नीव से उसके घर में पानी भर गया पानी भरने से घर में रखा आटा अनाज सहित काफी सामान भीग गया। हजारों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। महिला का आरोप है कि बुधवार की सुबह शिकायत किया तो दशरथ और छेदू अपशब्द बोलने लगे। अपशब्द बोलने से मना किया तो दोनों लोगों ने मिलकर मेरे साथ मारपीट कर दी। दिव्यांग महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

अज्ञात लोगों ने वाहन चालकों पर किया हमला

जाफरगंज। बुकिंग में जा रहे बाइक सवारों को लाठी डण्डों से वार कर रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार ने छीना झपटी का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है। थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी मायाराम निषाद का पुत्र महेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रविवार शाम आठ बजे आशीष कुमार पुत्र फूलचंद्र एवं विमल पुत्र बिहारी लाल निवासी मंसूरपुर तीनों पेशे फोटो ग्राफर हैं। एक ही बाइक में सवार तीनों लोग लगभग नौ बजे रविवार रात बिंदकी बारात की बुकिंग में जा रहे थे। पहले से फतेहपुर जहानाबाद मार्ग में रिंद नदी के पास मौके मौजूद कुछ लोगों ने आने जाने वाले वाहनों को रोकने का प्रयास करते रहे। बाइक सवार को देखकर सर पर डंडे से वार कर दिया। हेलमेट लगाए होने के कारण सर पर चोट नहीं आई। बताया कि एक लोडर को रोककर शीशा तोड़ दिया। इसी बीच एक बाइक सवार को रोका बाइक न रोकने पर डंडा मारा तो चोट आ गई।

बढ़ रही बीमारी सदर अस्पताल में खांसी, जुकाम व बुखार के लगातार बढ़ रहे मरीज, बुधवार को इलाज के लिए एक हजार से अधिक बने पर्चे

सुबह-शाम सर्दी व दोपहर में गर्म मौसम बिगाड़ रहा सेहत

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। बदलते मौसम में लोग तेज बुखार, खांसी और सांस लेने में परेशानी जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरों ने बताया कि बदलते मौसम में खान-पान में लापरवाही सेहत बिगाड़ रही है।

डॉक्टरों ने खाने में विटामिन सी से भरपूर खाद्य पदार्थ लेने की सलाह दी है। दिन में लोग हाफ शर्ट और टी-शर्ट में भी दिखायी देने लगे हैं। जबकि सुबह शाम जो मौसम ठंडा है उससे बचने के लिए ठीक से गर्म कपड़े नहीं पहने जा रहे हैं जिससे सेहत को चोट पहुंच रही है। वहीं भीड़ के चलते ओपीडी में बीमारों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह- शाम सर्दी और दिन में गर्मी लोगों की सेहत बिगाड़ रही है। जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। इस समय संक्रामक बीमारियों से पीड़ित रोजाना औसतन एक हजार मरीज पहुंच रहे हैं। सुबह 8.30 बजे के बाद से पर्चा काउंटर पर बीमारों की भीड़ बढ़नी शुरू हो जाती है जो दोपहर 1 बजे तक खूब रहती है। जो लोग सुबह जल्द आकर पर्चा बनवा लेते हैं वह कक्ष के बाहर आकर डॉक्टर का इंतजार करते हैं। कई मरीज तो दर्द से कराहते हुये भी नजर आते हैं। शहर के गढ़ीवा निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि बुखार की दवा लेने वह सुबह नौ बजे अस्पताल में आये और दवा एक घंटे के इंतजार के बाद मिल पायी।

अस्पताल में कम नहीं हो रही मरीजों की भीड़। अमृत विचार

पहले पर्चा बनवाने में समय लगा। बाद में डॉक्टर के पास पहुंच गये। इसी तरह हसवा के रहने वाले बृजेन्द्र पाल ने बताया कि खांसी के साथ गले में इन्फेक्शन है। दवा लेने आये थे। डेढ़ घंटे परेशान होने के बाद इलाज मिला। सबसे ज्यादा टाइम पर्चा बनवाने में चला गया। इस तरह से यहां और मरीज भी परेशान होते हुये नजर आये।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सेहत की जानकारी

फतेहपुर। जल्द ही धरती के भगवान कहे जाने वाले डाक्टर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलेंगे। दरअसल, शासन की ओर से अब हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया जा रहा है। शासन की ओर से जिलाधिकारी के पास पत्र भेजा जा चुका है। ईश्वर के बाद डॉक्टरों को धरती का भगवान कहा जाता है। डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिए जाने के बाद अब केंद्र सरकार ने आयुष अस्पतालों का नाम बदलने का निर्णय लिया है। शासन के निर्देश पर जल्द ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर कहे जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से नाम बदलने को लेकर प्रदेशों को पत्र भेजा गया था। शासन के निर्देश के बाद स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही इन अस्पतालों के नाम बदलकर कार्रवाई शुरू हो जाएगी। एसीएमओ डा इस्तियाक अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नाम बदले जा रहे हैं। जनपद में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर संचालित हैं। सभी पर जांच, योगा के अलावा सभी दवाएं उपलब्ध हैं। बताया कि आयुष्मान भारत योजना को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किए जा रहे हैं। एबी एचडब्ल्यूसी की नई टैगलाइन आरोग्यम परम धनम होगी। वैलनेस सेंटर पर एनएचएम यानि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का लोगो बना रहेगा। जल्द ही नाम बदलने की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

ओपीडी से लेकर पर्चा काउंटर तक भीड़

ओपीडी में डॉक्टर कक्ष से लेकर पर्चा कांउटर तक भीड़ थी। फिजीशियन की इमरजेंसी ड्यूटी थी। इसके चलते इस रोग की बीमारी की दवा लेने आये रोगियों को इलाज के लिए भटकना पड़ा जिन्हें पता चल गया कि डॉक्टर इमरजेंसी में है तो कई मरीज दवा लेने के लिए वहां पहुंच गये। नेत्र रोग विशेषज्ञ के यहां मरीजों की लाइन लगी थी। ऐसे में यहां पर भी मरीजों की भीड़ थी। सबसे ज्यादा भीड़ हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास थी। हृदय रोग के डॉक्टर समय से ओपीडी में नहीं बैठते है जिससे बीमारों को भटकना पड़ता है। मौसमी बीमारी के मरीज फिजीशियन के पास बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

ऐ भाई! जरा देख के चलो, आगे ही नहीं नीचे भी देखो

संवाददाता, असोथर फतेहपुर

अमृत विचार। ऐ भाई! जरा देख के चलो... ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि ब्लॉक मुख्यालय के नगर पंचायत असोथर से हरनवा, देइमऊ-घाटमपुर को जाने वाली सड़क पर नगर के किलापर वार्ड के किनारे बनी पुलिया में एक बड़ा सा गड्ढा जानलेवा साबित हो रहा है।

मार्ग के पुलिया के बीचों बीच एक बड़ा सा गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। जो अनायास दुर्घटना को दावत दे रहा है। यदि कोई अनजान व्यक्ति रात के अंधेरे में गुजरे तो निश्चित रूप से गिरकर गंभीर दुर्घटना का शिकार हो सकता है। पुलिया कई वर्षों के पूर्व टूट गई,

सड़क में हादसों को दावत देता गड्ढा।

लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभी कुछ माह पूर्व सड़क की मरम्मत भी करवाई गई है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया। जिससे सप्ताह में दो तीन दुर्घटना हो जाती है। कई बार शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं हो सकी।

बोले क्षेत्रीय ग्रामीण

राज गुप्ता ने कहा कि उक्त सड़क काफी व्यस्त रहती है। जहां से असोथर नगर के किलापर वार्ड, हरनवा, रौपत डेरा, देइमऊ, घाटमपुर सहित कई गांव के लोग असोथर ब्लॉक और नगर के मुख्य बाजार रोजमर्रा के कामों से आते जाते रहते हैं।

पवन ने कहा कि स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से होकर ट्यूशन या स्कूल जाते हैं। दिनभर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। पुलिया में बड़ा गड्ढा होने के कारण लोग लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

शीबू ने कहा कि पुलिया कई वर्षों से पूरी तरह टूटी हुई है, जो काफी खतरनाक है तथा गंभीर दुर्घटना की ओर संकेत कर रहा है। जिस पर जिम्मेदारों की नजर नही जाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने कई दफा शिकायत की है, मगर कोई सुनवाई नहीं होती है।

- घाटमपुर को जाने वाले मार्ग में पुलिया टूटने से सड़क में गड्ढा
- जिम्मेदार नहीं चेते तो कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

विकास ने कहा कि दो पहिया व चार पहिया वाहनों को गुजरने में परेशानी होती है। कभी भी बड़ी घटना घट सकती है। सांसद-विधायक भी केवल चुनाव के समय वादे करते नजर आते हैं। जो कि खोखले वादे नजर आते हैं।

मिले स्मार्टफोन तो खिल गए चेहरे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। शहर के डा. भीमराव आम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत पांचवें फेज में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सरिता गुप्ता के संरक्षण में एवं नोडल अधिकारी डीजीशक्ति डॉ. राज कुमार के निर्देशन में स्नातक अंतिम वर्ष की छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। मुख्य अतिथि मुखलाल पाल जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया। महाविद्यालय

स्मार्ट फोन पाकर खुशी का इहजार करती छात्राएं। अमृत विचार

की प्राचार्य एवं इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी ने 187 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण के लिए चयनित किया। उन्हें स्मार्टफोन वितरित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि मुखलाल पाल ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्र विकास के लिए युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप छात्राओं को दे रही है। जिससे तकनीकी का प्रयोग करते हुए राष्ट्र विकास में युवा पीढ़ी की भागीदारी हो। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरिता गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट सोच के साथ स्मार्टफोन का उपयोग करना है।

कई राउंड हुई ओलावृष्टि से फसलें हुई धराशायी

मंगलवार शाम बारिश और ओलावृष्टि से सहमें किसान, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लगातार बिगड़ रहा मौसम का मिजाज फसलों पर आफत बन कर टूटा। मंगलवार की शाम बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। पूरी रात कई राउंड में हुई ओलावृष्टि होने से जमीन सफेद हो गई। तगड़े नुकसान से किसान माथा पकड़ कर बैठने को मजबूर हो गया। दूसरे दिन बुधवार को भी बदली छाए रहने से किसान अभी भी आशंकित हैं।

मौसम विभाग पहले से तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि की सम्भावना जता दी थी। मंगलवार शाम अचानक बादलों की गड़गड़ाहट के साथ तेज हवा के साथ बारिश और जमकर ओले गिरे। जिससे खेतों में खड़ी एवं कटी पड़ी फसलों को काफी नुकसान हो गया। शहर समेत ग्रामीणांचल क्षेत्र में भी हुई ओलावृष्टि से छतें एवं गलियां ओलों से भर गईं। किसानों का कहना रहा कि ओलावृष्टि से फसलों में काफी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने फिर से बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

फसलों के नुकसान को लेकर आंकलन करने पहुंचे लेखपाल। अमृत विचार

ओलावृष्टि से जमीदोज हुई फसलें। अमृत विचार

- मौसम विभाग ने फिर से बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताई
- मंगलवार रात को ओलावृष्टि से छतें एवं गलियां ओलों से भर गईं

ऐसी ओलावृष्टि नहीं देखी

किसानों का कहना रहा कि काफी लंबे समय बाद ऐसी ओलावृष्टि हुई। जैसा मंजर आज देखने को मिला है, वैसा ओलावृष्टि का मंजर बीते 20 साल में नहीं देखा। किसानों ने कहा कि सरसों, मटर, मसूर और चना की फसल बर्बाद हो गई।इसके अलावा लाही, चना, गेहूं, मसूर, अलसी की फसलों का नुकसान हुआ। जिन फसलों में फूल आ चुके हैं। ओलावृष्टि से फूल गिरने से उत्पादन प्रभावित होगा।

औसत से तीन डिग्री अधिक रहा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जोकि औसत से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अधिक तापमान गेहूं की फसल के लिए नुकसान है।

बदलता मौसम फसलों के लिए घातक

बदलता मौसम इंसानों के साथ-साथ फसलों को भी प्रभावित कर रही है। किसानों को डर है कि बदलता मौसम कहीं उनके अरमानों को न झुलसा दे। पहले बरसात ने उनके अरमानों पर पानी फेरा था। अब इन दिनों हो रही चटक धूप फसल को नुकसान पहुंचा। जो गेहूं की फसल के लिहाज से मुफीद नहीं है। इस बार गेहूं की फसल पर शुरू से ही मौसम की मार रही है। सर्दियों में बेमौसम बरसात से गेहूं की फसल प्रभावित हुई। अब ओलावृष्टि से किसानों को कहीं का नहीं छोड़ा।

नुकसान का आंकलन करने पहुंचे लेखपाल

जाफरगंज। ओलों से क्षेत्र के कई गांव के किसान तबाह हो गए। क्षेत्र के सुल्तानगढ़, गौरा, डिघरुआ, रुशिया, छेदिया, केवटरा, रेवरी, खूंटा झाल, बसंतखेड़ा, मदुरी, धौरहरा, कसियापुर, गहरू खेड़ा, आंवरखेडा, मौहारी, सैबसी, गंगौली, खोटिला, श्यामपुर बारा आदि दर्जनों गांवों में ओला वृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। वहीं टीन शेड, पेड़ एवं बिजली के खंभे धराशायी हो गए हैं। किसान रामस्वरूप, रमेश वर्मा, राज नारायण, जयपाल वर्मा, शिव नारायण निषाद, कैलाश पासवान आदि ने बताया कि सरसो, चना, मटर गेंहू, अरहर, धनिया की फसलों का अधिक नुकसान हुआ है।

45 गांवों में 20 घंटे रहा बिजली ब्रेक डाउन

फतेहपुर। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने बिजली के तार और पोल को धराशायी कर दिया। जिससे क्षेत्र के कई स्थानों में बिजली आपूर्ति ठप रही। बकेवर बिजली केंद्र के पधारा फीडर का तार टूटकर गिरने से बीस घंटे से करीब 45 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित है। कर्मचारी आपूर्ति को बहाल करने में लगे हुए हैं। बारिश से आयी बिजली केंद्र में तकनीकी खराबी ने बिंदकी क्षेत्र के कईयों गांव की बिजली आपूर्ति रोक दी है। बकेवर बिजली केंद्र के पधारा फीडर का तार टूटकर गिरने से करीब 45 गांवों में आपूर्ति 20 घंटे से ठप है। विभाग के कर्मचारी बिजली को सुचारू करने में लगे हुए है। अवर अभियंता ने कहा कि खराबी को दूर करने का काम जारी है। आपूर्ति जल्द बहाल कर दी जाएगी।

कारखाने भी रहे बंद

बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से आटा चक्की, मिल कारखाने का पहिया ठहर गया। इनमें काम करने वाले मजदूर को काम पर आने से रोका गया। मजदूर का कहना था कि आय दिन बिजली की तकनीकी फाल्ट से जहां कारोबार प्रभावित होता है। वहीं उन्हे मिलने वाली मजदूरी में कटौती की जाती है। बिजली आपूर्ति सुचारू किया जाना चाहिए।

बिजली गिरने से 200 भेड़ों की चली गई जान

खाली पड़े प्लाट में पड़े भेड़ों के शव। अमृत विचार

संवाददाता फतेहपुर

- पशु पालकों ने बताया, 20 लाख से ज्यादा का हुआ नुकसान

अमृत विचार। बेमौसम हुई बारिश के बीच ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशु पालकों की करीब दो सौ भेड़ों की मौत हुई है। पशु पालक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत भेड़ों के शवों का पशु चिकित्सक से पोस्टमार्टम कराया है। भेड़ों की मौत की सूचना पर राजस्व टीम भी मौके पर पहुंची है। पशु पालकों के अनुसार मृत भेड़ों की कीमत लाखों रुपए आंकी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ बाईपास के स्थित आधारपुर गांव में मंगलवार रात तेज हवा के साथ बारिश के बीच ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने से एक खेत में करीब दो सौ भेड़ों की मौत हो गई। ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली की चपेट में आने से करीब 30 भेड़ झुलस गई हैं। पशु पालक राम सजीवन, राम खेलावन और कमल किशोर निवासी मलवां की सूचना पर चौकी प्रभारी लखनऊ बाईपास सुमित देव पांडेय मौके पर पहुंचे। राजस्व विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग ने मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाया। पीड़ित पशु पालकों ने बताया कि वह भेड़ पालन का काम करते हैं।

खुद में खुदा का घर है खुद को मिटा के देखो

संत सम्मेलन में जुटे लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। लक्ष्मणपुर सामियाना के मध्य अवधेश नगर में सन्त समागम, सम्मेलन के पहले दिन भजन- कीर्तन व प्रवचन से भक्ति का रसपान कराया गया।

गुरुदेव स्वामी अजून शब्दानन्द पुरी महाराज, स्वामी महेशानन्द महराज ने बताया कि सनातन धर्म के समाधान देने के लिए यह आयोजन किया गया है। जिसमें हमारे भारत की अनादि काल की परम्परा रही है, यद्यपि बीच में कुछ लम्हो द्वारा इसमें धूमिलीकरण हुआ है। बताया कि खुद में खुदा का घर है, खुद को मिटा के देखो। आ जायेगा समझ में जरा मद हटा के देखो। कोडा जहानाबाद से अय्याज ने सनातन धर्म का भजनों के जरिए संदेश दिया। स्वामी सेवानन्द महराज, साध्वी अर्चना, साध्वी चेतना मेरठ, स्वामी रवींद्रानन्द महराज कनखल हरिद्वार मौजूद रहे।

बीमे की रकम के लालच में बेटे ने मां को मार डाला

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। धाता थाने के अढ़ौली गांव में बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को बोरे में भरकर ट्रैक्टर की मदद से सेमरी यमुना घाट पर ले जाकर फेंक आया। रात में पिता को भी मौत के घाट उतारने की योजना बनाई। आशंका होने पर पिता घर से भाग निकला। हत्यारोपित पुत्र रात से ही फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

अढ़ौली गांव निवासी रोशन सिंह हर मंगलवार को चित्रकूट जनपद के राजापुर कस्बा स्थित हनुमान मंदिर दर्शन करने जाते हैं। पत्नी 50 वर्षीय प्रभा देवी व पुत्र हिमांशु को छोड़कर वह मंदिर चले गए थे। शाम को घर लौटे तो पत्नी का पता नहीं चला। बेटे से उन्होंने पूछा तो वह सही जवाब नहीं दे सका। देर रात तक महिला की खोजबीन की गई। कोई जानकारी न मिलने पर रोशन सिंह देर रात सोने के लिए जब चारपाई में लेट गए। तभी पुत्र ने उनकी चारपाई के पास लोहे की राड व गड़ासा रख दिया। रोशन सिंह के मुताबिक उन्हें आशंका हुई तो वह घर से बाहर चले गए। देर रात पुत्र भी घर से गायब हो गया। सुबह पड़ोसियों के साथ मिलकर पत्नी की खोजबीन की जा रही थी।

तभी सेमरी यमुना घाट किनारे प्रभा देवी का शव एक बोरे में बंद मिला। गले में गमछा बंधा था। मृतका के पति का आरोप था बेटे ने ही मां की गला दबाकर हत्या की है। शव को बोरे में भरकर यमुना नदी किनारे फेंक दिया।

यमुना घाट किनारे ग्रामीणों से पूछताछ करते एएसपी व सीओ। अमृत विचार

- बोरे में भरकर नदी किनारे फेंका शव, धाता क्षेत्र का मामला
- रात में पिता की भी हत्या की योजना थी, लेकिन शंका होने पर पिता भाग गया

बेटे के खिलाफ पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी पुत्र फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है। बेटे ने बीमा के रुपये लेने के लिए घटना को अंजाम दिया है।

-विजय शंकर मिश्र, एएसपी

माता-पिता का कराया था बीमा

रोशन सिंह ने बताया कि उन्हें इस बात की जरा सी भनक नहीं लगी कि आखिर बेटा दोनों उन पति पत्नी का बीमा किस लिए करा रहा है। बताया कि हत्यारोपित पुत्र ने पति-पत्नी का 50-50 लाख रुपये का बीमा कराया था। आशंका जताई कि बीमा की रकम पाने के लिए ही उसने मां की हत्या कर दी। रात में यदि वह भाग न जाते तो रुपयों के लिए उनकी भी हत्या कर देता।

सार-संक्षेप

वन एवं पर्यावरण के अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

खागा फतेहपुर। खागा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसवा में बुधवार को महुआ पेड़ काटने की सूचना पर पहुंचे युवा वन क्षेत्राधिकारी खागा विवेक शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने मौके में पहुंचकर वन अपराधी को धर दबोचा। उसके बाद आरोपी से पूछताछ करके उसके विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के अन्तर्गत विभागीय मुकदमा पंजीकृत किया। साथ ही वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला ने कड़े शब्दों में कहा कि वन एवं पर्यावरण के साथ खिड़वाड करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी और दोषियों को बक्सा नहीं जाएगा। ऐसे अधिकारी हर क्षेत्र में होने चाहिए जब से युवा अधिकारी विवेक शुक्ला क्षेत्र में आए हैं तब से क्षेत्र में अवैध कटान करने के वाले अपराधियों का सारा व्यापार चौपट हो गया है एवं वन एवं पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों में भय व्याप्त है।

वन क्षेत्राधिकारी विवेक शुक्ला।

फसल बीमा का लाभ पाने को डायल करें टोल-फ्री नम्बर

फतेहपुर। उपकृषि निदेशक राममिलन सिंह परिहार ने बताया कि असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि को देखते हुए जिले के किसानों को सूचित किया गया है कि ओलावृष्टि के कारण जिन किसानों की फसलें क्षतिग्रस्त हुई हैं वह तत्काल प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसल क्षतिपूर्ति को प्राप्त किये जाने के लिए घटना के 72 घंटे के अन्दर सूचना कृषि विभाग, फसल बीमा कार्यालय, सम्बन्धित बैंक को व्यक्तिगत रूप से देकर अथवा फसल बीमा योजना के टोलफ्री नम्बर-18008896868 व 18002005142 पर शिकायत दर्ज कराकर नियमानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रबी की फसलों पर यूरिया की टाप ड्रेसिंग कर ओलावृष्टि के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है तथा रबी की फसलों की गलेथावस्था में यूरिया की टाप ड्रेसिंग अत्यन्त लाभकारी है।

छात्रों से सफाई कराने का आरोप, अभिभावकों का हंगामा

जहानाबाद। प्राथमिक विद्याल में छात्रों से साफ-सफाई कराने का आरोप लगाते हुए अभिभावकों ने स्कूल में हंगामा किया। पन्थू सिंह का पुरवा गांव स्थित प्राथमिक पाठशाला में गांव के बच्चे पढ़ते हैं। उनके अभिभावकों में रामपाल, बालकृष्ण, रामवीर, गीता देवी, शांती देवी, केतकी रेखा देवी ने विद्यालय स्टाफ पर आरोप लगाते हुए कहा कि विद्यालय की साफ-सफाई बच्चों से कराई जाती है। इस बात से आक्रोशित अभिभावकों ने विद्यालय में हंगामा काटा। वहीं विद्यालय के स्टाफ ने बताया कि विद्यालय में कोई सफाई कर्मचारी नहीं है फिर भी विद्यालय की साफ-सफाई बच्चों से नहीं कराई जाती है। उसके लिए स्टाफ अपने निजी संसाधनों से कराता है। जांच कराने की मांग भी की है।

सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, कोहराम

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए सड़क हादसों के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बोधनपुर गांव निवासी विनोद कुमार मंगलवार की शाम बाइक से सातमील तिराहा सब्जी लेने जा रहा था। जैसे ही वह तिराहे पर पहुंचा इसी बीच ट्रक ने टक्कर मार दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। इसी तरह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी धीरेंद्र सिंह का पुत्र हरि प्रकाश अयोध्या से वापस घर आ रहा था। बताते हैं कि नऊवाबाग हाईवे में में चार पहिया से उतरकर गुटखा लेने चला गया। लौटते समय जब वह सड़क पार कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची।

43 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। एसपी के निर्देश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 43 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। इसी तरह पांच लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

नई उड़ान | जिलाधिकारी ने हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट का फीता काट कर किया उद्घाटन

फतेहपुर बनेगा हल्दी उत्पादन एवं प्रोसेसिंग का हब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। तहसील बिंदकी के विकास खंड देवमई के ग्राम पंचायत लाला बक्शरा में जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट (हल्दी ब्वायलर एवं पालिस मशीन) का फीता काटकर उदघाटन किया। उन्होंने कहा कि जनपद को हल्दी उत्पादन एवं प्रोसेसिंग का हब बनाने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग शुरू किया गया है। जिससे कि जनपद के किसानों को हल्दी को प्रोसेस करने में कोई समस्या नहीं होगी, साथ ही प्रोसेसिंग के लिए दूसरे स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा और किराया भाड़ा भी बचेगा, इसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा।

शुभारम्भ के अवसर पर उन्होनें प्रगतिशील किसानों से कहा कि हमे किसानों की आय चौगुनी करने के लिए कार्य करना होगा एवं प्रत्येक ब्लॉक में महिला कृषकों का एक कृषक उत्पादक संगठन बनाना है और उन्हें आधुनिकता के साथ जोड़कर विकसित करना है। जिससे कि महिलाओं के उत्थान के साथ ही कृषको की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अपने आसपास एवं जनपद के किसानों के उत्पादन में आय कैसे बढ़े, इसके लिए आधुनिकता के साथ जोड़कर विकसित एवं जागरूक करें। जिससे कि जनपद फतेहपुर कृषि के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित कर सके और अन्य जनपदों के किसानों को प्रेरणा मिले। प्रगतिशील किसान रामसिंह पटेल, अवधेश वर्मा, सत्येन्द्र सिंह पटेल, देवेन्द्र उत्तम, कुलदीप शर्मा, शैलेन्द्र सिंह पटेल, महेश सिंह एवं महिला कृषक रहीं।

प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारम्भ करती डीएम। अमृत विचार

- कार्यक्रम में मौजूद अन्य किसानों को भी किया गया प्रेरित

हल्दी उगाने से लेकर प्रोसेसिंग प्रक्रिया को समझा

हल्दी को उगाने से लेकर प्रोसेसिंग तक की प्रक्रिया को बारीकी से प्रगतिशील कृषकों एवं प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने वाले बीएम राजा ने विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने दक्षिण भारत में हल्दी के उत्पाद को बाजार में कैसे प्रोसेस कर बेंचा जाता है, इसकी भी जानकारी दी। प्रगतिशील किसान एवं निदेशक रामसनेही पटेल को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट जनपद को हल्दी उत्पाद बनाने के दृष्टिगत दिया है।

मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पर निकाली गई कलश यात्रा

धार्मिक कार्यक्रम में निकाली गई कलश यात्रा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। मां दुर्गा मंदिर में शिव परिवार एवं श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा का बुधवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर विशाल कलश यात्रा निकाली। शहर भ्रमण के दौरान यात्रा का लोगों ने फूल बरसा कर स्वागत किया। लोगों में उत्साह नजर आया।

शहर के पूर्वी पनी में मां दुर्गा माता मंदिर में श्री दुर्गेश्वर महादेव मंदिर में शिव परिवार व श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिसर से मोहल्ले की महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा पूवीर् पानी मोहल्ले से होते हुए रिफ्यूजी कॉलोनी, मोटेश्वर महादेव मंदिर से वर्मा चौराहा साई मंदिर होते हुए कृष्ण बिहारी नगर से पुनः दुर्गेश्वर महादेव मंदिर पर यात्रा समाप्त हुई। बताया गया कि गुरुवार को विद्वान पंडितों द्वारा मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हवन पूर्ण आहुति एवं भजन कीर्तन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सौरिख क्षेत्र के कई गांवों में गिरे ओले, नुकसान

सौरिख,कन्नौज। मंगलवार देर रात आंधी-पानी के साथ ओले गिरने से इलाके में फसलों में काफी नुकसान हुआ है। क्षेत्र के उड़ेलापुर, सकरावा, नगरिया सुख, मुहद्दीनगर, मढ़ैय्यन, देवपुर बैगवां, रसूलपुर व देवीपुर समेत कई गांवों में ओलावृष्टि से फसलों में भारी नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं, आलू, सरसों, मूंगफली व लहसुन की फसलें प्रभावित हुईं हैं। किसान नेता आदेश दुबे ने सरकार से पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है। उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने बताया कि लेखपालों की टीम गठित की गई है। फसलों का सर्वे कर नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। पीड़ित किसानों को शासन के नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

आंधी-पानी में गिरी फसल को देखता किसान। अमृत विचार

पीड़ित किसानों को मिले तत्काल मुआवजा : सपा

तिर्वा, कन्नौज। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने तहसील क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर, अज्यौरा, जनखत सहित कई गांवों में भ्रमण किया। उन्होंने किसानों से वार्ता की और उनकी फसलों को देखा। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि प्रभावित किसानों को दैवीय आपदा राहत कोष से तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए तथा किसानों के सभी कर्ज माफ किए जाएं। जनखत के पूर्व प्रधान विनोद यादव ने भी प्रदेश सरकार से फसलों में हुए नुकसान का आंकलन कर पीड़ित किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

अपर निदेशक को एएनएम व सीएचओ गायब मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निरीक्षण में स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर वैक्सीनेशन व वजन करने में मिली लापरवाही
- तिर्वा एमओआईसी सेंटरों का नहीं कर रहे निरीक्षण, डीआई भी लापरवाह

अमृत विचार। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत मौके पर जाकर जांची। इस दौरान एएनएम तो कही सीएचओ नदारद मिले। वैक्सीनेशन व वजन करने में भी लापरवाही पाई। उन्होंने सीएमओ को सुधार करने के निर्देश दिये।

बुधवार को अपर निदेशक डॉ. रचना गुप्ता ने जिले का अचानक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वैक्सीनेशन समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बहादुरपुर, बेहरापुर उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचओ नदारद मिले। एएनएम वजन नहीं कर रही थीं। जानकारी ली तो बताया गया कि महिला 40 किलो की है, जब वजन किया तो 50 किलो की निकली। सीएमओ को बताया कि एमओआईसी तिर्वा राजन शर्मा लापरवाही कर रहे हैं। वह, स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निरीक्षण नहीं करते। तिर्वा सीएचसी पर भी लापरवाही की बात कही। सारा काम स्टाफ नर्स पर डाला जा रहा। वैक्सीनेशन में भी लापरवाही बरती जा रही है। विभाग के डीआई भी सेंटरों का निरीक्षण करने नहीं जाते हैं। बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया तो पोल खुल गई। कहा कि वह कन्नौज को सुधार कर मानेंगी क्योंकि यहां लापरवाही हो रही है। वैक्सीनेशन पर भी एएनएम को छुट्टी देने पर नाराजगी जताई। इसी तरह समधन, तालग्राम व कुछ अन्य जगह के सेंटरों पर भी लापरवाही की बात कही। जिले में बच्चों की सर्जरी नहीं कराई जा रही है। एसीएमओ एके जाटव ने बताया कि 17 चिन्हित बच्चों में 13 की सर्जरी कराई जा चुकी है। उन्होंने सभी बच्चों का सर्जिकल कराने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने सीएमओ डॉ. विनोद कुमार के साथ एसीएमओ व एमओआईसी की बैठक ली। लापरवाही मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वह अचानक इसी तरह हर ब्लाक क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी।

सीएमओ कार्यालय में एसीएमओ के साथ बैठक लेतीं एडी स्वास्थ्य कानपुर डॉ. रचना गुप्ता व मौजूद सीएमओ डॉ. विनोद कुमार अन्य। अमृत विचार

नियुक्त 20 एएनएम को पीएम देंगे नियुक्त पत्र

कन्नौज। जिले में हाल ही में शासन से तैनाती पाई नवनियुक्त एएनएम को कुछ दिन के बाद प्रधानमंत्री नियुक्त पत्र सौंपेंगे। इसके लिये शासन से सूची मांगी गई है। एडी ने बताया कि वह सभी की सूची उनको उपलब्ध करा दें। सीएमओ ने बताया कि लखनऊ में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री नियुक्त पत्र देंगे तो जिले में जन प्रतिनिधि सौंपेंगे।

रात में गांव की सड़क पर बिछे ओले। अमृत विचार

ओलावृष्टि से तिर्वा क्षेत्र में झड़ गई सरसों की फसल। अमृत विचार

अस्पताल के अंदर मार्गों के हाल खराब

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जिले के अस्पताल परिसरों के मार्गों का हाल खराब है। पांच से 10 वर्ष निर्माण के पूरे होने के बाद भी उनकी मरम्मत नहीं कराई गई है।

जिले में अस्पतालों को जाने वाले मार्गों का हाल खराब हो गया है। इनकी देख रेख नहीं की जा रही है। पांच से 10 वर्ष पहले इनका निर्माण होने के बाद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे मार्गों में गड्ढे हो चुके हैं। इससे मरीजों को अस्पतालों में आने व जाने में दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी बरसात के मौसम में होती है। बारिश से इन मार्गों के गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है।

खास बात यह है कि पांच वर्ष में किसी भी मार्ग की मरम्मत कराई जाती है पर यहां नहीं कराई गई है। यह हाल मेडिकल कालेज तिर्वा, जिला अस्पताल, विनोद दीक्षित अस्पताल कन्नौज के अलावा जिले के अधिकतर सरकारी अस्पतालों के मार्ग पूरी तरह से उखड़ चुके हैं। यही नहीं डीएम से लेकर तमाम अधिकारी मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल जाते रहते हैं पर वह भी उखड़े मार्गों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस संबंध में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि अस्पताल परिसर के उखड़े मार्गों के संबंध में मांग पत्र शासन को भेजा जाता रहा है। अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है।

विनोद दीक्षित अस्पताल सीएचसी परिसर की गड्ढायुक्त सड़क। अमृत विचार

- पांच से 10 वर्ष पहले बने मार्गों की नहीं हुई मरम्मत
- बारिश होने पर भरा रहता पानी, होती परेशानी

आंधी-पानी के साथ गिरे ओले, फसलें चौपट

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवा के कारण मौसम का बदला मिजाज, तेज हवा से बिछ गई गेहूं की फसल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवा के कारण मौसम का मिजाज मंगलवार रात में अचानक बदल गया। तेज हवा के साथ बारिश हुई और इसके बाद ओले गिरने लगे। इससे मौसम सर्द हो गया तो फसलों में भी काफी नुकसान हुआ। तेज हवा चलने से गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई तो ओलावृष्टि से खेतों में तैयार खड़ी सरसों की फसल भी झड़ गई। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के और अधिक प्रभावी होने की संभावना व्यक्त की है।

जनपद में मंगलवार की रात को अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान में घने बादल छा गए। थोड़ी ही देर में बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ओले भी गिरे। जिले में सबसे अधिक ओलावृष्टि तिर्वा तहसील क्षेत्र में हुई, जबकि कन्नौज में हल्की सी बौछार आई। छिबरामऊ तहसील क्षेत्र में केवल बारिश हुई। हालांकि आंधी-पानी से पूरे जिले में फसलों को नुकसान हुआ है, लेकिन तिर्वा क्षेत्र में अधिक हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान का निरीक्षण कर आंकलन कर रहे हैं। बारिश, ओलावृष्टि व तेज हवाओं से गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई तो ओलावृष्टि से सरसों की पकी फसल में अधिक नुकसान हो गया है। ओलावृष्टि से कई पक्षियों की भी मौत हो गई।

हसेरन क्षेत्र में रूपपुरवा में गिरी फसल को देख चिंतित बैठा किसान महेश।

- ओलावृष्टि से सरसों में भी नुकसान, किसान परेशान

ग्रामीणों ने टोकरी में एकत्र किए ओले।

मौसम विभाग ने जारी किया पांच दिन अलर्ट

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती परिसंचरण को देखते हुए मौसम विभाग ने पांच दिन का अलर्ट जारी किया है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे, लेकिन 23 फरवरी तक जिले में बारिश व ओलावृष्टि की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 30 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। कानपुर मंडल और बुंदेलखंड क्षेत्र में विक्षोभ अधिक प्रभावी रहेगा।


मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट मैप।

ओलावृष्टि से इन गांवों में हुआ नुकसान

तिर्वा तहसील क्षेत्र के ग्राम जिंदापुर, मदनापुर, झौआ, सोनपुरवा, अज्यौरा, हिसामुद्दीनपुर, भगवंतापुर, उमरन, बिहारीपुर, अल्हापुर, सिमरिया, सुल्तनापुर, हजियांपुर, हरेईपुर, चिहरवापुर, मड़ईयन, दुर्गेशपुर, मुचवापुर व ताहरपुर सहित कई गांवों में ओलावृष्टि से फसलों में अधिक नुकसान हुआ है।

कंटेनर से डीजल व ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

गुरसहायगंज। ग्राम सराय प्रयाग निवासी शीलू हरियाणा से कंटेनर पर ट्रैक्टर लाद कर लखनऊ जा रहा था। इस दौरान मंगलवार की देर शाम जीटी रोड किनारे स्थित ढाबा पर ट्रक खड़ा कर चला गया। आरोप है कि किसी चोर ने रात में किसी समय कंटेनर से 50 लीटर डीजल और तीन ट्रैक्टर से बैट्री चोरी कर लीं। खोजबीन करने पर चालक ने ग्रामीणों की मदद से आरोपी युवक को दबोच लिया और कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

सार-संक्षेप

मदरसा परिषद की परीक्षा में इम्तिहान देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा में 1117 परीक्षार्थी गैरहाजिर

कन्नौज। जिले में चल रहीं मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में बुधवार को दोनों पाली में कुल 1117 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी गई कि सीनियर सेकेंड्री की परीक्षा में पहली पाली में 2317 में से 1231 परीक्षार्थी उपस्थित जबकि 1086 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में कामिल की परीक्षा में 379 में से 348 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

नौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी विज्ञान की परीक्षा

गुरसहायगंज, कन्नौज। संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ के परीक्षा केंद्र श्रीमती राधादेवी आदर्श संस्कृत उ.मा. विद्यालय में बुधवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊमरपुर केन्द्र पर्यवेक्षक अर्चना यादव द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। प्रथम पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय विज्ञान विषय में 64 में 05 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय रसायन विज्ञान के 29 परीक्षार्थियों में 04 अनुपस्थित रहे। इस दौरान केंद्र व्यवस्थापक नरेन्द्र सिंह, सह केंद्र व्यवस्थापक बलराम त्रिपाठी, सचिव कुमार तिवारी, देवेश चौरसिया, कामिनी देवी, श्वेता यादव, कंचन, प्रभा, अंशुल दीक्षित आदि मौजूद रहे।

किसानों ने एसडीएम से रोया दुखड़ा, सर्वे के आदेश

तिर्वा। बारिश और ओलावृष्टि से फसलें तबाह होने से किसान परेशान है। एसडीएम अशोक कुमार व तहसीलदार अवनीश कुमार ने ठठिया, खैरनगर, औसेर, उमर्दा, इंदरगढ़ व हसेरन क्षेत्र के कई गांवों में जाकर ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों को देखा और किसानों से वार्ता की। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए राजस्व टीमों का गठन किया गया है। सभी किसानों को नुकसान के आधार पर मुआवजा दिलाया जाएगा।

लापता बुजुर्ग यमुना पुल पर पुलिस को घूमता मिला

सौरिख। खेत से गायब हुआ बुजुर्ग किसान इटावा पुलिस को यमुना पुल पर घूमता मिला। पूछताछ में घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों के साथ थाने आकर अपहरण की तहरीर देकर न्याय की मांग की। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हँसे निवासी अवधेश कुमार पुत्र बाबूराम खेत पर आलू की फसल की रखवाली के लिए गए थे। इसके बाद लापता हो गए। बुधवार को वह इटावा पुलिस को यमुना पुल पर घूमते मिले। पूछने पर बताया कि वह खेत पर थे कि गांव के रहने वाले व्यक्ति दो अज्ञात साथियों के साथ आकर गालीगलौज करने लगे। जब मना किया तो उक्त लोगों ने मारपीट कर कार में डाल लिया और साथ ले गए। बंधक बनाकर मारपीट के बाद मंगलवार रात लगभग 11 बजे यमुना पुल पर छोड़ गए। इटावा पुलिस की सूचना पर परिजनों के साथ पहुंची सौरिख पुलिस को उन्हें सौंप दिया।

हादसे में घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

तिर्वा। सड़क हादसे में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना इंदरगढ़ के भगवानपुर गांव निवासी रूकसाद अपनी पत्नी रजिया (40) व छह माह के बच्चे को बाइक पर बैठाकर तीन दिन पहले दवाई लेने इंदरगढ़ जा रहा था। तभी पीछे से तिलोकपुर गांव के सामने बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रजिया गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज ले गया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया। वहां मंगलवार की रात इलाज के दौरान रजिया ने मौत हो गई। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सलमान खुर्शीद ने फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ने के दिए संकेत

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। फर्रुखाबाद लौटते समय बुधवार को पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कस्बा समधन में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में पूरी तरह से विफल हुई है। युवा दिन-रात कड़ी मेहनत रोजगार के लिए परीक्षा देने जाते हैं लेकिन पेपर पहले ही लीक हो जाता है। इससे सरकार की बड़ी नाकामी सामने आई है।

पूर्व विदेश मंत्री ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा। जल्द ही गठबंधन की आधिकारिक घोषणा हो जाएगी। कहा कि मौका मिला तो फर्रुखाबाद सीट से चुनाव लड़ेंगे। कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ी जिम्मेदारी है। वह देश को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा से जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान डॉ. जहीर अहमद, अफाक हुसैन, जमील हुसैन, उजैर खान, अंकुर मिश्रा एडवोकेट, शमशाद, इजहार आदि मौजूद रहे।

समधन में कार्यकर्ताओं से वार्ता करते पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद। अमृत विचार

आक्रोश भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष ने 15 सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, की नारेबाजी

जिला मुख्यालय जा रहे किसानों को हाईवे पर रोका

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आह्वान पर जिला मुख्यालय धरना प्रदर्शन के लिए जा रहे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हाईवे कट पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया। यहां किसानों ने शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए तानाशाही का आरोप लगाया। यहीं पर एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

बुधवार की दोपहर भाकियू टिकैत के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व किसान जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए जा रहे थे। कोतवाल जय प्रकाश शर्मा ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कन्नौज जाने वाले सभी मार्गों को पहले ही सील कर दिया। जयसिंहपुर्वा स्थित हाईवे कट पर बैरिकेडिंग कर किसानों को रोक दिया। इस पर जिलाध्यक्ष सहित किसानों ने नारेबाजी कर आवाज का दबाने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्री ज्ञापन उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी को सौंपा। किसान धरना प्रदर्शन के लिए जिला मुख्यालय न पहुंच सकें इसके लिए कोतवाली पुलिस ने सुबह से ही भाकियू टिकैत के इस्माइलपुर स्थित कार्यालय सहित कन्नौज जाने वाले मार्गों को छावनी में तब्दील कर दिया। इस दौरान महिला जिला उपाध्यक्ष कुसुम चैहान, जिला प्रवक्ता डॉ. आरके कटियार, जिला उपाध्यक्ष इरशाद अली, सत्यम प्रजापति, साजिद हुसैन, माहरूफ खान, महेन्द्र सिंह, अकील, उपेन्द्र सिंह राजपूत, सियाराम, रंजीत कौशल, सुरेश यादव, कमलेश चन्द्र, आलोक, सुनील राजपूत, अभिषेक राजपूत, अनुराग, अनुज आदि किसान मौजूद रहे।

एसडीएम को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी व अन्य। अमृत विचार

किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दे सरकार

गुरसहायगंज, कन्नौज। जिलाध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण, भोजन, दवा, कृषि उपकरण, पेट्रोलियम से जीएसटी हटाने की मांग की। कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल करने, खाद्य सुरक्षा गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली सार्वभौमिक के साथ सभी को मुफ्त शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य, पानी, स्वच्छता की गारंटी की मांग की गई। किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी भी मांगी।

पदाधिकारियों को शपथ दिलातीं न्यायाधिकारी। अमृत विचार

न्यू बार के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

तिर्वा। नवनिर्वाचित संगठन न्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ। न्यायाधिकारी ने सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

बुधवार को तहसील सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रहे राज्य विधिक परिषद प्रयागराज के पूर्व उपाध्यक्ष, सचिव अकंज मिश्रा व अति विशिष्ट अतिथि न्यायाधिकारी दीपांशी चौधरी, एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार का स्वागत आयोजकों ने फूलमाला के साथ प्रतीक चिन्ह देकर किया। समारोह में न्यायाधिकारी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह उर्फ दीपू, महामंत्री अखिलेश राजपूत, उपाध्यक्ष बृजमोहन सिह, अविनाश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप, सह सचिव अंकित गुप्ता, आडीटर सतेंद्र यादव, मिडिया प्रभारी उत्तम सिह, चेयरमैन उमाशंकर कटियार को शपथ दिलाई। न्यायाधिकारी ने बताया कि सभी लोग वादकारियों के हित को देखकर काम करें। किसी को परेशान न होने दें। इस मौके पर नीरज त्रिपाठी, महेंद्र सिह राजपूत, कलक्टर सिह, संजय शुक्ला, सतीश राजपूत, मनोज राजपूत, भूपेंद्र सिह, संजीव तिवारी, बृजपाल सविता समेत अन्य वकील थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन विकास खण्ड- सौरिख (कन्नौज)

पत्रांक मेमो/सचिव ग्राम पंचायत-मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर प्रकाशन/2023-2024 दिनांक 22.02.2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन विकास खण्ड सौरिख जनपद-कन्नौज के कार्यो हेतु आयकर एवं बिक्रीकृत पंजीकृत (जीएसटी नम्बर सहित) सामग्री आपूर्ति कर्ता फर्मो से ईट, ईट की रोड़ी, सीमेण्ट, बालू, मौरंग, गिटटी, हयूम पाइप, टायल्स, इंटरलॉकिंग ईट, टीन सेड पाइप रिवर्ट वोल्ट हुक हैण्डपम्प रिवोर सामग्री सफाई किट हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार कुटेशन/निविदा आमन्त्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म नियमानुसार सभी कागजों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन के एक सप्ताह तक अपने कुटेशन/निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है प्राप्त निविदाएं दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह को 1:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन में सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। ग्राम पंचायत को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	योजना का नाम	कार्य पूर्ण होने की अवधि
1	रामसुमरिन के घर से बड़ेलाल के घर तक इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य	999189.00	मनरेगा/ केन्द्रीयवित्त	03 माह

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन
वि खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज

ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत हुसेपुरकरन
वि खण्ड सौरिख जन0 कन्नौज

अब सांसद और पूर्व मंत्री के बीच तू-तू, मैं-मैं का ऑडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

अमृत विचार। एक बार फिर से सांसद सुब्रत पाठक चर्चा में आ गए हैं। हफ्ते भर के भीतर ही उनका एक और ऑडियो वायरल हुआ है जिसमें वे पूर्व मंत्री द्वारा कन्नौज से पार्टी का टिकट मांगे जाने पर विफरते सुनाई दे रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता लेकिन इसको लेकर लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव सन्निकट है, किसी भी समय घोषणा हो सकती है। कन्नौज सीट से मौजूदा सांसद

- इसी हफ्ते भाजपा नेता को अपशब्द कहने का ऑडियो हुआ था वायरल

अपनी टिकट को लेकर आश्वस्त हैं और इस बारे में पूर्व में यहां पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अप्रत्यक्ष रूप से मोहर लगा चुके हैं। इस बीच बुधवार को एक ऑडियो प्रचलित हो गया जिसमें दर्जा प्राप्त पूर्व मंत्री सतीश पाल व सांसद के बीच बातचीत होने का दावा किया जा रहा है।

इसमें सांसद द्वारा पाल को समझाने की बात कही जा रही है जिसमें वह मतलब पूछते हैं तो कहते हैं कि जो वे कर रहे हैं उससे भविष्य में उनका नुकसान होगा। इसमें पाल द्वारा कहा जाता है कि 'तुम्हें टिकट मिले तो तुम्हारो विरोध करें तो बतायो।' सांसद द्वारा कहा जा रहा है कि 'तुम्हे पता है कि टिकट किसे मिलेगी किसे नहीं'। पाल द्वारा उन पर धमकाने का आरोप लगाया जा रहा है। यहां तक कि वे सांसद से पूर्व में उनको जिताने की बात कहते सुने जा रहे हैं। और तो और बात बढ़ती है तो पाल कहते हैं वे जरूरत पर उनके पीछे-पीछे घूम रहे थे तो जवाब में उनसे भी पीछे-पीछे घूमने की बात कही जा रही है। इस तरह की काफी बातें हैं। इससे पहले एक भाजपा नेता को अपशब्द कहने का ऑडियो वायरल हुआ था। अब नया ऑडियो वायरल होने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रहीं हैं। यद्यपि दोनों ही ऑडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता।

अवैध शराब सहित चार लोगों को दबोचा

गुरसहायगंज। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर छापेमारी की। पुलिस ने चार लोगों को 50 लीटर अवैध शराब के साथ दबोच लिया और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है।

बुधवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में ग्राम तेराजाकेट के निकट छापेमारी में ग्राम लालपुर निवासी योगेंद्र चंद्र कश्यप व ग्राम समगुरा बहादुरपुर निवासी मनोज यादव को सुलनपुर मार्ग से 10 लीटर अवैध शराब के साथ दबोच लिया। पुलिस ने ग्राम सिंहपुर जाने वाले मार्ग से ग्राम सिंहपुर निवासी अनिल कुमार को 20 लीटर व असौलिया चौराहा से ग्राम बिलंदपुर निवासी तौहीद खान को 20 लीटर शराब सहित को दबोचा।

फाल्ट से पूरी रात गुल रही देहात की बिजली

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- पोल से लगे तार (स्टे) में आये करंट से मवेशी की मौत

अमृत विचार। तेज हवा के साथ हुई बारिश से पूरी रात देहात की बिजली गुल रही। सुबह होने पर पहुंचे लाइनमैन ने जंपर जोड़ कर बिजली व्यवस्थी दुरुस्त की। मानपुर विद्युत उपकेंद्र के निकट गांव अली नगर में स्टे में उतरे करंट से एक मवेशी की मौत हो गई।

रात 11 बजे के करीब तेज हवा चलने के साथ ही बारिश होने लगी। इसी बीच उपकेंद्रों के एसएसओ ने बिजली काट दी। इसके बाद जब बारिश रुकी तो बिजली चालू करने का प्रयास किया लेकिन फाल्टों के कारण नहीं चालू हो सकी। यह हाल मानपुर उपकेंद्र का ही नहीं देहात क्षेत्र के ठठिया, तिर्वा, कढ़ेरा पट्टी, इंदरगढ़, जसोदा पंप कैनाल, वेहरिन, जसपुरापुर, रामाश्रम, गुरसहायगंज, तालग्राम समेत अन्य उपकेंद्रों का भी रहा। जानकारी करने पर पता चला कि लाइन ब्रेकडाउन हो गई है। अब सुबह होने पर ही बिजली मिलेगी। बुधवार सुबह 10 बजे के बाद लाइनमैन पहुंचे तो उन्होंने फाल्ट ठीक किये। अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि हवा चलने व बारिश से कई क्षेत्रों में पेड़ की डाल टूट कर बिजली लाइन पर गिरने से फाल्ट हुए। तो कहीं पर जंपर टूट गये। इससे बिजली गुल हो गई। रात होने से फाल्ट की खोज नहीं हो सकी। सुबह होने पर सभी फाल्ट ठीक कर बिजली व्यवस्था वहाल की गई।

उमर्दा में तूफान से उड़ गए टिनशेड।

उड़े टिनशेड, सौंफ की खेती नष्ट

उमर्दा, कन्नौज। आंधी तूफान में उमर्दा क्षेत्र में टिनशेड उड़ गए तो खेती पूरी तरह से चौपट हो गई। ओला गिरने से किसान की फसल तहस नहस हो गई। हरवलपुर्वा के किसान मलिखान सिंह ने अपने खेत में पांच बीघा सौंफ की खेती की थी जो आंधी तूफान में पूरी तरह से बिछ गई। इसी तरह लाही, गेंहू, आलू, सौंफ का बहुत नुकसान हुआ है।

स्टेशन का कायाकल्प कर रही संस्था ब्लैक लिस्टेड

अपर मंडल रेल प्रबंधक ने किया स्टेशन का निरीक्षण, दूसरी कंपनी को मिलेगा ठेका, 26 को प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअल उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

स्टेशन के बाहर यात्रियों से बातचीत करते एडीआरएम राजीव अग्रवाल। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करतीं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कन्नौज रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर रही कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण काम न करने पर ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से दूसरी कंपनी को ठेका दिया जाएगा। खास बात यह है कि 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्टेशन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे, जबकि यहां अभी तक महज दस फीसदी काम हुआ है।

बुधवार को अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कन्नौज रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 13.50 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे आधुनिकीकरण कार्य का निरीक्षण किया। कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को हटाते हुए उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही टेंडर कर दूसरी कंपनी को ठेका दिया जाएगा। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत योजना के तहत सभी स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। कार्यदायी संस्था ने प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने में मानकों का ध्यान नहीं रखा और जांच में कार्य की गुणवत्ता भी खराब मिली। इस कारण उसे डिबार करते हुए हटा दिया गया है।

दैनिक यात्रियों ने की नई ट्रेन चलवाने की मांग: स्टेशन पर दैनिक यात्रियों ने एडीआरएम को घेर लिया और उनसे शाम को तीन बजे कन्नौज से कानपुर के लिए नई ट्रेन चलवाने की मांग की। यात्रियों ने बताया कि दोपहर बाद एक्सप्रेस ट्रेनें गुजरतीं है, जो कानपुर में मंधना, कल्यानपुर व रावतपुर स्टेशनों पर नहीं रुकतीं हैं। ऐसे में दैनिक यात्रियों को अनवरगंज उतरना पड़ता है। यात्रियों ने एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव कल्यानपुर स्टेशन पर किए जाने की मांग की। एडीआरएम राजीव अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर जल्द ही मेमू ट्रेनों को चलाया जाएगा। इस दौरान सहायक वाणिज्य प्रबंधक आईएस राना, मंडल वाणिज्य निरीक्षक राजकुमार वर्मा, आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक ओपी मीणा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेनों की लेटलतीफी नहीं होगी बर्दाश्त

वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विजय यादव ने स्टेशन मास्टर कक्ष का निरीक्षण किया और ट्रेनों के परिचालन की स्थिति देखी। उन्होंने स्टेशन मास्टर अंजनी प्रसाद को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए सभी ट्रेनों को निर्धारित समय पर चलाएं। ट्रेनों की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं होगी और यात्रियों की शिकायत पर कारण सहित जवाब देना होगा। कोई ट्रेन किस कारण लेट हुई, इसकी भी जानकारी देनी होगी। उन्होंने दिव्यांग यात्रियों को व्हील चेयर उपलब्ध कराने के लिए कहा, तो उनके सामने की कर्मचारी ने व्हील चेयर निकाल कर बाहर रखी।

रेलवे ट्रैक पर मिलीं खामियां, कराया दुरुस्त

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू सिंह ने रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के इंटरलॉकिंग प्वाइंट को देखा तो कई खामियां मिलीं। उसे दुरुस्त कराया तथा सेक्शन इंजीनियर को प्रतिदिन इंटरलॉकिंग प्वाइंट का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मंडल संरक्षा अधिकारी ने बताया कि स्टेशन पर ट्रैक बदलने के लिए इंटरलॉकिंग का उपयोग किया जाता है। पहले यह मैनुअली होता था, लेकिन अब इसे ऑटोमेटिक कर दिया गया है। ट्रैक पर सिग्नल हरा होते ही इंटरलॉकिंग प्वाइंट मोटर के जरिये स्वत: ही ट्रैक को जोड़ देता है।

जायद में मक्का की उन्नत खेती पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- मक्का की प्रसंस्करण इकाईयां लगाने पर ध्यान की जरूरत : डीएम

अमृत विचार। जनपद में जायद में मक्का की उन्नतशील खेती कराये जाने के दृष्टिगत आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के साथ किसान दिवस का आयोजन कलक्ट्रेट परिसर में किया गया। इसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि जनपद में मक्का की खेती लगभग 50 हजार हेक्टेयर में की जा रही है। ऐसी स्थिति में कृषकों एवं कृषक उत्पादन संगठनों को मक्का की प्रसंस्करण इकाईयों लगाने पर ध्यान देना होगा, ताकि और अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके।

उन्होंने बताया कि जायद मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य अन्तर्गत शमिल किये जाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। तिर्वा कैलाश राजपूत ने कृषकों से अपील की कि वह वैज्ञानिकों द्वारा बतायी गयी तकनीकी के आधार पर उन्नतशील प्रजातियों का चयन कर, संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करके ही खेती करें। इससे पहले जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने समस्त किसानों का स्वागत करते हुए मक्का की खेती पर चर्चा की।

डा. वीके कनौजिया वैज्ञानिक प्रसार/अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र अनौगी ने उपस्थित कृषकों को मक्का की खेती में पोषक तत्व प्रबन्धन एवं जल प्रबन्धन पर दी। बताया कि यदि 25 फरवरी तक मक्का की बुवाई कर लेते हैं तो प्रति हेक्टेयर लाखों लीटर पानी की बचत के साथ-साथ उत्पादन लागत में भी कमी की जा सकती है। डॉ. सुशील कुमार ने जायद में मक्का की खेती करने की विस्तृत तकनीकी जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने मक्का की खेती को लेकर जरूरी जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक अरविन्द कुमार सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में वैज्ञानिक डा. अमर सिंह, उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा, मोनिका यादव अग्रणी जिला प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया, एसी जीव लोचन शर्मा मौजूद रहे।

रेस में आयुष, लंबी कूद में रजत को गोल्ड

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

छात्र-छात्राओं को मेडल व शील्ड देकर सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

- एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को पुरस्कृत कर किया सम्मानित

अमृत विचार। एक स्कूल में पिछले हफ्ते आयोजित एनुअल स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को बुधवार को मंच पर मेडल देकर सम्मानित किया गया।

जेएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल में दौड़ अलावा क्रिकेट, खो-खो, बैडमिंटन, लंबी कूद, टग ऑफ वार जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चारों हाउस की विजेता टीमों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 100 मीटर स्प्रिंट रेस में कक्षा 9 के छात्र आयुष शाक्य ने गोल्ड, शिवम कुमार तथा रजत ने क्रमशः सिल्वर और ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। लंबी कूद में कक्षा 11 के छात्र रजत ने सोना बटोरा, रुद्र तथा अजय प्रताप ने क्रमशः सिल्वर और ब्रांज मेडल पाया। 200 मीटर स्प्रिंट रेस में कक्षा 11 के छात्र रुद्र चौहान ने स्वर्ण, अजय प्रताप तथा अर्सलान ने रजत व कांस्य पदक जीता। बेस्ट बॉलर का खिताब कक्षा 8 के हमजा को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन का अवार्ड कक्षा 9 के छात्र देवेश की झोली में आया। बॉयज कैटेगरी में 2 गोल्ड तथा 1 सिल्वर मेडल जीत कर कक्षा 11 के छात्र रुद्र चौहान को चैंपियन घोषित किया। गर्ल्स कैटेगरी में अंशिका भदौरिया ने 3 गोल्ड तथा 2 सिल्वर मेडल जीता।

सीआईएससीई की बोर्ड परीक्षाएं सीसीए में शुरू

छिबरामऊ। काउंसिल फॉर दि इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इग्जामिनेशन्स नई दिल्ली के तहत सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी में आईसीएसई कक्षा-10 की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गयी हैं। 160 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं, जिनमें 101 छात्र व 59 छात्राएं हैं। प्रबंधक प्रदीप प्रधान व प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने शांतचित्त होकर प्रश्न प्रत्र हल करने की सलाह दी। प्रशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों का मुंह मीठा करा कर भेजा। केन्द्र व्यवस्थापक राम यादव ने बताया कि सुपरवाइजिंग इग्जामिनर माडर्न पब्लिक स्कूल फर्रुखाबाद के अनुराग कुशवाह व निखिल जेम्स की देखरेख में हो रहा है।

युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी प्रदीप सिंह का कहना है कि 19 फरवरी की शाम लगभग 07 .30 बजे मोहल्ला गांधी नगर निवासी अतुल गुप्ता व अंकित ने उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

युवक को मारपीट कर दी धमकी

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम महोनापुर निवासी प्रदीप कुमार दुबे का कहना है कि बुधवार को परिवार के युवक ने उसका बेड़ा गिरा दिया। जब उसने मना किया तो उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोशाला का उद्घाटन कर गोवंशों को गुड़, चना खिलाया

छिबरामऊ, कन्नौज। खंड विकास अधिकारी ने अस्थाई गौशाला का उद्घाटन कर 10 गोवंश को गुड़, चना व केला खिलाया। ग्राम पंचायत रतनपुर हयात नगर में शासन द्वारा अस्थाई गोशाला का निर्माण कराया गया है। बुधवार को खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य ने गोशाला का उद्घाटन किया। गायों को फूल माला चढ़ाकर गुड़, चना, मिठाई व केले खिलाए। वहीं ग्राम पंचायत सचिव को गोशाला में साफ सफाई व गायों के हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम प्रधान हुकुम सिंह शाक्य, जॉइंट वीडियो ग्राम अधिकारी राकेशचंद रहे।

गोवंश को गुड़ खिलाते बीडीओ।

सार-संक्षेप

रोडवेज बस स्टैंड पर बारिश से भरा गंदा पानी व कीचड में खड़ी बसें। अमृत विचार

रोडवेज बस स्टैंड पर जलभराव, यात्री परेशान

कन्नौज। चंद मिनट की बारिश ने सरायमीरा रोडवेज बस स्टैंड की पोल खोल दी है। बारिश का पानी स्टैंड पर भर गया। इससे लोगों को निकलने में दिक्कत हुई। हाल खराब देख एआरएम ने विभागीय उच्च अधिकारियों को बस स्टैंड की फोटो व सुधार कराने का मांग पत्र भेजा है। विभागीय लापरवाही से सरायमीरा का रोडवेज बस स्टैंड का सुधार नहीं हो रहा है। करीब आठ वर्ष पहले स्टैंड पर डाला गया डामर पूरी तरह से उखड़ चुका है। मंगलवार की रात 11 बजे के करीब तेज हवा के साथ हुई बारिश से रोडवेज बस स्टैंड पर पानी भर गया। इससे स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को बसों तक पहुंचने व बस से उतर कर जाने में कीचड युक्त पानी से होकर गुजरना पड़ा। इस संबंध में एआरएम स्वदेश कुमार ने विभाग को बस स्टैंड के हाल बयां करती फोटो व पत्र भेजा है। इसमें रोडवेज बस स्टैंड का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। बताया जाता है कि एआरएम की ओर से इससे पहले भी रोडवेज स्टैंड की मरम्मत कराने का पत्र भेजा जा चुका है पर विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कार की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत

गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर से बाजार कर घर लौट रहे साइकिल सवार किसान को तेज गति से जा रही कार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। ग्राम सभापुर निवासी किसान दयाराम यादव (65) वर्ष बुधवार की देर शाम लगभग 8:00 बजे गुरसहायगंज से बाजार कर साइकिल पर सवार होकर घर लौट रहा था। तभी जीटी रोड स्थित कोतवाली के निकट कार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इससे किसान गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। आनन फानन स्थानीय लोगों ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया और घटना को अंजाम देकर भाग रही कर को पकड़ लिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी खबर लगते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

छिबरामऊ, कन्नौज। घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली। बाइक स्वामी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। नगर के मोहल्ला सराफान निवासी गोलू पांडेय पुत्र सप्पू पांडेय ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब छह बजे घर के बाहर उनकी बाइक खड़ी थी। कुछ देर बाद जब वह बाहर आये तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। काफी तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली। गोलू ने कार्रवाई के लिए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।

वृद्धजनों को दी गई कानून की जानकारी

कन्नौज। शहर के पुलिस लाइन रोड स्थित वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने बुजुर्गों को बताया कि यदि वह पैसों की कमी के कारण अपना अधिकार नहीं प्राप्त कर पा रहे है, तो वह विधिक सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करा सकते है। वृद्धावस्था पेंशन आवेदन के लिए भी प्राधिकरण कार्यालय अथवा पराविधिक स्वयं सेवकों से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बुजुर्गों का हालचाल लिया तथा भोजन के बारे में पूछा।

तमंचा समेत शातिर गिरफ्तार

कन्नौज। सरायमीरा चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने चौधरियापुर देसी शराब ठेके के पास से सरायमीरा निवासी प्रदीप यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से देशी तमंचा बरामद हुआ। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रदीप शातिर अपराधी है।

व्यवस्था 100 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के 51884 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा, तीन जोनल, 16 सेक्टर व 100 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात, पांच सचल दल भी होंगे

बोर्ड परीक्षा का 'महाकुंभ' आज से, केंद्रों पर तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

बोर्ड परीक्षा की जानकारी देते डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह।

कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी आशीष कुमार शुक्ला। अमृत विचार

एसईएन इंटर कॉलेज में डेस्क स्लिप लगाते शिक्षक व कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। माध्यमिक बोर्ड परीक्षा का महाकुंभ आज से शुरू हो रहा है, इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर लीं हैं। परीक्षा केंद्रों पर मानक के अनुरूप व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले में तीन जोनल, 16 सेक्टर व 100 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल को भी तैनात किया गया है।

बुधवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि गुरुवार से बोर्ड परीक्षा दोनों पालियों में सभी केंद्रों पर आरंभ होगी। इस बार 100 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,245 तथा इंटरमीडिएट के 24,639 परीक्षार्थी भाग लेंगे। इस तरह जिले में 51,884 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में अनुपस्थित परीक्षार्थियों की सूचना बोर्ड को भेजी जाएगी। केंद्रों पर एक केंद्र व्यवस्थापक, एक बाह्य केंद्र व्यवस्थापक तथा एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। जिले में 12 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू हालत में रखने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कैमरे बंद पाए गए तो केंद्र व्यवस्थापक से लिखित रूप से स्पष्टीकरण लिया जाएगा और कड़ी कार्रवाई होगी।

परीक्षा केंद्रों की होगी ऑनलाइन निगरानी: जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि उनके कार्यालय में एक कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसमें सभी केंद्रों को ऑनलाइन जोड़ा गया है। 24 घंटे केंद्रों की ऑनलाइन निगरानी होगी। इसके लिए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय तथा विभाग की तरफ से लाला श्यामलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आशीष कुमार शुक्ला को प्रभारी बनाया गया है। द्वितीय पाली में कंट्रोल रूम प्रभारी महेंद्र सिंह रहेंगे।

छात्र का नाम छात्रा की सूची में शामिल

गुरसहायगंज, कन्नौज। स्वामी एकरसानंद इंटर कॉलेज तेराजाकेट में हाईस्कूल के छात्र शिवांकी पाल का नाम छात्राओं की स्वकेंद्र सूची में शामिल कर दिया गया। प्रधानाचार्य ने इस गलती को पकड़ लिया और इसकी जानकारी डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह को दी। इस विद्यालय के बालकों का सेंटर बृजभूषण हजेला भारतीय इंटर कॉलेज तालग्राम में गया है। डीआईओएस ने इसकी जानकारी बोर्ड सचिव को दी, जिस पर छात्र शिवांकी पाल का सेंटर बदला गया। डीआईओएस ने बताया कि यह गलती बोर्ड से हुई है, जिसे सुधार दिया गया है। कोई भी छात्र स्वकेंद्र का लाभ नहीं ले सकता।

विद्यालय में देर रात तक होतीं रहीं तैयारियां

गुरसहायगंज, कन्नौज। गुरुवार से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यालयों में देर रात तक तैयारियां होतीं रहीं। नगर के रामगंज स्थित गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज, पंचम लाल इंटर कॉलेज, स्वामी बेधड़क उ.मा. विद्यालय नदसिया, सरोजनी देवी आर्य बालिका इंटर कॉलेज, एचएम इंटर कॉलेज, एवी इंटर कॉलेज, चौधरी विजय इंद्र सिंह इंटर कॉलेज लाड़पुर, जलालाबाद स्थित बीडी तिवारी इंटर कॉलेज में डेस्क स्लिप लगाने सहित अन्य तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। तेराजाकेट स्थित एसईएन इंटर कालेज के नौ कक्षों में डेस्क स्लिप लगाई गई।

तीन अपराधियों की 3.69 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई कार्रवाई, तीनों एक ही गिरोह के सदस्य, भयवश नहीं देता कोई गवाही

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृतविचार। जुआ और सट्टा के जरिये अर्जित की गई अलग अलग स्थानों पर तीन लोगों की 3करोड़ 69लाख 24466 रुपये की सम्पत्ति को जिलाधिकारी वीके सिंह के निर्देश पर तहसीलदार सदर श्रद्धापाण्डे ने कुर्क कर लिया है। यह सब एक ही गिरोह के सदस्य है।

तहसील दार श्रद्धा पांडे ने बताया कि इन लोगो ने जुआ और सट्टा के जरिये करोड़ो की सम्पत्ति अर्जित कर ली थी। शहर कोतवाली के मोहल्ला कुइयाबूट की रहने वाली पारुल मिश्रा पत्नी राजेश मिश्रा का आवासीय प्लाट जिसकी अनुमानित कीमत 25 लाख 96 हजार रुपये तथा बैंक खाते मिला कर 31लाख 71ह जार 896 रुपये की सम्पत्ति कुर्क की गई है। हसनैन निवासी खटकपुरा की 30 लाख की सम्पत्ति कुर्क की गई है। फतेहगढ कोतवाली के गांव विजाधरपुर के रहने वाले

विजाधरपुर में कुर्की करते अधिकारी। अमृत विचार

मौके पर लगी भीड़। अमृत विचार

सर्वेश के 5 आवासीय प्लाट दुकान ,मकान तथा अन्य को मिला कर 3करोड़ 35 लाख 75 हजार की सम्पत्ति कुर्क की गई है। इस तरह तीनों की मिला कर 3 करोड़69 लाख 24466 रुपये की सम्पत्ति कुर्क की गई है। तहसीलदार सदर ने बताया कि इन तीनों ने जुआ खिला कर सट्टा लगवा कर गलत तरीके से सम्पत्ति अर्जित की थी। जिसके मुकदमे चल रहे थे।जिलाधिकारी वीके सिंह के निर्देश पर गलत तरीके से अर्जित की गई सम्पत्ति को आजकुर्क कर लिया गया है। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया कि यह गिरोह आर्थिक एंव भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु समाज विरोधी क्रिया कलाप करते हुये विगत कई वर्षों से गिरोह बनाकर लगातार अपराध अपने स्वार्थ के लिये करते आ रहे है। इस गिरोह का समाज में इतना भय व आतंक व्याप्त है कि जनता का कोई भी व्यक्ति इनके खिलाफ सूचना या गवाही देने के लिये तैयार नहीं होता है। यह गैंग आपराधिक गतिविधियों सहित समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त है। यह गैंग आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु सामूहिक रूप से मिलकर जुआ-सट्टा) खेलता एवं खिलाता है। इस गैंग का मुख्य आपराधिक कार्य जुआ-सट्टा खेलना व खिलाना है। अवैध कृत्यों से एवं अपराधों से अर्जित किये गये अवैध धन एवं चल अचल सम्पत्ति अपने व अपने परिवारीजनों के नाम एकत्रित की है। जबकि अभियुक्त व परिवारीजन की आय का कोई वैध स्रोत नही है। इनकी और सम्पत्तियों का पता लगाया जा रहा है।

रोडवेज बस में नशीली चाय पिला कर यात्री को लूटा

कायमगंज, फर्रुखाबाद। जहरखुरानी गिरोह के सदस्य ने इनायतनगर के एक युवक को रोडवेज बस में नशीली चाय पिलाकर लूट लिया। युवक राजस्थान में प्राइवेट नौकरी करता है।

गांव इनायतनगर निवासी दीपरतन राजस्थान के भीलबाड़ा में धांगा की फैक्ट्री में नौकरी करता है। वह रोडवेज बस से घर वापस आ रहा था। रास्ते में उसे चाय विक्रेता ने नशीला चाय पिलाकर बेहोश कर दिया। चालक व परिचालक उसे ट्रांसपोर्ट चैराहे के पास डाल कर चले गए। कई घंटे वह बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। जब उसे होश आया तो वह जैसे तैसे खोखे वाले के पास गया। उसने घर का मोबाइल नंबर दिया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और दीपरतन को सीएचसी में भर्ती कराया। होश आने पर उसने बताया कि उसके पास से जहरखुरानी गिरोह के सदस्य 17 सौ रुपए, मोबाइल, अन्य जरूरी कागजात ले गए।

सार-संक्षेप

शोभा यात्रा निकाल रहे भक्त। अमृत विचार

नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, शोभा यात्रा निकाली

फर्रुखाबाद। सदर कोतवाली के नवनिर्मित मन्दिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है | विधि-विधान से मूर्तियों को प्रतिष्ठित किया गया। शहर कोतवाली परिसर में मन्दिर का निर्माण कराया गया है। जिमसे भगवान शिव-नंदी, हनुमान जी, दुर्गा माँ की प्रतिमाओ को स्थापित किया गया ।तीन दिन चलने वाली इस प्रक्रिया के को प. रामनरेश दुबे व डोरी लाल मिश्रा नें विधि-विधान से पूजन कराया भगवान को जलाधिवास, पुष्पधिवास, अन्नाधिवास , कराया गया ।मुख्य यजमान प्रमोद द्विवेदी,लक्ष्मी द्विवेदी, दयानिधि अग्निहोत्री व प्रीति अग्निहोत्री ने मूर्ति जागरण , मंडप पूजन , आदि कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा निकली। कोतवाली से शुरू होकर घुमना , नेहरु रोड ,चौक, मठिया देवी मन्दिर, पंडाबाग मन्दिर से पुन : कोतवाली में आकर महा आरती के साथ विराम हुआ। यात्रा में कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी, ,कोतवाल विनोद शुक्ला यातायात प्रभारी रजनेश यादव, एवं नगर के गण मान्य व्यक्तियों एवं महिलाओं ने भाग लिया।

पत्रकारों से बातचीत करतीं डॉ. रजनी सरीन व अन्य। अमृत विचार

नि:शुल्क दिव्यांग शिविर कल से, मिलेंगे कृत्रिम अंग

फर्रुखाबाद। नि :शुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 23, 24 और 25 फरवरी फर्रुखाबाद सेवा केन्द्र एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने सम्पन्न होने जा रहा है। इस शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग नि :शुल्क दिए जाएंगे ।यह जानकारी डॉ. रजनी सरीन ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी। डॉ. सरीन ने कहा कि यह दिव्यांग सहायता शिविर आजादी के 75वें हीरक जयन्ती वर्ष को समर्पित है। हम सब एक दूसरे का दु :ख दूर करने का प्रयास करें। इस शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सुबोध कुमार वर्मा, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखर सक्सेना, फिजिशियन डॉ. कार्तिकेय सिंह व डॉ. केजी बाथम का सहयोग रहेगा ।इस कैम्प में हाथ कटने से दिव्यांग जनों के लिये कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध होगें ।शिविर में दिव्यांगो को कृत्रिम पैर, पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को कैलीपर, वैसाखी आदि नि :शुल्क उपलब्ध करवाई जायेगी । सभी जरूरतमंद दिव्यांग शिविर में पहुँचकर नि :शुल्क सुविधाओं का लाभ उठायें ।कम सुनने वालों को कान की मशीन दी जायेगी। उसके लिए कान की जांच और आधार कार्ड लाना आवश्यक है। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीज अपने आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण-पत्र की फोटो कापी अवश्य लायें ।अगला कैम्प चार माह के बाद होगा। इस मौके परउदय, सुजीत, रोहित ने व्यवस्था संभाली।

भाकियू नेताओ को रोकती पुलिस। अमृत विचार

भाकियू नेताओं ने कटेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर धरना दिया

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन ने फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट गेट पर उग्र प्रदर्शन किया ।20 सूत्री मांगों को लेकर बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों आदि से पहुंचे किसान नेताओं को पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट पर रोक लिया। जिसको लेकर किसान नेताओं की पुलिस प्रशासन से जम कर धक्का मुक्की हुई। बाद में किसानों को एक ट्रैक्टर और एक साउंड को अंदर ले जाने की इजाजत दी गई। प्रशासनिक रवैया से नाराज किसान जिलाधिकारी कार्यालय के सामने कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।कहा कि हम लाठियां से नहीं डरते एसडीएम सदर गजराज सिंह फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह समेत भारी पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। किसान नेताओ ने भाकियू टिकैत गुट के वरिष्ठ कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्र के नेतृत्व में कलेक्ट गेट पर धरना शुरू कर दिया ।नाराज किसान नेता जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े गए। किसानों की नजाकत को भाप एसडीएम गजराज सिंह ने किसानों से वार्ता की । उन्होंने किसानों को डीएम से मिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्होंने किसानों की डीएम से वार्ता कराई। एसडीएम गजराज सिंह ने बताया कि डीएम से वार्ता के बाद किसानों ने धरना खत्म कर दिया है। उनकी जायज मांगो को मान लिया गया है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

संकलन केंद्र की ड्यूटी से चार शिक्षक अनुपस्थित

जीआईसी बना केंद्र

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में भी जमकर लापरवाही बरती जा रही है। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ संकलन केंद्र पर ऐसी लापरवाही सामने आई। संकलन केंद्र प्रभारी इस संबंध में बताने से बचते रहे।

जीआइसी फतेहगढ़ को संकलन केंद्र बनाया गया है। इसके प्रभारी राजू अहिरवार हैं। बताते हैं कि राजू अहिरवार की पुत्री की तबियत खराब होने के चलते बुधवार को अवधेश कुमार के पास चार्ज था। संकलन केंद्र पर जीआईसी फर्रुखाबाद के सहायक अध्यापक गोपीचरन, राघव बाजपेई, कुमार देवव्रत तिवारी प्रवक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकापुर की ड्यूटी इंटरमीडिएट व इसी कॉलेज के प्रवक्ता अनुक्रम दुबे की ड्यूटी हाईस्कूल संकलन केंद्र पर लगाई गई थी। बुधवार को इनमें से कोई भी परीक्षा ड्यूटी ज्वाइन करने नहीं आया। सूत्रों ने बताया कि गोपीचरन और राघव बाजपेई आए तो नहीं, लेकिन उनकी तरफ से पत्र भिजवा दिया गया कि उन्हें दोपहर बाद कॉलेज से रिलीव किया गया। वहीं प्रवक्ता अनुक्रम दुबे ने कोई सूचना भी नहीं भिजवाई।

बोर्ड परीक्षा आज से, 47,896 परीक्षार्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 2024 की परीक्षाएं 22 फरवरी यानि कि आज से शुरू हो जाएंगी। हाईस्कूल-इंटर के 47,896 परीक्षार्थी 79 केंद्रों में परीक्षा देंगे। केंद्रों पर सीटिंग प्लान किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर निगरानी की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बैठकर परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया गया। बोर्ड परीक्षा 79 केंद्रों में होगी। इसमें एक भी केंद्र संवेदनशील चिह्नित नहीं किया गया है।

रस्तोगी इंटर कॉलेज में कक्षा कक्षों में सीटिंग प्लान चल रहा था। प्रधानाचार्य कार्यालय में छात्र-छात्राओं के रोल नंबर की सूची तैयार की जा रही थी। प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद में भी कर्मचारी सीटिंग प्लान में लगे थे। जीआईसी फतेहगढ़ में सीटिंग प्लान के बाद परीक्षा वाले कमरे बंद कर दिए गए। जीआईसी फतेहगढ़ संकलन केंद्र भी है, इसलिए संकलन कार्य में लगे शिक्षकों ने पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन की। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह कार्यालय में बैठकर परीक्षा की तैयारियों के बारे में मातहतों से जानकारी करते रहे। कक्ष निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए कि वह ड्यूटी ग्रहण कर लें। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी।

तैयारी पर एक नजर

परीक्षा केंद्र	79
संवेदनशील केंद्र	00
केंद्र व्यवस्थापक	79
वाह्य केंद्र व्यवस्थापक	79
सेक्टर मजिस्ट्रेट	11
स्टेटिक मजिस्ट्रेट	78
सचल दल	06
जोनल मजिस्ट्रेट	06
कक्ष निरीक्षक	2171
हाईस्कूल के परीक्षार्थी	26,493
इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी	21,403

अमृतपुर में बनाये गए सात परीक्षा केंद्र

अमृतपुर। तहसील क्षेत्र में यूपी बोर्ड की परीक्षा कराने के लिए सात कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बोर्ड की परीक्षाओं के लिए तहसील क्षेत्र के गंगापार महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर , राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर, दयानंद इंटर कॉलेज अमृतपुर, जनता भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरखा, शांतिदेवी रघुराज सिंह इंटर कॉलेज कुबेरपुर , जनता इंटर कॉलेज खंडौली, नीरज इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन परम नगर फर्रुखाबाद सहित 7 कॉलेज को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बनाया गया है। केंद्र प्रभारी तैयारियों मे व्यस्त रहे।

- कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की होगी निगरानी, तैयारी पूरी

पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली का आरोप, सांसद आवास का घेराव

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने बुधवार को सांसद मुकेश राजपूत के आवास का घिराव कर लिया। अभ्यर्थियों ने मांग की कि पुलिस भर्ती परीक्षा दोबारा कराई जाए। अभ्यर्थी काफी समय तक हंगामा करते रहे, और उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत को सौपा। पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल रागिनी ने बताया कि 17 और 18 फरवरी को जो पुलिस भर्ती परीक्षा हुई है उस परीक्षा में पूरी तरह से धांधली की गई है। जो पेपर श्याम 3:00 बजे होना था। उसे सोशल मीडिया पर 9:00 बजे ही आउट कर दिया गया। जिससे काफी लोग अच्छे नंबरों से पास हो गए। जो तैयारी करके परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे

घेराव करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

वह रुक गए। यही कहना मनोज का है। शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया हरलाल का रहने वाला मनोज बताता है कि प्रश्न पत्र पहले ही आउट कर दिया गया ।उसका कहना है कि यह परीक्षा दोबारा कराई जाए। सांसद मुकेश राजपूत को ज्ञापन देकर उसने दोबारा परीक्षा कराई जाने की मांग की है। रागिनी ने बताया कि सांसद मुकेश राजपूत ने उन लोगों को न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिया है ।इसी भरोसे के चलते वह लोग वापस लौट रहे हैं ।यदि दोबारा परीक्षा न कराई गई तो परीक्षा में शामिल सभी परीक्षार्थी आंदोलन करके सीएम से मांग करेंगे।

नीलगाय की टक्कर से मां गंभीर, पुत्र बचा

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव पचरौली महादेपुर निवासी भारती देवी अपने पुत्र के साथ रिश्तेदारी से आ रही थी। पचरौली के पास अचानक खेतों से नीलगाय बाहर निकल आया जिसमें उनकी बाइक नील गाय से टकरा गई जिसमें भारती देवी गंभीर घायल हो गई। जबकि उनका पुत्र बाल बाल बच गया। परिजन भारती को सीएचसी लाए। जहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

ग्रामीण ने जहरीला पदार्थ पीया, गंभीर

कायमगंज, फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासी विमलेश ने संदिग्ध हालात में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन सीएचसी लाए। हालत गंभीर होने पर उसे डाक्टर ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

लोधी महासभा आज ढाईघाट पर करेगी महादेव का जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। रामनगरिया ढाईघाट शमसाबाद में लोधी महासभा के आह्वान पर प्रथम बार लोधेश्वर महादेव गंगा स्नान एवं जलाभिषेक ,, अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा की मौजूदगी में किया जाएगा। यह जानकारी नवभारत सभा भवन में आयोजित लोधी महा सभा की बैठक में मंगलवार को दी गई।

बैठक में अरविंद राजपूत ने कहा कि रामनगरिया ढाईघाट शमसाबाद में विशाल लोधेश्वर महादेव गंगा स्नान एवं जलाभिषेक का आयोजन 22 फरवरी गुरुवार माघ मास के त्रयोदशी को होने जा रहा है। जिसके मुख्य यजमान राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी महासभा सदर विधायक एटा एवं सभापति पंचायतीराज उ प्र शासन विपिन वर्मा डेविड , प्रदेश प्रभारी हरपाल सिंह लोधी एवं प्रदेश अध्यक्ष लोधी महासभा उत्तम चंद राकेश लोधी होंगे। पहली बार हो रहे इस अनोखे आयोजन की चर्चा ग्रामीण क्षेत्र में हर जगह हो रही है। पुरुष, महिलाऐं बच्चे भारी संख्या में 22 फरवरी को गाजे-बाजे के साथ पहुंचने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

इस आयोजन मे विशाल भंडारे की तैयारियां गांव गांव में चल रहीं हैं। जिसकी व्यवस्था मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिला प्रभारी बेचेलाल वर्मा, जिला सह प्रभारी अजय कुमार वर्मा, जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राम सरकार राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह राजपूत एडवोकेट, महामंत्री अनिल राजपूत, सर्वेश राजपूत , मगनलाल वर्मा, रामगोपाल वर्मा आदि की निगरानी में की जा रही है।

भाकियू नेताओ को रोकती पुलिस। अमृत विचार

भाकियू नेताओं ने कटेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर धरना दिया

फर्रुखाबाद। भारतीय किसान यूनियन ने फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट गेट पर उग्र प्रदर्शन किया ।20 सूत्री मांगों को लेकर बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों आदि से पहुंचे किसान नेताओं को पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट पर रोक लिया। जिसको लेकर किसान नेताओं की पुलिस प्रशासन से जम कर धक्का मुक्की हुई। बाद में किसानों को एक ट्रैक्टर और एक साउंड को अंदर ले जाने की इजाजत दी गई। प्रशासनिक रवैया से नाराज किसान जिलाधिकारी कार्यालय के सामने कलेक्ट्रेट गेट पर धरने पर बैठ गए। किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।कहा कि हम लाठियां से नहीं डरते एसडीएम सदर गजराज सिंह फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह समेत भारी पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। किसान नेताओ ने भाकियू टिकैत गुट के वरिष्ठ कानपुर मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्र के नेतृत्व में कलेक्ट गेट पर धरना शुरू कर दिया ।नाराज किसान नेता जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े गए। किसानों की नजाकत को भाप एसडीएम गजराज सिंह ने किसानों से वार्ता की । उन्होंने किसानों को डीएम से मिलाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद उन्होंने किसानों की डीएम से वार्ता कराई। एसडीएम गजराज सिंह ने बताया कि डीएम से वार्ता के बाद किसानों ने धरना खत्म कर दिया है। उनकी जायज मांगो को मान लिया गया है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

लगाया आरोप जिलाधिकारी को समस्याएं न बता पाने पर संत-महात्माओं में आक्रोश, फोन पर भी बात न करने से गुस्सा बढ़ा

मेला रामनगरिया नहीं पहुंचे डीएम, संतों ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में हुई हल्की बूंदाबादी के बाद जिलाधिकारी के न पहुंचने पर संतो ने नाराजगी जाहिर की है। पंच दशनामी जूना अखाड़े के अध्यक्ष महात्मा सत्य गिरी ने चेतावनी दी है कि शाम तक जिलाधिकारी यदि संतों की समस्या सुनने न आये तो गुरुवार से सभी अखाड़ों के संत-महात्मा आंदोलन शुरू कर देंगे।

जूना अखाड़े के अध्यक्ष सत्य गिरी ने बताया कि कल शाम से हो रही बूंदाबांदी की वजह से साधु संत परेशान है ।साधु संतों की समस्या को बताने के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को फोन मिलाया तो फोन जिलाधिकारी के अर्दली ने उठाया। उन्होंने डीएम से बात कराने की जब बात की तो अर्दली ने उनकी बात जिलाधिकारी से नहीं कराई और कहा कि वह आम जनता की तरह आकर जिलाधिकारी से भेंट करें। अपनी समस्या बताएं। महात्मा

महंत सत्य गिरी। अमृत विचार

सत्याग्रह ने बताया कि इसके बाद वह डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट गए लेकिन जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं हो सकी। जिलाधिकारी का फोन लगातार उनका अर्दली नहीं उठा रहा है ।सत्यागिरी ने कहा कि संतों की समस्या को सुनने के लिए यदि जिलाधिकारी बीके सिंह आज शाम तक मेला रामनगरिया नहीं आते हैं तो गुरुवार से सभी अखाड़ों के संत आंदोलन शुरू कर देंगे । इस मौके पर संत समिति के अध्यक्ष मोहनदास आदि मौजूद रहे।

वैदिक शिविर में दिया गया संस्कार का ज्ञान

फर्रुखाबाद। मेला श्रीराम नगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में बुधवार को संस्कारों का प्रशिक्षण दिया गया। जहां आये हुए अनेकों विद्वानों ने मनुष्य के जीवन मे संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत सोमवार पूरी महाराज ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों जे सभी संस्कार वैदिक रीति से नियमित होने चाहिए जिससे संतान चरित्रवान व बलवान बने। इस अवसर पर मुख्यतः अन्नप्राशन संस्कार का सामूहिक आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत सोमवार पूरी जी महाराज व आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने बालक उत्कर्ष आर्य को मधुर पदार्थ खीर खिलाकर की। आचार्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने संस्कार विधि में लिखा है कि अन्नप्राशन संस्कार सातवां संस्कार है। जब बालक छः मास का हो जावे तब उसकी आंतों

प्रशिक्षण देते आचार्य। अमृत विचार

में अन्न पचाने की क्षमता विकसित होने लगती है तभी विद्वानों को बुलाकर यज्ञ कर का थोड़ा-थोड़ा मिष्ट पदार्थ बालक को रुचि अनुसार खिलाना चाहिए। इससे पूर्व बालक को अन्न खिलाना वैज्ञानिक रूप से भी निषेध है। ऋषियों ने सभी संस्कारों की जो अवधि निश्चित की है उसी अवधि में सभी संस्कार होने चाहिए। शिवनारायण आर्य व धर्मवीर आर्य ने भक्ति गीत सुनाए। उदिता आर्या ने ऋषि दयानंद की महिमा के गीत गाए।आचार्य विवेक ने यज्ञ की सम्पूर्ण विधि को सम्पन्न कराया। आज के यजमान हरिओम शास्त्री व रेनू आर्या ने सपरिवार यज्ञ में आहुतियां दी। भण्डारे का आयोजन कर साधु संतों व कल्पवासियों को ऋषि प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में बाबा जमुना दास, दलबीर शास्त्री,सुरेश चंद्र वर्मा,शिशुपाल आर्य,उदयराज आर्य,रत्नेश द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, उपासना कटियार आदि रहीं।

मेला में पीआरडी के जवानों ने बांटी जलेबी

फर्रुखाबाद। मेला श्री रामनगरिया में हर वर्ष की तरह इस बार भी पीआरडी जवानों ने सभी जवानों के सहयोग से जलेबी का वितरण किया। जिसका सुभारंभ गंगा मैया को भोग लगाकर किया गया ।जलेबी वितरण एस ओ मेला प्रभारी सत्य प्रकाश द्वारा किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कमांडर राजेपुर विनोद कुमार तिवारी,मेजर सत्यपाल सिंह,ब्लॉक कमांडर बढ़पुर आनन्द सिंह,ब्लॉक मोहम्मदाबाद शिव कुमार,शिव शंकर मिश्रा,सुनील सिंह,रामकिशोर व अन्य पीआरडी उपस्थित रहे।

जलेबी बांटते पीआरडी के जवान।

विरोध प्रदर्शन करने आई महिलाएं। अमृत विचार

आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला लाभार्थियों ने किया प्रदर्शन

कायमगंज फर्रुखाबाद। बीआरसी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रेमनगर व घसिया चिलौली की लाभार्थियों ने प्रदर्शन किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री पर राशन न देने का आरोप लगाया और कहा कार्यकत्री उनसे ओटीपी मांग कर कागजी कार्रवाई पूरी कर लेती है।

नगर के गांव घसिया चिलौला स्थित बीआरसी कार्यालय पर दो दर्जन से अधिक लाभार्थी महिलाओं ने प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा 6 महीने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने राशन नहीं दिया है। आंगनबाड़ी उन सब से फोन करके ओटीपी

- कार्यकत्री पर लगाया आरोप कहा-ओटीपी मांग कर लेती है कागजी कार्रवाई पूरी

पूछ लेती है लेकिन हमे राशन नही देती है। वहां मौजूद स्वयं सहायता समूह की पुष्पा और सविता ने कहा कि हम हर महीने आंगनबाड़ी को राशन उपलब्ध करा देते है। लेकिन आंगनबाडी इस राशन का क्या करती है। इसकी किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही है। पांच आंगनबाड़ी केन्द्र है लेकिन मौके पर केवल एक ही आंगनबाड़ी केंद्र खुला मिला।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

संपादकीय

पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती

छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

प्रसंगवश

न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।

पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन

असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

सोशल फोरम

गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है, जो वह जोड़ता है, वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर, जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं, लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी, बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है, (कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं, क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर, 1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों, 'अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें, फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा, जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे, जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

44090 परीक्षार्थियों की बोर्ड परीक्षा आज से, तैयारियां पूरी

नकल पर नकेल कसने की तैयारी, 14 जोन में बांटा गया जनपद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

69 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा

अमृत विचार। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। इस परीक्षा में नकल पर नकेल कसने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए 69 केंद्र बनाए गए हैं जिनमें हाई स्कूल व इंटर के 44090 परीक्षार्थी परीक्षा देंगें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक एक अधिकारी को स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाया गया है इन्ही की निगरानी में परीक्षा होगी।

इन परीक्षाओं पर पैनी नजर रखने के लिए जिले को 14 सेक्टर और 6 जोन में बांटा गया है। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट परीक्षा पर नजर रखेंगे। कुल 69 परीक्षा केंद्रों में से तीन परीक्षा केंद्रों को क्रिटिकल माना गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के 1200 तथा बेसिक शिक्षा विभाग के 1800 शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा के लिए ड्यूटी पर लगाया गया है। यूपी बोर्ड की ओर से परीक्षाएं कराए जाने को लेकर काफी दिनों से तैयारी चल रही थी और अब परीक्षा का सिर्फ एक दिन शेष रह जाने पर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। परीक्षा केंद्र पर परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएंगी और सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर लिया गया है कि वह भली-भांति चल रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है यहां से सीसीटीवी के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों के सभी परीक्षा कक्षों पर पूरी नजर रखी जाएगी। जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग ने ऐसी तैयारी की है जिससे नकल ना हो सके और नकल विहीन परीक्षाएं कराई जाएं। सघन चेकिंग की व्यवस्था की गई है। विभाग की ओर से 6 उड़नदस्ते बनाए गए हैं। यह उड़नदस्ते परीक्षा के दिनों में अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण करेंगे और छापेमारी करके देखेंगे कि कहीं नकल तो नहीं हो रही है।

आज की परीक्षा

प्रथम पाली- हाईस्कूल हिन्दी/ प्रारम्भिक हिन्दी, इंटर का सैन्य विज्ञान

द्वितीय पाली- हाईस्कूल वाणिज्य, इंटर का हिन्दी/ सामान्य हिन्दी

इस तरह है परीक्षार्थी

हाई स्कूल के परीक्षार्थी

छात्र	12948
छात्राएं	10614
कुल	23565

इंटरमीडिएट परीक्षार्थी

छात्र	11973
छात्राएं	8555
कुल	20528

बोर्ड परीक्षा एक नजर में

कुल परीक्षा केंद्र	69
क्रिटिकल परीक्षा केन्द्र	3
स्टेटिक मजिस्ट्रेट	69
वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक	- 69
सेक्टर मजिस्ट्रेट	14
जोनल मजिस्ट्रेट	- 6
उड़नदस्ते	- 6

परीक्षा का समय

प्रथम पाली सुबह 8 :30 बजे से 11 :45 बजे तक

द्वितीय पाली दोपहर 2 :05 बजे से 5 :15 बजे तक

राजेश्वरी देवी को प्रधान पद की सौंपी गई जिम्मेदारी

महेवा,इटावा। ग्राम पंचायत राहतपुर में दिवंगत ग्राम प्रधान की ग्राम पंचायत सदस्य पत्नी को सभी सदस्यों ने कार्यवाहक प्रधान बनाने का प्रस्ताव पारित किया। ग्राम प्रधान राहतपुर जगदीश चन्द्र की बीमारी के चलते गत 04 फरवरी को मृत्यु हो गयी थी। सभी सदस्यों की बैठक बुधवार को हुई जिसमें एक स्वर से मृतक प्रधान की पत्नी राजेश्वरी देवी को कार्यवाहक प्रधान बनाने का समर्थन किया । ए डी ओ पंचायत श्याम वरन राजपूत की अध्यक्षता में व पंचायत सचिव अनुज गुप्ता के संचालन में बैठक हुई। जिसमें सभी मौजूद 11 सदस्यों जिसमे प्रतिमा देवी ,शारदा देवी ,उमेन्द्र सिंह ,ब्रजेश बाबू ,राकेश बाबू ,अनुज कुमार ,,राजेश्वरी ,रामजानकी ,रीनू ,अनीता यादव ,रमाकांत ने एक स्वर से राजेश्वरी देवी सदस्य ग्राम पंचायत को कार्यवाहक प्रधान बनाने का समर्थन किया।इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु चौकी प्रभारी अहेरीपुर दयानन्द पटेल , एस ओ लवेदी ,एस आई अमित कुमार ,ललित कुमार सहित करीब दो दर्जन पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

तैयारी: नई मंडी में कराई जाएगी लोकसभा चुनाव की मतगणना



कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मतगणना तथा पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण
- अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिये कहा

नई मंडी स्थल का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने मंडी समिति परिसर का मतगणना की व्यवस्था के लिए निरीक्षण किया । उन्होंने पोलिंग पार्टी रवानगी एवं वापसी पार्टी के साथ ही मतगणना स्थल के संबंध में समय रहते व्यवस्था किए जाने तथा अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन किए जाने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को नाले आदि की साफ सफाई कराए जाने के लिए कहा। गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गाड़ी पार्किंग में गाड़ियों को क्रम एवं डायरेक्शन से ही खड़ा कराया जाए जिससे आने-जाने में कोई भी समस्या ना हो। जिलाधिकारी ने सभी स्ट्रांग रूम को देखा एवं साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्मिकों का प्रशिक्षण के लिए दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित अधिकारी को समय रहते कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न होने पाये।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार ,मंडी सचिव अनिल कुमार मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव राहिन में एक महिला का संदिग्ध अवस्था में शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला । मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंचे और उन्होंने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया ।

गांव निवासी राधा मोहन की शादी 15 वर्ष पूर्व पिंकी के साथ हुई थी। मंगलवार की रात को पिंकी का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। सुबह परिवार के लोगों ने देखा तो इसकी जानकारी पिंकी के मायके वालों को दी। जानकारी मिलने पर मृतका का भाई शिवम व चाचा लाखन सिंह के अलावा परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के भाई शिवम ने आरोप लगाया कि ससुरालीजन पिंकी का उत्पीड़न करते थे। ससुरालीजनों ने उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया। मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दो बाइक सवार घायल

जसवंतनगर, इटावा । नेशनल हाईवे पर थाना क्षेत्र में मलाजनी गांव के पास ढाबा के सामने दो बाइक सवारों के आपस में टकरा जाने से दोनों घायल हो गए। गांव शीपुरा निवासी नरेश कुमार मलाजनी जा रहे थे, तभी हाईवे पर सामने से गांव मलाजनी के गोविंद सिंह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर निकले । दोनों में आमने सामने टक्कर हो जाने से दोनों लोग घायल हो गए। एम्बुलेंस से ईएमटी अनूप कुमार, पायलट सतेंद्र सिंह घायलों को सीएचसी ले गए।

संयुक्त किसान मोर्चा ने धरना देकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

धरना-प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते किसान । अमृत विचार

अमृत विचार। संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर इटावा में भी किसानों ने मार्च निकालकर कचहरी में धरना दिया और ज्ञापन सौंपा। इसमें मुख्य रूप से एसएसपी की मांग उठाई गई है।

इन किसानों की मांगों में बिजली बिल 2022 वापसी, किसानों मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी, स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने से रोकने , सिंचाई को फ्री व 300 यूनिट घरेलू बिजली फ्री देने के योगी सरकार के वायदा पूरा करने की मांग शामिल हैं। इसके साथ ही अन्य मांगों को लेकर कचहरी पर किसानों द्वारा संयुक्त मोर्चा के बैनर तले रोष व्यक्त करते हुए धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया ।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)के जिला अध्यक्ष संजीव यादव ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों पर बर्बर दमन कर आंदोलन को कुचलना चाहती है। यह हमारे संविधान के ही विरुद्ध है । हम लोग डरने वाले नहीं हैं। हर कीमत पर इस लड़ाई को आगे बढ़ाएंगे। किसान सभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य ने कहा कि संयुक्त मोर्चा पूरी तरह मजबूत है। लगातार जोरदार आंदोलन चला कर एमएसपी व अन्य मांगें हासिल कर दोबारा मोदी सरकार को झुकाने का काम करेगा । किसान यूनियन(टिकैत) के जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह यादव, किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमर सिंह शाक्य, डा तिलक सिंह शाक्य, रामकिशन उर्फ लंबे ,रणवीर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए ह्रदेश कुमार ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किये। संचालन प्रमोद यादव ने किया।

सार-संक्षेप

शिवम का इंस्पायर योजना में चयन

महेवा, इटावा। ग्राम नगरिया बुजुर्ग निवासी शिवम सिंह पुत्र सूरजन सिंह ने कालेज के विज्ञान अध्यापक अंकुर सक्सेना के नेतृत्व में इंस्पायर योजना में सफलता प्राप्त की है । वह बिहारी जी इंटर कालेज अहेरीपुर में कक्षा 09 विज्ञान वर्ग के मेधावी छात्र है। छात्र की सफलता पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. निशा वर्मा ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवक्ता अवनीश यादव ,रमापति मौर्य ,राणा यादव ,अनूप जाटव ,रविकांत तिवारी , अशोक बाबू, सतीश आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

बैंक कर्मचारियों को दी गई विदाई

महेवा, इटावा। जिला सहकारी बैंक महेवा में कार्यरत कैशियर राजेन्द्र कुमार एवं अरविंद कुमार का स्थानांतरण होने के बाद विदाई दी गयी। शासन की नीति के अनुसार तीन वर्ष से अधिक तैनात कर्मियों का तबदला किया गया है । जिसमें राजेन्द्र कुमार को चकरनगर तथा अरविंद कुमार का इकदिल बैंक में स्थानांतरण किया गया । उनकी जगह पर चकरनगर बैंक से सुदेश कुमार व अजीतमल बैंक से दीपमाला को महेवा भेजा गया है। बैंक के प्रबंधक सजंय कुमार यादव ने विदाई दी। इस अवसर पर धुवपाल सिंह यादव, समाजसेवी डॉ हरी चौबे , राजेश दुबे ,गोपाल दीक्षित ,संजय शर्मा ,अमित शर्मा ,लखननरेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे ।

फेंको विधि से 30 नेत्र रोगियों के हुए ऑपरेशन

इटावा । भीमराव आंबेडकर जिला चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. आनंद उपाध्याय मोतियाबिंद के रोगियों के लिये वरदान साबित हो रहे हैं। 10 वर्ष की सेवा काल में अभी तक 35000 लोगों की आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर चुके हैं। अलीगढ़ नेत्र चिकित्सालय में दक्षता हासिल करने वाले डॉक्टर उपाध्याय ने जिला चिकित्सालय में मोतियाबिंद के चयनित 30 रोगियों का फेंको विधि द्वारा निशुल्क ऑपरेशन किया। ऑपरेशन कराने वाले मरीज बलराम , रामनरेश , भुवनेश कुमार , जंग बहादुर, वकील, कमला देवी, श्रीवती ने बताया कि ऑपरेशन अच्छे तरीके से किया गया।

झोपड़ी में आग लगने से गृहस्थी राख

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- झोपड़ी में सो रहे दंपति आग लगने से झुलसे, गांव के लोगों ने जान पर खेलकर बचाया
- पीड़ित ने गांव के लोगों पर झोपड़ी में रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाया

अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के गांव केशोंपुर में मंगलवार की रात को एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलने पर गांव के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने झोपड़ी में सो रहे दंपति को बाहर निकाला। आग से दोनों झुलस कर घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने से झोपड़ी में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने गांव के लोगों पर झोपड़ी में रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी मान सिंह अपनी पत्नी सुस्ती देवी के साथ गांव में 15 वर्षों से झोपड़ी डालकर रह रहे थे। मंगलवार की रात दंपति झोपड़ी में सो रहे थे तभी उसमें अचानक आग लग गई। लोगों को जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचे और झोपड़ी में फंसे दंपति को बाहर निकालने का प्रयास किया। बाद में दोनों को बाहर निकाला तब तक आग से दोनों झुलस गए। बाद में लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लोग जब तक आग बुझाते तब तक झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मान सिंह के पुत्र उदयवीर ने बताया कि आग लगने से झोपड़ी में रखा करीब तीस हजार का सामान व 20 हजार की नकदी जलकर राख हो गई। दंपति के बेटे ने थाना चौबिया पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें बताया गया है कि गांव के लोगों के द्वारा पुरानी रंजिश के चलते झोपड़ी में आग लगाई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

सड़क हादसों में दो लोग हुए घायल

इटावा। जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पहली घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर मानिकपुर मोड़ के पास हुई। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में मोहल्ला अजीत नगर के रहने वाले महेंद्र सिंह (58) अपनी साइकिल से मंगलवार शाम को घर जा रहे थे। पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया। दूसरी घटना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर नगला दलप के पास हुई जहां सड़क पार कर रहे राम चरन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कुएं में गिरने से शिक्षक की मौत

संवाददाता भरथना,इटावा

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण । अमृत विचार

अमृत विचार। पैर फिसलने से सिर के बल कुएं में गिरने से शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। शिक्षक पम्पिंग सेट से अपने खेतों की सिंचाई कर रहा था।

भरथना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भिटारी (अदलीपुर) में मंगलवार की देर शाम खेत पर पम्पिंग सेट से सिंचाई कर रहे शिक्षक पुष्पेन्द्र यादव उर्फ टिल्लू पुत्र स्व प्रताप सिंह यादव का पैर फिसलने से सिर के बल कुएं में जा गिरा। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में टिल्लू को कुएं से बाहर निकाला और भरथना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित जिला मुख्यालय व मिनी पीजीआई सैंफई इलाज को लेकर पहुंचे। वहां पर डाक्टरों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा वीरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुष्पेन्द्र यादव चौ. जवाहर सिंह इंटर कालेज सुतियानी में शिक्षक के पद पर कार्यरत था। मंगलवार को शिक्षण कार्य के बाद वह अपनी गेहूं की फसल में पम्पिंग सेट से सिंचाई कर रहा था। इसी बीच निकट में बने बगैर बाउंड्री वाले कुएं के समीप पैर फिसल जाने से वह सिर के बल जा गिरा। भरथना पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

चौकीदारों व ग्राम प्रहरी ने सौंपा ज्ञापन

इटावा। अपनी समस्याओं को लेकर ग्राम प्रहरियों, चौकीदारों ने बुधवार को कचहरी पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

इनका कहना है कि ग्राम प्रहरी व चौकीदार 24 घंटे नौरी करते हैं तब भी सिर्फ 2500 रुपये का अल्प वेतन ही उनको मिलता है। इसे लेकर ग्राम प्रहरी व चौकीदार कई बार शासन में प्रशासन स्तर पर पत्राचार भी कर चुके हैं । उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम प्रहरियों व चौकीदारों की पूर्व की मांगों पर भाजपा सरकार ने मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया था लेकिन सरकार बनने के बाद मांगे पूरी नहीं की। ग्राम प्रहरियों का कहना है 70,000 ग्राम प्रहरी के पास लगभग 35 लाख वोटों का प्रतिनिधित्व हैं।

आफत खेतों में गेहूं की फसल गिर गई और सरसों की फलियां टूट गई, गिरी फसल देखकर किसान हुए परेशान

बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

बारिश व ओलावृष्टि से गेहूं की गिरी फसल। अमृत विचार

अमृत विचार। बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। इस बारिश और कुछ स्थानों पर गिरे ओलों ने किसानों की तैयार हो रही फसल को नुकसान पहुंचाया है। किसान दुआ कर रहे हैं कि और बारिश ना हो। खड़ी फसलों के गिरने से अब इन फसलों के फिर खड़े होने और पूरी पैदावार की संभावना कम हो गई है।

गेहूं की फसल गिरी, सरसों की फलियां टूटीं : तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में गेहूं की फसल गिर गई तो सरसों की फलियां टूट गई हैं। वहीं आलू खेत की खुदाई प्रभावित हुई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

चित्तरपुर गांव निवासी किसान अमित कुमार ने बताया कि गेहूं की फसल में बाली आ रही है। हवा के साथ बारिश होने से फसल गिर गई है। अब बारिश से गेहूं व सरसों की फसल का उत्पादन भी प्रभावित होता दिख रहा है। दींग निवासी किसान सोनू ने बताया कि ओलावृष्टि से गेहूं व सरसों को भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी कृषि शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि ताखा क्षेत्र के कुछ गांव में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई है जिसमें किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है।

बारिश के बीच गिरे ओले

सैफई, इटावा। बेमौसम बारिश से खासकर गेहूं की फसलें खेतों में बिछ गई हैं। सरसों की फसल को भी नुकसान हुआ है। गांवों में लोगों के घरों की छतों के साथ ही दरवाजों पर बर्फ सी परत जम गई। 10 से 15 फीसदी फसलों को नुकसान हुआ है। सैफई तहसील क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि बारिश व ओले गिरे। सैफई इलाके के परासना, चंदेपुरा, उत्तमपुरा, मधियापुरा, नगला शिशिया आदि गांव के खेतो में गेहूं, सरसों, आलू की फसलों को करीब 10 से 15 फीसदी के आसपास बारिश और ओले गिरने से नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। तहसीलदार जावेद अंसारी ने बताया कि सूचना पर सभी क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में सर्वे कराया हैं उसमे रिपोर्ट मिली 10 से 15 फीसदी नुकसान का अनुमान लगाया गया हैं।

किसानों ने उठाई मुआवजे की मांग

इटावा। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री एवं उप्र के महामंत्री मुकुट सिंह ने ओला वृष्टि, तेज हवाओं, बेमौसम बरसात से रबी की फसलों खासकर गेहूं, सरसों, दलहन आदि में प्रदेश के विभिन्न जिलों और इटावा के कई इलाकों में हुए नुकसान पर दुख और चिंता प्रकट की है और उ प्र सरकार से मांग की है कि नुकसान का तुरंत आकलन करा कर पीड़ित किसानों, मजदूरों को मुआवजा दिया जाये। जिससे किसानों के सामने किसी प्रकार की समस्या न हो।

औषधीय खेती से ज्यादा लाभ कमाएं किसान

संवाददाता महेवा, इटावा

- ग्राम बहेड़ा में किसान गोष्ठी का हुआ समापन
- कृषि वज्ञानिकों ने किसानों को किया जागरूक

औषधीय खेती के बारे में जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक । अमृत विचार

अमृत विचार। ग्राम बहेड़ा के वृंदा हर्बल पार्क में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि विशेषज्ञों ने प्राकृतिक कृषि करने के बारे में किसानों को बताया।

कन्नौज के सुगंध एवं सुरस विकास केंद्र के सहायक निदेशक एपीसिंह ,वैज्ञानिक ज्ञानेंद्र सिंह किसानों को फूलों ,मेन्था ,तुलसी आदि की खेती के बारे में बताया। सुगंध एवं औषधीय फसलों के कृषि करण ,आसवन व विपणन के बारे में किसानों को जागरूक किया । कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि ज्यादातर भारतीय परंपरागत कृषि को ही करते रहते हैं, आज के समय किसान औषधीय कृषि को करके ज्यादा मुनाफा कमा सकता है ।

ग्राम प्रधान बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर ने सभी कृषि वैज्ञानिकों और किसानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कहा कि अब हम लोग इस प्रकार की खेती में मेन्था ,पामारोजा ,सिट्रोनेला ,तुलसी ,अश्वगंधा ,गुलाब ,गेंदा ,बेला ,सर्पगंधा सहित अन्य कई औषधीय पौधों की खेती करके एक नई शुरुआत कर सकते है। गोष्ठी में कमलेश कुमार ,तकनीकी सहायक प्रवीण राजपूत,सतेंद्र सिंह राजावत , सुरजन सिंह पाल ,लालमणि दुबे ,अनिल तिवारी ,रमेश चन्द्र तिवारी ,टीकाराम पाल मौजूद रहे।

सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं आज से

हाईस्कूल में 22,637 व इंटरमीडिएट में 19,680 परीक्षार्थी हैं पंजीकृत

बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

10 सेक्टर में जिले को बांट दिया गया है

15 मिनट पहले छात्रों को पहुंचने की दी हिदायत

अमृत विचार। जिले में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाएं आज यानि 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इसको लेकर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। जिले में 73 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं होंगी। तैयारियों को लेकर देर रात तक अधिकारी जुट रहे। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराये जाने के लिए सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तैनात कर दिये गये हैं।

बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न हो, इसके लिए विभाग ने चार जोन, 10 सेक्टर में जिले को बांट दिया गया है। जिले में इस बार 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें हाई स्कूल के 22637 तथा इंटरमीडिएट के 19680 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। परीक्षा को सकुशल संपन्न करने के लिए सभी केंद्रों पर पर कड़ी निगरानी की जाएगी। जिससे कोई भी केंद्र पर नकल जैसी शिकायत न मिल सके। विभाग ने इसके साथ सचल दल केंद्र व्यवस्थापक के साथ कक्ष निरीक्षकों को तैनात कर दिया है। सभी कक्ष शिक्षकों को समय से 15 मिनट पहले पहुंचने की हिदायत दी गई है। सभी केंद्रों पर स्कूल के भीतर तथा स्कूल के बाहर एक बोर्ड लगाकर परीक्षार्थियों के रोल नंबर और कक्ष संख्या अंकित कर दिये गये हैं।

20 परीक्षार्थी पर लगेगी एक कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी

जिला विद्यालय निरीक्षक श्याम प्रकाश यादव ने बताया प्रत्येक स्कूल में 20 छात्राओं पर एक कक्षा निरीक्षक की ड्यूटी निर्धारित की गई है। यदि कमरे में इससे ज्यादा छात्र होते हैं तो दो कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को समस्याओं से जूझना ना पड़े और उन पर कड़ी नजर भी रखी जा सके।

तीसरी आंख की देखरेख में होगी परीक्षा

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया सभी विद्यालयों के केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा दुरुस्त करने के आदेश पहले ही दिए गए जा चुके थे। तीसरी आंख की देखरेख में परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराई जायेगी। सभी स्कूलों की सीसीटीवी से कनेक्टिविटी केंद्र व्यवस्थापक के सामने डिस्प्ले पर होगी। इसके साथ ही सभी स्कूल की जानकारी विभाग के कंट्रोल रूम पर भी दिखाई देगी। प्रत्येक स्कूल के सभी कैमरे सुचारू रूप से संचालित होने चाहिए। केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्कूलों को निर्देशित कर दिया गया है। किसी भी कमरे का कोई भी कैमरा बंद नहीं होना चाहिए सभी फोटो साफ दिखनी चाहिए। सभी कमरों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। यदि इस प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

> इस बार बोर्ड परीक्षाओं के लिए 73 परीक्षा केंद्र बने हैं। सभी केंद्रों पर परीक्षा नकल विहीन सुचिता पूर्ण संपन्न हो। इसकी तैयारी विभाग द्वारा कर ली गई है। इसके लिए जिले को चार जोनल मजिस्ट्रेट और 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सचल दल का गठन कर दिया गया है। जिससे शासन की मंशा के अनुरोध परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। सभी विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे सही ढंग से संचालित के आदेश दिए गए हैं।
>
> – श्याम प्रकाश यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक

अजीतमल तहसील में बनाए गए 14 परीक्षा केंद्र

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

● कैमरों की निगरानी में रखे गये हैं प्रश्नपत्र

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र अंतर्गत हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से शुरू हो रही है। अजीतमल में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

श्री जनता इंटर कॉलेज अजीतमल में हाईस्कूल के 509 और इंटरमीडिएट के 461 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जबकि श्री जन सहयोगी इंटर कॉलेज अमावता में हाईस्कूल के 251, इंटरमीडिएट के 237, जनता इंटर कॉलेज विरूहनी के हाईस्कूल में 222 इंटरमीडिएट में 210, शिव इंटर कॉलेज हैदरपुर हाई स्कूल के 204 इंटरमीडिएट के 228, जिला पंचायत इंटर कॉलेज मुरादगंज हाई स्कूल के 379 इंटरमीडिएट के 311 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं, सर्वोदय इंटर कॉलेज सांफर में हाईस्कूल के 453, इंटरमीडिएट के 256, श्री नारायण इंटर कॉलेज बडेरा हाईस्कूल के 159, इंटरमीडिएट के 180 परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। विजय शंकर शांति देवी उच्च माध्यमिक विद्यालय बहादुरपुर ऊंचा हाई स्कूल के 213 इंटरमीडिएट के 173, जे एन एस डी कॉलेज ऊंचा हाई स्कूल के 279 इंटरमीडिएट के 250, एकलव्य उच्च माध्यमिक विद्यालय बल्लापुर हाई स्कूल में 336 इंटरमीडिएट में 194, बाल विकास इंटर कॉलेज बाबरपुर हाई स्कूल में 366 इंटरमीडिएट में 147, बहादुर सिंह राम बेटी कॉलेज मुरादगंज हाई स्कूल में 215 इंटरमीडिएट में 168, पंडित बाबूराम पांडे एकेडमी बीसलपुर अयाना हाई स्कूल में 152 इंटरमीडिएट में 158 और आर एन एस जे डी गवर्नमेंट इंटर कॉलेज आयना हाई स्कूल में 332 इंटरमीडिएट में 346 कुल मिलाकर 14 सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें हाई स्कूल में 4070 और इंटरमीडिएट में 3319 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र पहुंच चुके हैं जिनको कैमरे की निगरानी में रखा गया है।

ठेकेदार पर रुपये न देने का लगाया आरोप

बिधूना, औरैया। विकास खंड क्षेत्र की ग्राम रामपुर बामपुर में पानी की टंकी के निर्माण कार्य में मजदूरी पर कार्य करने आये श्रमिकों ने ठेकेदार पर मजदूरी के बकाया लगभग ढाई लाख रुपये न दिये जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने श्रमिकों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

बुधवार को हरदोई जनपद के ग्राम पहुंचेरा निवासी धर्मेंद्र कुमार पुत्र त्रिमोहन ने अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ कोतवाली में पहुंचकर कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह गोरखपुर निवासी ठेकेदार प्रबल प्रताप सिंह के कहने पर विकासखंड क्षेत्र बिधूना की ग्राम पंचायत रामपुर रामपुर में हो रहे पानी की टंकी के निर्माण कार्य में अपने एक दर्जन से अधिक साथियों के साथ मजदूरी का कार्य करने आया है। कहा कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों के 2, 47,300 बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिससे सभी मजदूर भूखों मरने की कगार पर है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित श्रमिकों की तहरीर पर मामले की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर दोषी पाए जाने पर ठेकेदार के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सार-संक्षेप

कम्युनिटी लंच का अवलोकन करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

कम्युनिटी लंच में बच्चों ने मिल बांटकर किया भोजन

औरैया। बुधवार को गेल डी.ए.वी. मॉडल स्कूल में कम्युनिटी लंच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत कक्षा- 1 से लेकर कक्षा- 5 तक के बच्चे अपने-अपने घरों से अलग-अलग राज्यों के प्रसिद्ध व्यंजन बनाकर लाए थे। जिसमें कक्षा एक व कक्षा दो के बच्चे नो फायर फूड, कक्षा तीन के बच्चे महाराष्ट्रीयन व पंजाबी, कक्षा चार के बच्चे तमिलनाडु व उत्तर प्रदेश तथा कक्षा 5 के बच्चे गुजराती व राजस्थानी व्यंजन बनाकर लाए थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारत के विभिन्न व्यंजनों तथा मोटे अनाज के बारे में जागरूक करने का था। इस गतिविधि के द्वारा बच्चों ने एक- दूसरे के साथ मिल बांट कर भोजन करना सीखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपांविता सेन गुप्ता ने मौजूद रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य सौभाग्य सिंह तोमर ने छात्रों के बीच कम्युनिटी लंच के महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधि करने से बच्चों में सामाजिक मूल्यों का विकास होता है।

क्रासिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

फाटक न खुलने से लगा भीषण जाम

अछल्दा (औरैया)। अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार दोपहर रेलवे फाटक देर से खुलने के चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ जाम लगने से वाहनों की कतार लग गई। जिसके चलते लगभग 20 मिनट लोगों को जाम की झाम झेलना पड़ा। दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर दोपहर 02:10 बजे गेट बंद हुआ। जिसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 20 मिनट फाटक बंद रहने के बाद गेट दोपहर 02:30 बजे खोला गया। गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके। वहीं, जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम की सूचना थाना प्रभारी भूपेंद्र राठी को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

पार्टी कार्यालय पर मौजूद भाजयुमो पदाधिकारी। अमृत विचार

भाजयुमो सभी मंडलों के गांवों में करेगा युवा चौपाल

औरैया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर ने जिला, मंडल के पदाधिकारियों से युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में 24 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल जिले के हर गांव व मंडल में लगेगी। जिसके माध्यम के केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में हुई भाजयुमो की जिला स्तरीय बैठक में जिलाध्यक्ष मोनू सेंगर ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर युवा चौपाल का आयोजन महत्वपूर्ण है। चौपाल के माध्यम से केंद्र की मोदी व राज्य की योगी सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। जिले के सभी मंडलों में यह कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें की युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करें। कहा कि मिशन 2024 में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को पूरे समर्पण के साथ कार्य करना है। ताकि केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार को सत्ता में लाया जा सके। भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रवासी डा शिव वीर सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि युवा चौपाल कार्यक्रम में आगामी लोक सभा चुनावों के लिए पार्टी के लिए मील का पत्थर साबित होगा। जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। बैठक में अंकुर तिवारी व शीलू कुशवाह (जिला महामंत्री), आशीष तिवारी, मनीश भारतीय, पियूष चतुर्वेदी, आकाश तिवारी, आशीष सेंगर, रवि सेंगर, दीपक पुरवार, शिवम राजपूत, राम जी मिश्रा, अखिलेश सिंह, राहुल नायक, राजा भदौरिया, सानू चौहान आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

स्वच्छता ग्राहियों ने जताया आक्रोश

ककोर, औरैया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वच्छता ग्राहियों ने आज अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में एकत्रित हुए। प्रदेश सरकार के वादाखिलाफी पर आक्रोश जताया।

डीएम को संबोधित ज्ञापन में स्वच्छाग्रहियों ने बताया कि वह सभी ने संपूर्ण उत्तर प्रदेश को खुले से शौच मुक्त बनाने के लिए अपनी जीजान लगाकर मेहनत की। उन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार किया। अब उत्तर प्रदेश में खुले शौचालय से मुक्त बनाकर ओडीएफ घोषित भी हो चुका है। वर्तमान समय में प्रदेश के सभी स्वच्छाग्रही अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में भानु प्रकाश, राजीव कुमार, सुशील ज्ञानवती रहीं।

नवजात की सुरक्षा में गोल्डन वन मिनट का बताया महत्व

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● सही जानकारी शिशु मृत्यु दर कम करने में कारगर

● स्टाफ नर्स व एएनएम को दिया जा रहा प्रशिक्षण

अमृत विचार। नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक उपचार व देख-रेख से संबंधित जानकारी देने के लिए बुधवार को 100 शैय्या जिला संयुक्त चिकित्सालय में नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत स्टाफ नर्स एएनएम का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को बताया गया कि कैसे बच्चे के पैदा होते ही शुरुआती गोल्डन एक मिनट का सदुपयोग करते हुए नवजात को सुरक्षित रखा जा सकता है और उसकी जान बचाई जा सकती है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अलग अलग बैच में किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक प्रखंड से कुल 24 स्टाफ नर्स व एएनएम को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण अस्पताल के चिकित्सकों व यूपीटीएसयू संस्था के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। इस दौरान सिक न्यू बॉर्न केयर इकाई (एसएनसीयू) में ले जाकर प्रैक्टिकल भी दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ सुनील कुमार वर्मा ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया। सीएमओ ने बताया कि शिशु के जन्म के बाद का एक मिनट गोल्डेन टाइम माना जाता है। इस एक मिनट में बच्चे का रोना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिशु मृत्यु का सबसे बड़ा कारण सही समय पर उपचार एवं जानकारी का आभाव है। अगर जन्म के तुरंत बाद शिशु की सही देखभाल और उपचार की जाए तो निश्चित तौर पर शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। डॉ. शिशिर पुरी ने कहा कि मानव जीवन को खुशहाल बनाने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिशु किसी भी परिवार में खुशी का अभिन्न अंग होता है। शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सेवा अच्छी होनी चाहिए। बेहतर सेवा के लिए जानकारी जरूरी है।मुख्य प्रशिक्षक डॉ जयबीर ने बताया नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य शिशु परिचर्चा और पुनर्जीवन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जन्म के समय परिचर्चा हाइपोथर्मिया से बचाव, स्तनपान शीघ्र आरंभ करना तथा बुनियादी नवजात पुनर्जीवन के लिए किया गया है।

वरिष्ठ सलाहकार व मुख्य प्रशिक्षक डॉ. जसवंत रतनाकर ने बताया नवजात में जन्म श्वासरोधक होने का मुख्य कारण बच्चे के मुंह में गंदा पानी के चले जाने के कारण होता हैं। उन्होने बताया कि ऐसे में इस समस्या से बचाव के लिए बच्चे कि स्थिति बदल देनी चाहिए ताकि बच्चा उल्टी कर सकें और गंदा पानी बाहर निकल सकें। यूपीटीएसयू संस्था के विशेषज्ञ डॉ गौरव ओझा ने बताया जन्म के शुरुआती एक घंटे के भीतर शिशुओं के लिए स्तनपान अमृत समान होता है। यह अवधि अधिक महत्वपूर्ण है। यह कि शुरुआती दो घंटे तक शिशु सर्वाधिक सक्रिय अवस्था में होता है।

प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान करते सीएमओ। अमृत विचार

राइजिंग क्वींस ने जैन मंदिर में किया शांति पाठ

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

● जैन गुरु विद्यासागर को 51 दीपक के साथ दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर को आज उनके भक्तों ने जैन मंदिर पहुंचकर एक शांति सभा का आयोजन किया।

संत विद्यासागर ने अपने पूरे जीवन काल में लोगों की भलाई के लिए जीवन अपना समर्पित कर दिया। उनके देव लोग जाने पर आज सुबह प्रार्थना की गई। सुबह से भक्तों का आना शुरू हो गया। उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान गंगा को लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जैन गुरु ने अपने जीवन काल के बचपन में ही जैन धर्म की दीक्षा ले ली थी। इसके बाद अपना संपूर्ण जीवन मानव हित में बलिदान कर दिया। भक्त लोग आज भी उसकी प्रेरणा से लोगो का भला करने का प्रयास कर रहे हैं। जायंटस ग्रुप फाउंडेशन की प्रेसिडेंट रितु चंदेरिया की अगुवाई में एक शोक सभा की गई जिसमें गुरु को ध्यान किया गया और उनके बताए सत मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जैन समाज से सुरेश जैन, पदम जैन, पुंजराज, जयंती जैन, सपना गुप्ता, नीता जैन, आदि मौजूद रहीं।

क्विज प्रतियोगिता में अव्वल आये बच्चे हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट तुर्कीपुर में ब्लाक स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। ब्लाक के उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा 6, 7, 8 के छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद जनपद स्तर पर प्रतिभाग के लिए 10 बच्चों का चयन किया गया। 10 अव्वल आये बच्चों में कुमारी काजल कंपोजिट विद्यालय तिवरलालपुर, दिव्या यूपीएस बबाईन, अवनीश कुमार यूपीएस सिहौली, आर्यन तालेपुर, गुलशन तुर्कीपुर, अशनेहा महारतपुर, सत्यम फरिहा, अंतरा धमसेनी, राज रौतियापुर, कपिल कुमार बमुरीपुर रहे। सदर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय तुर्कीपुर कंपोजिट में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन चरणों में कराई गई। इसमें 148 छात्र-छात्राओं में से प्रथम चरण की परीक्षा के बाद 100 का चयन किया गया। जबकि दूसरे चरण में चयनित छात्र-छात्राओं को तीसरे चरण में भेज कर साक्षात्कार के माध्यम से 10 बच्चों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने कहा कि अव्वल आये बच्चे जनपद स्तर पर भी अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करें।

कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षक सत्यम दुबे ने किया। इस दौरान एआरपी ओम नारायण दुबे, अतुल मिश्रा, वंदना चतुर्वेदी, आशीष मिश्रा, सचिन दुबे, विकास सक्सेना, अनुपम कुशवाह, राकेश कुमार, रीता दुबे, नीतू, विशाल सिंह, जितिन शर्मा, अखिलेश द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

पुरस्कृत मेधावी बच्चों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह। अमृत विचार

किसान दिवस के मौके पर अपनी समस्याएं बताते किसान। अमृत विचार

तैयारी जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए जरूरी दिशा निर्देश

लोकसभा चुनाव : टीम भावना के साथ जिम्मेदारी निभाएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नामित नोडल व सहायक नोडल व प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अपने - अपने कार्य के लिए निर्धारित संख्या में कार्मिकों की टीमों का गठन कर लें और स्वयं सतत निगरानी करके कार्य की समीक्षा करते रहें, जिससे किसी भी स्थान पर कोई अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाये।

डीएम नेहा प्रकाश ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई अव्यवस्था नजर आती है तो टीम भावना के साथ कार्य करते हुए उसका निदान करें। कहा कि सभी संबंधित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करे इसके लिए अभी से अपनी- अपनी टीम के साथ मिलकर नामित कार्यों पर विचार विमर्श कर उसकी कार्य योजना बना लें, जिससे आवश्यकता पड़ने पर निराकरण के लिए उसको अमल में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि इसमें यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाये और अपने-अपने कार्य को निष्पक्ष होकर पूर्ण करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि निष्पक्षता आमजन को भी दिखें। उन्होंने कहा कि कार्यों को संपन्न करने के लिए समय रहते प्रारंभ कर दें, जिससे किसी भी कार्य में विलंब न हो और आसानी से समय रहते सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर बरती गई शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य के दौरान प्रपत्रों पर की जाने वाली कार्यवाही साफ और सुस्पष्ट हो, जिससे किसी के द्वारा आवश्यकता पड़ने पर पढ़ा जा सके। निर्वाचन कार्य को सभी के सहयोग से मिलकर पूर्ण कराना होगा इस लिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें, जिससे यह कार्य सकुशल संपन्न हो सके। मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रभारी अधिकारी आवश्यकता अनुरूप अपने अपने सहयोगी के रूप में नामित करने वाले अधीनस्थ का नाम उपलब्ध करा दे जिससे संबंधित को अन्य जिम्मेदारी से मुक्त रखा जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील कुमार वर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

बैठक के दौरान निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

डीएम ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम व वीवीपैट व कंट्रोल यूनिट के स्ट्रांग रूम का वाहय निरीक्षण किया। संबंधितों को निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों को निर्धारित समय के अनुरूप नामित किया जाये। जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई शिथिलता न हो और परिसर की पर्याप्त साफ सफाई सुनिश्चित रखी जाये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न होने पर उसमे प्रगति लायें

औरैया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, जिला अनुश्रवण पुस्तिका से संबंधित विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने कार्यों की स्वयं समीक्षा करे और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न पाये जाने पर उसमें प्रगति लाये, जिससे परियोजना समय से पूर्ण हो और कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य के अनुरूप पात्रों को लाभ प्राप्त हो सके। डीएम नेहा प्रकाश ने समीक्षा के दौरान शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी परियोजनाओं का समय से लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया और कहा कि जिस कार्य में विलंब हो रहा है। उसकी संबंधित विभागीय अधिकारी सतत समीक्षा कर समय से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें, जिससे परियोजना की उद्देश्य पूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी है। उनका हस्तांतरण आदि की कार्यवाही कर उदघाटन करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अभिषेक यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन प्रसाद मौर्य सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

किसान दिवस में बेहतर किसानी के बताये गुर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● विकास भवन में किसान दिवस का हुआ आयोजन

अमृत विचार। विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस पर किसान सम्मान निधि एवं कृषि यंत्रीकरण योजना के बारे में बताया गया।

जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ऐसे कृषक जिनका अभी तक ई-केवाईसी, लैण्ड सीडिंग अवशेष है। वह शीघ्र ही जन सेवा केंद्रों से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करायें, जिससे उन्हें अगली किस्त का लाभ प्राप्त हो सके। कृषि विज्ञान केंद्र गुवारी के वैज्ञानिक डॉ. अनन्त कुमार द्वारा कृषकों को कृषि विविधीकरण अपनाने की सलाह देते हुए मधुमक्खी पालन, पशुपालन एवं उद्यानिक फसलों के बारे में अवगत कराते हुए जायद में मूंग एवं मक्का की खेती के बारे में तकनीकी जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर रश्मि यादव ने फसलों के प्रसंस्करण एवं मूल संवर्धन के बारे में अवगत कराते हुए कृषकों को मिलेटस (श्री अन्न) के महत्व एवं उससे बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

तथा राजकीय बीज भंडारों पर जायद के लिए मूंग, उर्दू एवं मक्का बीज की उपयोगिता के बारे में भी अवगत कराया गया। किसान दिवस में डॉ. रश्मि यादव कृषि वैज्ञानिक, हिमांशु रंजन श्रीवास्तव उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, सुनील कुमार मौजूद रहे।

एक नजर

सीबीएसईः 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

अमृत विचार लखनऊ : केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षायें जारी हैं। बुधवार को दसवीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये।

22 को वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। इस दौरान उनके भव्य स्वागत की तैयारी है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने के साथ वे 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। चुनाव की घोषणा से पहले यह उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी दौरा होगा।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू अतिथि गृह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

दूध की धारा पूर्वांचल के लगभग 1346 गांवों में लाएगी रोजगार

23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का उद्घाटन करेंगे। परियोजना से करीब एक लाख लोगो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके शुरू होने से पूर्वांचल के किसानों व गो पालकों की आय भी दोगुनी होगी। लोग दूध के साथ मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोआ, घी और अन्य मिल्क प्रोडक्ट का स्वाद चख सकेंगे। इसमें बनारस का ख़ास लौंगलता और लाल पेड़ा भी होगा। 622 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को किया था। बनास डेयरी अमूल इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण करखियांव, एग्रो पार्क में 30 एकड़ में हुआ है।

लोकसभा चुनाव का करेंगे शंखनाद, 14316.07 करोड़ की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात

हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा

विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गई स्पेशल बसे

ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई : शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

ये होगा पहली बार

- कक्षों में लगाए गए लगभग 3.11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।
- उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।
- क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कई पूर्व सांसद-विधायक

शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा अंकुर वर्मा व उनके अंकुर वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

भाजपा मुख्यालय पर सपा व बसपा के पूर्व विधायक व सांसद को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य व अन्य। अमृत विचार

कई दिग्गजों समेत विरोधी दलों के तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी बने भाजपाई

80 सीटें जीतने को मिलकर करेंगे कामः भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेगें।

रायबरेली की जनता भी उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

गांव में सेवाएं देने पहुंचेगी टीएमटी मेडिकल बस

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दंत परीक्षण एवं चिकित्सा, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा, इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे।

आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बिस्तर का अस्पतालः दुर्गा शंकर मिश्र

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन(नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है।

इलाज के साथ ही शोध को मिलेगा बढ़ावा

मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया। उन्होंने पोर्टल-आधारित डेटा एनालिटिक्स और 150 से अधिक अस्पतालों में 16 सीसीटीवी कैमरों के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक के द्वारा हम प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं की 24 घंटे निगरानी रख रहें हैं।

कॉन्क्लेव में मध्य प्रदेश के डॉ. पंकज जैन समेत लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों ने भी संबोधित किया।

लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा

सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय

2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

वर्ग पहेली-350

बाएं से दाएं

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गडुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।

8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

ऊपर से नीचे

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



वर्ग पहेली - 349 का हल

1 बें	च		2 घ	
		3 तु	ड़	वा	4 ना
5 छ	ठी		घ		ली
ल			ड़ा		क
6 का	रा	गृ	ह		
री			7 ट	कु	ली
	8 ज	ड़ी			

सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		6		8			1	
5			1		6		4	
9					7			2
		8	3					6
		2				9		
4			6		5	7		
			9		2			5
	7							3
	6			1		2		

सुडोकू - 66 का हल

5	6	1	9	8	3	7	2	4
4	2	8	6	5	7	3	1	9
9	7	3	4	1	2	5	6	8
1	9	5	3	2	8	6	4	7
3	4	2	7	9	6	8	5	1
6	8	7	5	4	1	9	3	2
2	1	9	8	3	5	4	7	6
7	3	4	2	6	9	1	8	5
8	5	6	1	7	4	2	9	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

मेष आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

वृष आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

मिथुन आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

कर्क आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

सिंह आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

कन्या आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

तुला आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

वृश्चिक आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

धनु आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

मकर आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

कुंभ आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

मीन आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	परदेसी बाबू सुबह : 10.00	SONY PIX	इट सुबह : 11.29
	सीता और गीता रात : 07.00		स्पाइडर मैन-2 रात : 08.45
SONY SMAX	बेफ़िक्रे सुबह : 09.00	ZEE CINEMA	एक : द पावर ऑफ वन सुबह : 10.30
	स्ट्रीट डांसर थ्री डी रात : 07.00		टॉयलेट - एक प्रेम कथा रात : 07.30
			खूबसूरत दोपहर : 12.09
		colors CINEPLEX	मद्रास कैफे रात : 10.28

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अरेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

सीमा परिहार समेत चार को चार साल की कैद

कोर्ट ने पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, 30 साल पहले के मामले में कोर्ट ने दिया फैसला

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिले में दस्यु सुंदरी सीमा परिहार समेत चार आरोपियों पर फिरौती के लिए अपहरण के मामले में दोष सिद्ध हो गया है। बुधवार को हुई पेशी में कोर्ट ने चारों दोषियों को चार-चार साल की सजा सुनाई। साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। पेशी पर आने के दौरान दस्यु सीमा परिहार ने कहा कि मुझे कोर्ट पर विश्वास है, जिस तरह से न्याय मिलता आया है, अभी भी मिलेगा। जिस कार्य को मैंने किया ही नहीं, उसके लिए कोर्ट मुझे न्याय देगा।

दस्यु के रूप में आतंक का पर्याय रहीं सीमा परिहार दस्यु जीवन छोड़कर फिल्मों व टीवी के पर्दों पर सुखियां बटोरती रहीं। उन्होंने राजनीति में भी दांव आजमाए। हालांकि राजनीति में वह सफल नहीं हो सकीं। 30 साल पहले दस्यु लालाराम गिरोह के साथ सदर कोतवाली के गांव गढ़िया बक्सीराम से की गई एक पकड़ के मुकदमे में उनकी मुसीबतें बढ़ गईं। मामले में 20 फरवरी को दोष सिद्ध होने के बाद दोषियों को जेल भेज दिया गया था। बुधवार की तिथि सजा सुनाए जाने के लिए सुरक्षित की गई थी। अब उन्हें सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल ने बताया कि 19/ 20 मार्च 1994 की रात्रि 12.30 बजे की यह घटना कोतवाली औरैया में पंजीकृत हुई थी। ग्राम गढ़िया बक्सीराम निवासी श्रीकृष्ण त्रिपाठी पुत्र रामसनेही ने रिपोर्ट लिखाई कि उसका भाई प्रमोद (25) अपने ट्यूबवेल पर खेतों में पानी लगा रहा था। तभी रात्रि 12.30 बजे 10-15 सशस्त्र बदमाश ट्यूबवेल पर आए और दरवाजा खुलवाकर प्रमोद कुमार त्रिपाठी को पकड़कर अजनपुर की तरफ चले गए। बाद में गिरोह की पहचान दस्यु लालाराम , सीमा परिहार आदि के रूप में हुई। थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज हुआ। बाद में यह पकड़ किसी तरह से गिरोह के चंगुल से छूट कर घर आई तथा दी गई जानकारी पर यह मुकदमा आरोप पत्र के आधार पर न्यायालय में सुना गया। पहले यह मामला इटावा में चला, बाद में औरैया जिला बनने पर औरैया न्यायालय ट्रांसफर हुआ। दस्यु सरगना लालाराम की मौत हो चुकी है। सीमा परिहार, रामकिशन उर्फ किशना, छोटे सिंह व अनुरुद्ध के खिलाफ दोष सिद्ध होने के बाद सजा सुनाई गई है। सीमा परिहार व उसके गिरोह के सदस्य रहे तीनों साथियों को अपहरण के मामले में कोर्ट ने चारों आरोपियों को चार-चार साल कैद और पांच-पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पेशी के दौरान जिला न्यायालय में जातीं सीमा परिहार। अमृत विचार

जिला न्यायालय में पेशी के दौरान मौजूद दोषी। अमृत विचार

पीड़ित के घर के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। अमृत विचार

तीमारदारों पर दर्ज कराया बवाल का केस

सैफई, इटावा। 10 दिन पहले तीमारदारों ने उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के डाक्टरों तथा स्टॉफ पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया। इस पर स्टॉफ ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी । तब कुलसचिव ने सक्रिय होकर 15 से 20 अज्ञात तीमारदारों के खिलाफ बवाल करते हुए मारपीट, तोड़फोड़ लूट करने का मुकदमा दर्ज कराया। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के ट्रामा सेंटर में 12 फरवरी को मार्ग दुर्घटना में घायल अशोक नाम के मरीज को लाया गया था। इलाज में देरी होने का आरोप लगाते हुए उसके साथ आए तीमारदारों ने आक्रोश व्यक्त किया तो मारपीट हो गई। जिला मैनपुरी के तीमारदारों ने एसएसपी संजय वर्मा से फरियाद करके डाक्टरों के स्टॉफ के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा 14 फरवरी को दर्ज करा दिया था । पुलिस ने जांच शुरू की तो डाक्टरों ने स्टॉफ के साथ तीमारदारों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर कार्य बहिष्कर की चेतावनी दी। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान के कुलसचिव डॉ चंद्रवीर सिंह ने मरीज अशोक के 15 से 20 तीमारदारों के खिलाफ बुधवार को थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

बैठक में भाग लेते बीडीओ राजकुमार एवं अन्य। अमृत विचार

विद्यालय हित में कंपोजिट ग्रांट का उपयोग करें

संवाददाता सैफई, इटावा

- समस्त परिषदीय प्रधानाध्यापकों की हुई आवश्यक बैठक

अमृत विचार। क्षेत्र पंचायत सभागार सैफई में कंपोजिट ग्रांट उपयोग के संबंध में समस्त परिषदीय प्रधानाध्यापकों की आवश्यक बैठक हुई।

बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी नवाब सिंह ने बच्चों एवं विद्यालय हित में समस्त नियमों का पालन करते हुए सुनिश्चित करने का आदेश दिया। विद्यालय का नियमानुसार अनुरक्षण ऑपरेशन कायाकल्प के बिंदुओं / पैरामीटर का अनुरक्षण मल्टीपल हैंडवाश शौचालय की साफ सफाई आदि का विशेष ध्यान रखा जाए। खंड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि कई विद्यालयों में पर्याप्त ग्रांट नहीं है। फिर भी विद्यालय को घर समझते हुऐ कार्य करें तो विद्यालय जरुर अच्छा बनेगा। एसआरजी राम जन्म सिंह द्वारा निपुण भारत मिशन की गतिविधियों पर चर्चा की गई।

बैठक में एआरपी कृष्ण चंद्र, एआरपी नसीब, प्रधानाध्यापक विपिन पाल सिंह, प्रधानाध्यापक योगेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापक आरती यादव, किरण यादव, प्रधानाध्यापक अर्चना यादव, प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक मनीष पाल आदि मौजूद रहे

सुलह समझौते से निपटायें वाद : जज

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ व उच्च न्यायालय द्वारा भेजे गए प्रचार वाहन को बुधवार को औरैया जिला न्यायालय से जनपद न्यायाधीश गिरीश कुमार वैश्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन के माध्यम से जिले में लोगों को 9 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ कानून के विविध प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर आपस के वाद विवादों के निस्तारण से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करने के लिए एक प्रचार वाहन को बुधवार को जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गिरीश कुमार वैश्य द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला जज गिरीश कुमार वैश्य ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से आपसी सुलह समझौते के माध्यम से वादकारियों को जल्द सुलभ न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री लिटिगेशन वैवाहिक वाद विवाद सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले चेक बाउंस से संबंधित 138 एन आई एक्ट एवं बैंक रिकवरी मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद बिजली एवं जल के विल से संबंधित सामान्य दंड वाद राजस्व वाद एवं सिविल वाद आर्बिट्रेशन से संबंधित इजराय वादों का सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा।

इस मौके पर मनराज सिंह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा आदि कई न्यायिक अधिकारियों के साथ कार्यालय प्रभारी ऋक्षभ पोरवाल, दिलीप कुमार, पैनल लायर्स दीपचंद आदि रहे।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज गिरीश वैश्य। अमृत विचार

महिला प्रधानों को सिखाया जायेगा विकास के गुर

ककोर, औरैया। जिले में सभी ब्लॉकों की महिला ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की गई है। यह प्रशिक्षण कल भाग्यनगर के सभी ग्राम महिला प्रधानों को औरैया ब्लॉक में दी जाएगी। इसके साथ ही 22 और 23 फरवरी को सहार, बिधूना, अछल्दा, एरवाकटरा ब्लॉक के ग्राम प्रधान को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण में 13 फरवरी के आदेश अनुसार महिला ग्राम प्रधानों का दो दिन अनावासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में सभी ग्राम महिला प्रधानों को गांव में अधिक से अधिक विकास करने के लिए तथा अन्य योजना को ग्राम पंचायत स्तर पर लागू हो। जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को फायदा मिले।

बिजली मीटर में छेड़छाड़ करने वाला धरा गया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। बिजली के मीटरों में छेड़छाड़ करके उनकी गति कम करने और बाईपास करके बिजली चलाने का काम करने वाले एक व्यक्ति को बुधवार को बिजली विभाग की टीम ने रंगे हाथ पकड़ लिया। इसकी सूचना पर एसडीओ लाइनपार गगन अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ उसे धरपकड़ा।

बुधवार को बिजली विभाग को सूचना प्राप्त हुई कि मीटर बैक करने वाला एक व्यक्ति एक स्थान पर मीटर बैक कर रहा है। इस पर तत्काल उपखंड अधिकारी फ्रेंड्स कॉलोनी गगन अग्निहोत्री अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उस मुन्ना भाई को रंगे हाथों मीटर से छेड़छाड़ करते हुए पकड़ लिया। यह उस समय लाइनपार क्षेत्र में वैभव बिहार में मीटर बैक करने के काम में जुटा था। उसने अपना नाम रिंकू उर्फ रामाधार पुत्र रामकुमार शर्मा बताया। विभागीय टीम व विजीलेंस ने उससे पूछताछ करने के बाद उसके घर के साथ-साथ दो और घरों को चेक किया गया। इस चेकिंग में मीटर, रिमोट व अन्य सामग्री, मीटर से छेड़छाड़ करने वाली सामग्री बरामद की गई। अब रिंकू उर्फ रामाधार पुत्र रामकुमार शर्मा तथा उसके अन्य साथियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल, अधिशासी अभियंता श्री प्रकाश, अधिशासी अभियंता परीक्षण हाकिम सिंह, सहायक अभियंता मीटर विवेक कुमार, उपखण्ड अधिकारी गगन अग्निहोत्री, आनन्द पाल अवर अभियंता राजेन्द्र सिंह, श्री राजकमल व संविदा कर्मचारी सुशील, मनोज सक्सेना, ब्रहानंद मौजूद रहे।

इस बीच मुख्य अभियंता कानपुर ने संविदा कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा लागू प्रोत्साहन योजना के बारे में चर्चा कर थ्रू रेट बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

पकड़ा गया व्यक्ति व साथ में खड़े एसई संदीप अग्रवाल, एक्सईएन श्री प्रकाश व एसडीओ लाइनपार गगन अग्निहोत्री। अमृत विचार

सीओ अतुल प्रधान के विदाई समारोह में मौजदू पुलिस कर्मचारी। अमृत विचार

क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान को दी विदाई

संवाददाता, जसवंतनगर, इटावा

अमृत विचार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने यहां तैनात क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान का स्थानांतरण भरथना और भरथना के क्षेत्राधिकारी विवेक जावला का स्थानांतरण जसवंतनगर किया है।

बुधवार को क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान को पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों ने फूल माला अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न देकर भावभीनी विदाई दी। उपस्थित क्षेत्रीय लोगों ने एक स्वर में कहा कि यहां उन्नीस महीने की तैनाती में आपने कर्तव्यनिष्ठा और पारदर्शिता पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। विदाई समारोह में थानाध्यक्ष कपिल दुबे, एसएसआई मनोज कुमार, सिटी इंचार्ज इमरान फरीद, उप निरीक्षक संत कुमार के अलावा क्षेत्राधिकारी कार्यालय और थाने का समस्त स्टाफ, सपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, विनोद यादव, विनय पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय यादव बिंदु, श्रेयस मिश्रा, पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

विद्या सागर महाराज को दी गई श्रद्धांजलि

इटावा। प्रेम और त्याग के प्रतीक आचार्य विद्या सागर महाराज एक प्रख्यात दिगंबर जैन आचार्य थे। वह हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, मराठी, कन्नड़ आदि कई भाषाओं में पारंगत थे। यह देश के एक मात्र मुनि थे, जिन्होंने सबसे अधिक करीब 350 से अधिक लोगों को दीक्षा दी थी। यह बात श्री सत्य नारायण समाज सेवा संस्थान की अध्यक्ष डॉ.ज्योति वर्मा ने पक्का तालाब के पास जैन मुनि विद्या सागर की श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विद्यासागर महाराज को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में ब्रह्मांड देवता के रूप में सम्मानित किया गया। ऐसे ज्ञानी संत पुरुष का संसार से विदा होना सिर्फ जैन समाज का ही नहीं बल्कि देश और समाज के लिए एक ऐसी अपूर्णीय क्षति है।

मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की शोभायात्रा में उमड़े भक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। नीलकंठ मंदिर परिसर में श्री राज राजेश्वरी कैला माता की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए बुधवार को बस स्टैंड स्थित कैला माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

इससे पूर्व नीलकंठ मंदिर में मूर्ति स्थापना कराने वाले यजमान फिल्म निर्माता एवं समाजसेवी धीरेंद्र राव चौबे ने सपत्नीक पूरे विधि विधान के साथ पहले गौरी गणेश पूजन, वेदी पूजन, फिर कैला माता की मूर्तियों (बड़ी बहन, छोटी बहन) का जलाधिवास सहस्त्र स्नान आदि कराया। इसके बाद बस स्टैंड स्थित कैला माता मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लालपुरा स्थित नीलकंठ मंदिर तक मूर्तियों को विशाल रथ पर विराजमान करके भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई।

इस अवसर पर यजमान परिवार के धीरेंद्र राव चौबे, भाजपा के जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अतुल राव चौबे, अंकुर राव चौबे, नरेंद्र राव चौबे, पल्लव राव चौबे, रोहन चौबे के अलावा अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेंद्र कुमार दीक्षित, व्यापारी नेता अनंत अग्रवाल, नीलकंठ मंदिर समिति के महामंत्री राजीव कुमार मिश्रा , सुघर सिंह यादव, राधा तिवारी, नरेश चंद्र यादव, बच्चू मिश्रा , कुलदीप आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। 22 फरवरी गुरुवार को प्रातः प्राण प्रतिष्ठा पूजन अर्चन के बाद छप्पन भोग, माता की चौकी एवं भंडारा प्रसाद का वितरण होगा।

कैला माता मंदिर से निकली शोभायात्रा में शामिल धीरेंद्र राव चौबे एवं अन्य।

मां के पीछे निकली बच्ची रास्ता भटकी

ताखा, इटावा। घर से मां के पीछे पीछे साथ चलने के लिए निकली बच्ची रास्ता भटक गई। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी सुनील कुमार शाक्य की बच्ची घर से गायब हो गई। वह अपनी पत्नी संगीता को सीएचसी सरसईनावर से दवा दिलवाने गया तभी घर से बच्ची रोते हुए साथ चलने की जिद पर घर से पीछे निकली । वह कस्बा ऊसराहार आकर रास्ता भटक गई। ऊसराहार से बिधूना की तरफ जाने लगी, एसएस मेमोरियल के आवास के सामने समाजसेवी बीपी सिंह ने रोते हुए अकेली जा रही बच्ची को अपने पास बुलाकर बैठाया और उसका नाम पूछा तो वह नहीं बता सकी। जिसपर उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुपों में बच्ची की फोटो डालकर सूचना दी तो बच्ची के पिता ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को घर लाये।

पोलिंग बूथों का किया गया निरीक्षण

जसवंतनगर, इटावा। एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कस्बे में स्थित पोलिंग बूथ भी देखे।

उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायतों की जानकारी ली। मौजूद सिपाहियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इससे पूर्व वे हिन्दू विद्यालय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, वीआरसी जसवंतनगर पहुंचे और पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। रामलीला तिराहे पर पहुंचकर राम की मूर्ति के समीप भी सीसी कैमरे लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया इसका मुख्य उद्देश्य मूर्ति के रखरखाव तथा सुरक्षा रखना है। जिससे कोई अराजक तत्व इन मूर्तियों को क्षति नहीं पहुंचा सके। उनके साथ क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान, प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मेरे पासपोर्ट में पत्नी का नाम शादमा लिखा है जबकि उनका नाम शादमा खातून है,जो सही है। पता 932 सिविल लाइन दर्ज है जबकि सही पता 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास है। **फरीद अहमद पुत्र रईस अहमद, 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास, फतेहपुर**

सूचना

मैं शीरीन फात्मा निवासी मन्सूर नगर लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे नाम की सही Spelling SHIRIN FATMA है। अतः सदैव इसे यथावत ही लिखा जाये।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र सर्वेश कुमार के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से सर्वेश को बेदखल करता हूं। **राम प्रसाद पुत्र बाबू, ग्राम बहबलपुर, हुसेनगंज, फतेहपुर**

सूचना

मेरे पॉलिसी संख्या–312145444 में मेरा नाम सूरज कुमार वर्मा लिखा गया है जो कि मेरा घर पर बुलाने वाला नाम है मेरे आधारकार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम आलोक कुमार वर्मा है जो कि सत्य व सही है। सूरज कुमार वर्मा व आलोक कुमार वर्मा मेरा ही नाम है किसी अलग–अलग व्यक्ति का नाम नहीं है।

सूचना

कम्पनी के कुछ ROC वैधानिक रिकॉर्डर्स गुम हो गए हैं। मिलने वालों को उचित इनाम। सम्पर्क करें– **कनक भवन प्रसाद सेवा प्रा0लि0, कनक भवन मन्दिर मो0 रामकोट अयोध्या। मो0 : 8218830641**

माँ भगवती महाविद्यालय
जी0टी0रोड, सलेमपुर, सिकन्दरपुर, कन्नौज
Email ID:- mbdegreecollege@gmail.com
Phone:- 9336851293, 8573055555

शिक्षण हेतु आवश्यकता है

बी0एस0सी0 – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान सहा0 आचार्य की

योग्यता एंव सेवा शर्ते यू0जी0सी0 एवम् उ0प्र0 शासन के नियमानुसार

सचिन दुबे
(प्रबन्धक)

सियासत संख्या कार्मिकों संगठनों ने भाजपा ज्वाइन करने पर दी बधाई, भाजपा की जीत की हुई भविष्यवाणी

भाजपा कार्यकर्ता साइकिल से पहुंचेंगे दिल्ली, किया स्वागत

संवाददाता बकेवर, इटावा

अमृत विचार। कानपुर के पुर्वा मीर से साइकिल यात्रा पर निकले चार भाजपा कार्यकर्ताओं का बकेवर में माला पहनाकर स्वागत किया गया।

यह यात्रा श्रीराम मंदिर निर्माण कराये जाने के उपलक्ष्य में निकाली गई है। पुर्वा मीर से भाजपा नेता निहाल सिंह, महाराज सिंह, गौरव सिंह, रमन सिंह दिल्ली पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट करेंगे । इसके बाद अयोध्या धाम में बिराजमान रामलला के दर्शन करने जाएंगे। इसके चलते कार्यकर्ता संकल्प यात्रा के तहत चल रहे हैं। जिनका स्वागत नेशनल हाईवे पर नवादाखुर्द कला निवासी छोटू सिंह, रामसिंह, सोनू चौहान, मनी चौहान, विशाल सिंह, राजा सिंह ने फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।

दिल्ली की ओर साइकिल से जाते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

एनडीए को पहले से ज्यादा सीटें मिलेंगी

इटावा। 2024 के चुनाव में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी। इस भविष्वाणी पर किसी को कोइर संदेह नहीं होना चाहिए। ज्योतिनगर निकट स्टेडियम सिविल लाइंस निवासी प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं सुशील कुमार द्विवेदी ने कहा कि विपक्ष फिर से बहुत ही कमजोर स्थिति में होगा। 2019 से भी ज्यादा सीटें उत्तर प्रदेश में भाजपा को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन यानी एनडीए की सीटें और भी ज्यादा हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे। इससे पूर्व भी पं सुशील की अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने की भविष्णवाणी के साथ योगी सरकार की वापसी की भविष्यवाणी भी सच साबित हो चुकी है।

सत्ता के सहारे कर्मचारी हित साधेंगे : हरि किशोर

इटावा। पुरानी पेंशन बहाली के लिए सपा का दामन थामने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी बुधवार को भाजपा मुख्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या एवं बृजेश पाठक की उपस्थित में अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मीडिया से बतचीत में उन्होंने कार्मिक समस्याओं पर अपना पुराना रुख कायम रखने का वादा किया। पुरानी पेंशन व्यवस्था न सिर्फ कर्मचारियों, शिक्षक समाज के लिए न सिर्फ लाभकारी है बल्कि यह सरकार के लिए भी लाभकारी है। शासन की ब्यूरोक्रेसी द्वारा तथ्यों को छिपाकर सरकार को गुमराह किया जा रहा है। श्री तिवारी के भाजपा में शामिल होने पर कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई सदेंश भेजा है।

इं. हरि किशोरी तिवारी को भाजपा में शामिल करते प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौधरी।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5200-5400
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	14600-14800
अरहरस्पेशल1	12100-12300
चनादाल	7200-7300
मटरदाल	5100-5200
मसूरमलका	6950-7000
मसूरदाल	6950-7000
उड़ददाल	9000-12000
उड़द धोवा	10500-13000
मूँगदाल	8800-10300
मूँग धोवा	9800-11500

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1430-1475

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5000-5050
अलसी	4500-4600 रुपये।

एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार: राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी: पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

केंद्र की योजना में ये जिले: बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

बढ़ेगी आय

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

ये होंगे मुख्य कार्य

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

> देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
>
> **-दीपा रंजन,** मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,900
गिन्नी (प्रति नग)	47,600-47,800
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,000
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,850
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,700
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	63,400
चांदी पक्की	723 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	73,000।

भारत में 2024 में कर्मचारियों का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नैसकॉम-एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण में लगाया अनुमान

भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2023 की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.7 प्रतिशत से थोड़ा कम है।एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी के वार्षिक वेतनवृद्धि व कारोबार सर्वेक्षण 2023-24 भारत के अनुसार, वैश्विक महामारी के बाद 2022 में उच्च वेतनवृद्धि के बाद भारत में वेतन वृद्धि एक अंक यानी 10 प्रतिशत से कम पर स्थिर हो गई है। सर्वेक्षण में करीब 45 उद्योगों की 1,414 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। भारत में एऑन में प्रतिभा समाधान के साझेदार एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत के संगठित क्षेत्र में वेतन में अनुमानित वृद्धि उभरते आर्थिक परिदृश्य के सामने एक रणनीतिक समायोजन का संकेत देती है। उन्होंने कहा-बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की वृद्धि मजबूत है। यह कुछ क्षेत्रों में लक्षित निवेश की आवश्यकता का संकेत देता है।

जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले

जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।

राष्ट्रीय

किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के मान

कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते। कहा-हरियाणा ने उन्हें क्यों रोका? वे शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की सीमाओं पर पहुंचे, अगर हरियाणा सरकार ने उन्हें नहीं रोका होता, तो वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर जा सकते थे, जहां वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते।

इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा

नई दिल्ली। अध्यक्ष राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार, अब वो फिर से उनकी जान का दुश्मन बन गया है।

दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।

बारामूला : उरी में नियंत्रण रेखा पर कमान पोस्ट पर अमन सेतु पुल की यात्रा के दौरान पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पत्नी अंजलि तेंदुलकर और बेटी सारा तेंदुलकर के साथ पहुंचे। ● एजेंसी

एक नजर

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

जम्मू। रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

लखीसराय। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला: राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

इंफाल। मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि मामला

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना

भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा, ''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

बंधन

बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

एक नजर

ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

लंदन। ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

यरूशलेम। इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

सीमा विवादः भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती

- **20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी**

क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी

इंदौर। जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके।



- **पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा**

इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

रायसीना डायलॉग 2024

नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी : पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

नीट-यूजी: पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी।

- **नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी**

जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

लंदन। पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

जागरूकता अभियान

मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

वाशिंगटन। जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपित के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

शिमला, एजेंसी

- **बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े**

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

- **कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं**
- **अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है**

अमृत विचार: हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।

प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- **महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां**

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।